माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 34-, अंक -23, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 15

कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

लखनऊ। किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।

जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

एनआरआई शादियों के लिए अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

▸▸ विधि आयोग ने की सिफारिश, बनाया जाए सख्त कानून

नई दिल्ली। विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून एनआरआई और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा, चार बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की बम बनाने की जानकारी

अमृत विचार : एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ की।

एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने इनको निष्क्रिय किया। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि डालकर बम तैयार किए गए थे। यह बोतल बम उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। जावेद ने बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरर्शी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट से ली थी। इन बम का कहां प्रयोग करना था यह इमराना ही जानती है। जावेद पहले भी इस तरह के बम बनाकर बेच चुका है।

एक नजर

पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था।

पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी, 19 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

▸▸ झांसी, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, आगरा जनपदों से दबोचे गए

अमृत विचार : एसटीएफ और मऊ तथा गाजीपुर की पुलिस टीम ने 17 और 18 फरवरी को होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा से पूर्व ही अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मऊ के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि अभ्यर्थियों को पेपर हल कराने के नाम पर ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान मऊ जिले के अमित सिंह, सोनू उर्फ सिद्धार्थ, सुनील राजभर, रामकरन राम के अलावा गाजीपुर के मरदह थाना क्षेत्र के शत्रुघन यादव के रूप में हुई है। गिरोह का मुख्य सरगना रविकांत पांडेय फिलहाल फरार है। एसपी ने कहा कि नगर क्षेत्र के आरके कंसल्टेंसी के संचालक रविकांत पांडेय और उनकी टीम द्वारा अभ्यर्थियों को बरगलाकर परीक्षा पेपर हल करने के नाम पर चार लाख से 9.50 लाख रुपये तक में सौदा तय किया जा रहा था। इन लोगों के कब्जे से 11 ब्लैंक चेक, 32 मार्कशीट, छह से अधिक आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 11 मोबाइल बरामद हुए।

उनके लैपटॉप की जांच करने पर पता चला कि उनके द्वारा कृत्रिम मेधा के माध्यम से प्रवेशपत्र पर फोटो बदलने का भी काम किया जा रहा था। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर परीक्षार्थियों से लाखों रुपये ठगने वाले गिरोह के सरगना गोपेश यादव सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह लाख रुपये और 27 लाख रुपये के चेक बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ ने परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया है। इसमें मोनू कुमार शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं।

वहीं चंदौली निवासी प्रिन्स कुशवाहा और मिर्जापुर जिले के विजय कुमार के अलावा आगरा से भी दो ठगों को पकड़ा गया है। करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, जबकि टिन्कू कुमार अलीगढ़ का है। झांसी से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर 2010 में नौसेना में भर्ती हुआ था। ट्रेनिंग के बाद छुटटी पर आया तो फिर वापस नहीं गया। वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा पास कराने का काम करने लगा। गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था, तभी धर लिए गए। वाराणसी में ठग गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा ने एक फर्जी प्रश्नपत्र भी तैयार किया था।

प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिरंजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

9 पीपीएस अफसरों का तबादला

अमृत विचार : एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही के पद पर भेजा गया है, वहीं राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्डा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

इनसैट 3-डीएस उपग्रह के प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू

चेन्नई। श्रीहरिकोटा में मौसम विज्ञान एवं आपदा चेतावनी उपग्रह इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण से पहले 27.5 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार को शुरू हो गयी। इसरो के सबसे भारी रॉकेट भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) का उपयोग करके इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण के लिए सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) पर शनिवार को अपराह्न 2.35 बजे उलटी गिनती शुरू हो गयी। इसरो ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, "जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस मिशनः 17 फरवरी, 2024 को भारतीय समयानुसार 17:35 बजे प्रस्तावित प्रक्षेपण के लिए 27.5 घंटे की उलटी गिनती शुरू हो गयी है।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

एक नजर

दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न आदि घटनाओं को लेकर उत्पन्न तनाव पर चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर वहां की राज्य सरकार को इंगित करते हुए कहा कि संदेशखाली में महिला उत्पीड़न को लेकर जारी तनाव व हिंसा गंभीर मामला है। वहां की सरकार को मामले में बिना रियायत बरते दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

29 को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 560 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अलग - अलग कंपनियों के आए अधिकारियों ने साक्षात्कार किया। कुल 29 युवाओं का चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रदेश में मजबूत है कानून व्यवस्था: मुख्यमंत्री

67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की।

पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

फील्ड में मिला अनुभव ही असली ज्ञान :मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिये उन्हे दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। वहीं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बहुत सारी चीजों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी आरपीएफ मनोज यादव आदि शामिल हुए।

- मीट की स्मारिका का किया विमोचन, प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को दी ट्रॉफी

सभी के सहयोग से प्रदेश हो सकता है बाल श्रम से मुक्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न
- हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए

अमृत विचार: अगले पांच साल में उप्र को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए समाज में हर वर्ग को सहयोग करना होगा। क्योंकि प्रदेश व देश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथ में हैं, बच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

यह बात शुक्रवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके परिवार को भी बाहर निकालने के लिए ऐसे प्रयास किये जायें। परिवार की आय के स्रोत बढ़ेंगे तो बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बाल श्रमिक का आयु परीक्षण 24 घंटे में करा लिया जाय। बाल श्रम रेस्क्यू में आ रही दिक्कतों का समाधान किया जाए। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही गैर सरकारी संगठन, यूनिसेफ, श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी शामिल रहें।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का खत्म होगा इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 19 को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुरुआत, तैयारी पूरी

अमृत विचार: गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का इंतजार अब छह साल बाद खत्म होने जा रहा है। इस स्टेशन की नींव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। लेकिन विश्वस्तरीय बनाने का कार्य रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह ने किया। इसी के साथ यहां विस्तारीकरण का कार्य पूरा करके शुक्रवार को स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 19 फरवरी को इसकी शुरूआत कराने की तैयारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ आ रहे हैं। अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में गोमतीनगर स्टेशन दो पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव वाले हाल्ट से बढ़कर पांच प्लेटफार्मों वाला स्टेशन बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2018 में रेलवे लैंड डेवपलमेंट अथॉरिटी आरएलडी को करीब 385 करोड़ रुपये में स्टेशन को विकसित करने का जिम्मा मिला। आरएलडीए ने विभूतिखंड की तरफ कामर्शियल ब्लाक बनाकर उसे लीज पर दिया। इससे होने वाली आय से गोमतीनगर स्टेशन को भी बनाया गया। स्टेशन का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। एयर कानकोर्स, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी दी गई है। नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर लगाए गए हैं। सोलर पावर से स्टेशन बिल्डिंग जगमगाएगी। गोमतीनगर स्टेशन पर आरएलडीए ने चार लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में दो कॉमर्शियल ब्लॉक भी विकसित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के मानकनगर, डालीगंज, सिटी स्टेशन सहित पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले 18 अंडरपास व 23 ओवरब्रिज का भी पीएम शिलान्यास करेंगे। अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों को चुना गया है। इनकी कुल संख्या 64 थी. कई स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को 18.50 करोड़ रुपये और ऐशबाग रेलवे स्टेशन को 20 करोड़ रुपये से विकसित किया जा चुका है, जबकि अगले चरण में विकसित होने वाले स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लखनऊ यात्रा के दौरान शिलान्यास करेंगे। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 12 और उत्तर रेलवे के कुल 24 स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें अमृत स्टेशन स्कीम के तहत विकसित किया जाएगा. दोनों मंडलों में लखनऊ के पांच स्टेशन शामिल हैं. उत्तर रेलवे के मानकनगर, मल्हौर और मोहनलालगंज स्टेशन के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे का डालीगंज व सिटी स्टेशन शामिल हैं।

23 अंडरपास का भी मिलेगा तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत रेलवे स्टेशनों के अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास आरयूबी का भी शिलान्यास करेंगे। कुल 18 आरओबी व 23 आरयूबी का तोहफा जनता को मिलेगा . लखनऊ में दो आरओबी और 12 आरयूबी का शिलान्यास होगा।

यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत विकसित होने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्लेटफॉर्म सरफेस का अपग्रेडेशन, एसी, वेटिंग हॉल, आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, वाटर वेंडिंग मशीनें, एफओबी, डिजिटल घड़ियां, साइनेज बोर्ड, उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्लो बोर्ड, सोलर प्लांट, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्धब कराई जाएंगी।

निवेश परियोजनाओं के लिए जिलों में होगा भूमि पूजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 करोड़ से कम के निवेश वाले उद्योगों का जिला मुख्यालय पर होगा पूजन समारोह

अमृत विचार: प्रदेश में अबतक के सबसे बड़े निवेश के लिए होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10-15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का ये महाभियान कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाला मुख्य समारोह जहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, वहीं सभी 75 जिलों में भी 19 फरवरी को जीबीसी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य आयोजन स्थल लखनऊ में देश विदेश के लब्ध उद्योगपतियों की उपस्थिति होगी। जबकि जिलों में 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों के साथ ही स्थानीय उद्योग से जुड़े गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। इसके अलावा जहां एक तरफ लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी मौजूदगी होगी तो वहीं जिलों में आयोजन के मुख्य कर्ता-धर्ता की भूमिका में जिलाधिकारी होंगे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 1 से 10 करोड़ की सर्वाधिक 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 संपूर्ण प्रदेश के साथ ही प्रत्येक जिले में भी औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

कांग्रेस शहर में बढ़ाएगी बूथों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बूथो की संख्या बढ़ाई जाएगी। हमारा उद्देश्य हर बूथ को मजबूत करना है जिसके लिए हर बूथ पर दस कार्यकर्ता शामिल होंगे। ये कार्यकर्ता अपने बूथो पर उपस्थित होकर वहां की जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। कार्यकर्ता बूथों के द्वारा कांग्रेस की उपलब्धियों और उनकी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाएगे। शहर के किसी भी बूथ को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। हर बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का प्रयास होगा।

भाजपा का मुखौटा उतर गया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन में आई नई ऊर्जा

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि भाजपा ने 'इलेक्टोरल बॉन्ड' में घालमेल किया है, भाजपाई राजनीति की जड़े भ्रष्टाचार के गहरे पाताल में चली गई है। 'मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी ! हम सब साथ हैं !

सोशल मीडिया एक्स पर किसानों को संदेश देते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख ने कहा है कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक

घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके कृषि कारोबार पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ सिद्ध कर रहें थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा कहीं गई ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुँचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ़ साज़िश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना स्वार्थ साधती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियां बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान सरदार ज्ञान सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

हनुमानगढ़ी से दर्शन करके बाहर निकलते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह व अन्य। अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किए रामलला के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रामलला के दर्शन के लिए भाजपाई शुक्रवार को 263 बसों से अयोध्या गए। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में सुबह सात बजे भाजपाई अयोध्या के लिए रवाना हुए। जयकारों से माहोल भक्तिमय हो गया। 110 वार्ड से पार्षद और मंडल अध्यक्ष भी शामिल थे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लगभग 10,000 लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी ने राम के जयकारे लगाए।

बेटियां हैं प्रदेश की शान
उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर दें पूरा ध्यान

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजना में देय लाभ की
कुल धनराशि रु. 15,000/- को
वित्तीय वर्ष 2024-25 से बढ़ाकर रु. 25,000/-
किया गया है।

योजनांतर्गत 6 श्रेणियों में देय धनराशि में निम्नवत् वृद्धि की गई है:-

श्रेणी	श्रेणी का विवरण	वर्तमान में देय धनराशि	वित्तीय वर्ष 2024-25 से देय धनराशि
प्रथम श्रेणी	जन्म पर	रु. 2,000/-	रु. 5,000/-
द्वितीय श्रेणी	एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर	रु. 1,000/-	रु. 2,000/-
तृतीय श्रेणी	कक्षा-1 में प्रवेश पर	रु. 2,000/-	रु. 3,000/-
चतुर्थ श्रेणी	कक्षा-6 में प्रवेश पर	रु. 2,000/-	रु. 3,000/-
पंचम श्रेणी	कक्षा-9 में प्रवेश पर	रु. 3,000/-	रु. 5,000/-
षष्टम श्रेणी	10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर	रु. 5,000/-	रु. 7,000/-
	कुल	रु. 15,000/-	रु. 25,000/-

योजना की पात्रता हेतु अर्हताएं
• उत्तर प्रदेश का स्थायी निवास प्रमाण पत्र • परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रु. 3.00 लाख • अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ • परिवार में अधिकतम दो बच्चे

वेबपोर्टल https://www.mksy.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

उद्देश्य
• कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना • समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना • बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना • बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना • बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना • बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना

@upwcd @upmahilakalyan upmahilakalyan upmahilakalyan

महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- सुशांत गोल्फ स्थित होटल द सेंट्रम में जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन को लेकर राष्ट्रीय कांफ्रेंस - 9:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्थागत नेतृत्व समागम का अंतिम चरण - 10:00 बजे।
- राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से सुंदरम मैरिज हॉल मटियारी चौराहा, चिनहट में रोजगार मेले का आयोजन - 11:00 बजे।
- श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट हास्पिटल नाका हिंडोला (चारबाग) में फ्री हेल्थ चेकअप - 11:30 बजे।
- गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक टर्फ हॉकी स्टेडियम में प्रथम पंडित राम औतार मिश्रा स्मारक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले - 1.00 बजे।
- रविन्द्रालय (चारबाग) में सेंट मीरास इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव - 5:00 बजे।

सिपाही भर्ती परीक्षा : 113 केंद्रों पर 2.74 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

आज और कल आयोजित होगी परीक्षा, 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 178 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस विभाग में सिपाही की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिले में 113 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में होगी। परीक्षा में दो दिन में 2 लाख 74 हजार 944 परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

17 और 18 फरवरी को 60,244 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। असुविधा होने पर अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नंबर 044-47749010 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा के लिए बनाए गए 113 केंद्रों पर 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 178 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपह 3 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को समय से 10 मिनट पहले पहुंचना पड़ेगा। गेट बंद होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को आधार कार्ड और एडमिट कार्ड की मूल प्रति समेत अन्य दस्तावेज लाने होंगे।

परीक्षा देने के लिए शुक्रवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे परीक्षार्थियों को रुकने संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत करवाते पुलिस अधिकारी।

अफसरों के अलावा 856 पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी

▸▸ शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा कराने के लिए पुलिस ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए पुलिस आयुक्त ने पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसपी के अलावा 856 पुलिसकर्मी निगरानी करेंगे। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने बताया, लखनऊ के 113 सेंटरों पर करीब 2.74 लाख परीक्षार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा कराने के लिए सभी डीसीपी, एडीसीपी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। परीक्षा केंद्रों, चौराहों, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर निगरानी के लिए 4 एसीपी, 104 निरीक्षक, 152 उप निरीक्षक, 100 हेड कांस्टेबल, 270 पुरुष आरक्षी, 226 महिला आरक्षी व यातायात पुलिस और होमगार्ड्स की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

ईको गार्डन में ठहराए जाएंगे परीक्षार्थी

दूसरे राज्यों से आ रहे परीक्षार्थियों के ठहरने के लिए ईको गार्डन को चिन्हित किया गया है। परीक्षार्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे स्टेशन के समीप होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए पांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं, परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामितीय, पेंसल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, इलेक्ट्रानिक पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, कैमरा, घड़ी, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइक्रो फोन, पेजर, हेल्थ बैंड, बटुआ, काला चश्मा, हैंड बैग, टोपी ले जाना वर्जित किया गया है।

परीक्षार्थियों के लिए चलेंगी 50 सिटी बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में 17 और 18 फरवरी को होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में आने वाले परीक्षार्थियों के लिए 50 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। ये बसें रेलवे स्टेशनों और बस अड्डे से परीक्षा केंद्रों के रूटों पर चलाई जाएंगी। परीक्षार्थियों की सहायता के लिए बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क भी बनाई गई हैं।

परीक्षा में प्रदेश के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों से भी परीक्षार्थी आएंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे, रोडवेज और सिटी ट्रांसपोर्ट ने अतिरिक्त बसें संचालित करने की तैयारी की है। बसों के संचालक को लेकर रोडवेज, सिटी बस प्रबंधन, रेलवे और आरपीएफ ने कई राउंड में बैठक की। परिवहन निगम परीक्षार्थियों की जुटने वाली भीड़ को देखते हुए चारबाग और लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन के साथ ही शहर के चारों अड्डों पर हेल्प डेस्क तैयार करवाई है। हेल्प डेस्क से परीक्षार्थी ट्रेन और रोडवेज बसों के अलावा सिटी बसों की जानकारी ले सकेंगे।

दो अलग-अलग पालियों में होगी परीक्षा : दोनों दिन परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी। परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले ही परीक्षा केंद्रों वाले रूट पर सिटी बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। परीक्षा खत्म के बाद सिटी बसों से परीक्षार्थियों को बस अड्डे और रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई है।

एआरएम को बनाया नोडल : कैसरबाग बस डिपो के एआरएम अरविंद कुमार को परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनका मोबाइल नंबर 8726005106 है। परीक्षार्थी इस फोन नंबर पर बसों की जानकारी ले सकेंगे।

▸▸ बस अड्डे और रेलवे स्टेशनों पर बनाई गई हेल्प डेस्क

परीक्षा केंद्र की सूची के आधार पर 50 सिटी बसें चलाने की तैयारी की गई है। ये बसें परीक्षा केंद्रों से जुड़े रूटों पर संचालित की जाएंगी। परीक्षार्थी आसानी से अपने परीक्षा केंद्र पहुंचकर लौट सकें, इसके लिए चालकों और परिचालकों को प्रशिक्षित भी किया गया है।

–आरके त्रिपाठी, एमडी, सिटी बस प्रबंधन

चार शहरों से लखनऊ पहुंचेंगे 35,000 परीक्षार्थी

- हरदोई – 12,016
- बाराबंकी – 3,400
- उन्नाव – 8,598
- अमेठी – 10,138
- दूसरे राज्यों से पौने दो लाख परीक्षार्थी आने की संभावना

चलेंगी अतिरिक्त ट्रेनें

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल की ओर से रेलवे को भेजे गए पत्र के जवाब में उत्तर रेलवे ने बताया कि परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके लिए अधिकारियों की तैनात की जा चुकी है। अधिकारी दो-दो घंटे पर परीक्षार्थियों की भीड़ की रिपोर्ट भेजेंगे। रिपोर्ट के आधार पर दो घंटे के भीतर परीक्षार्थी स्पेशल ट्रेनें रवाना की जाएंगी।

परीक्षा के लिए प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,224 पदों के लिए शनिवार और रविवार को दो पालियों में परीक्षा होगी। इसको लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों को बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। हर परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 2385 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में कुल 48, 17,441 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिसमें 15,48,969 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। केंद्रों पर शनिवार 17 फरवरी को प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में 12,04, 360 अभ्यर्थियों की परीक्षा देंगे, जबकि रविवार 18 फरवरी की प्रथम पाली में 12,04,361 व द्वितीय पाली में 12,04,360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

एक नजर

तीन लाख अमेरिकी डॉलर हड़पने का आरोप, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थाने में एक एनआरआई ने रिश्तेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, इंदिरा नगर निवासी जतिंदर पाल सिंह नंदा ने बहनोई हरबंस सिंह तलवार और भतीजे गुरप्रीत सिंह तलवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह अमेरिका में रहते हैं। जालसाज पिता-पुत्र ने व्यावसायिक अवसरों से परिचित करते हुए छह लाख मासिक लाभ देने का झांसा देकर रुपये निवेश करने की बात कही। बहकावे में आकर पिता-पुत्र को 3,00,000 अमेरिकी डॉलर की राशि भेज दी। आरोप है कि जालसाज पिता-पुत्र ने सारा पैसा व्यक्तिगत रूप में खर्च कर दिया। सच्चाई सामने आने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने एसीपी गाजीपुर से मदद की गुहार लगाई।

बसंतकुंज योजना के ग्राम बरावन खुर्द में ध्वस्त किया जाता मकान। अमृत विचार

बसंतकुंज योजना में खाली कराई 300 करोड़ की भूमि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एलडीए की भूमि पर बनीं दुकानें, भवन व गोदाम बुलडोजर से ध्वस्त

▸▸ कब्जा मुक्त कराई गई 30 बीघा अर्जित भूमि

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने बसंतकुंज योजना में 300 करोड़ रुपये की भूमि कब्जा मुक्त कराई। पुलिस व पीएसी के साथ बुलडोजर से 30 बीघा अर्जित भूमि पर बनीं दुकानें, गोदाम व भवन बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए। राष्ट्र प्रेरणा स्थल को देखते हुए आसपास कार्य प्रभावित होने पर कार्रवाई की गई है।

शुक्रवार को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में अभियान चलाया गया। सेक्टर-आई एवं सेक्टर-पी में ग्राम-बरावन खुर्द में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर लोगों ने अवैध निर्माण करके भवन, दुकान, गोदाम, बाउंड्रीवाल आदि बनाए थे। जो दिनभर चली कार्रवाई के दौरान जमींदोज कर दिए। इस अभियान में लगभग 30 बीघा भूमि से कब्जा हटाया गया। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि एलडीए बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कर रहा है। इसके लिए आसपास के क्षेत्र में भी विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं। अवैध निर्माण से कार्य प्रभावित हो रहे थे। कार्रवाई जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने स्थानीय पुलिस व पीएसी के साथ की। शशिभूषण ने बताया कि खाली कराई गई भूमि एलडीए की आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्ति है। इसकी वर्तमान कीमत लगभग 300 करोड़ रुपये है।

गैंगस्टर भाइयों की 69.91 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि की कोर्ट ने सुनाया फैसला

▸▸ जुआ अड्डा, टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी कर बनाई थी संपत्ति

▸▸ कई कारोबारियों से करोड़ों रुपये हड़पने का भी दर्ज है मुकदमा

अमृत विचार : गैंगस्टर भाइयों अजय बघेल और विजय बघेल की आपराधिक गतिविधियों से अर्जित की गई 69.91 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जाएगी। जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि की अदालत ने दोनों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया है।

अजय और विजय बघेल मूलतः अलीगढ़ मुकीमपुर के निवासी हैं। दोनों भाइयों के खिलाफ विभूतिखंड, चिनहट, गाजीपुर और सरोजनीनगर कोतवाली में कई मामले दर्ज हैं। इन मामलों की सुनवाई जेसीपी अपराध की अदालत में चल रही थी।

बताया गया कि वर्ष 2014 में दोनों आरोपियों ने जुआ अड्डा चलाकर, बीसी चलाकर व्यापारियों और निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़प कर संपत्ति बनाई। धोखाधड़ी कर जुटाई रकम से मौरंग सप्लाई का कारोबार शुरू किया। बड़े ठेकेदार और व्यापारियों को झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़प लिए। लखनऊ के मौरंग सप्लायर अनुज गुप्ता और दवा कारोबारी विवेक गुप्ता से भी दोनों ने करोड़ों रुपये ठगे थे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। उनके कार्यालय पर धावा भी बोल दिया था। दोनों भाई खुद को समाजवादी पार्टी से जुड़े होने का दावा करते थे। जब सरकार थी तो पार्टी के नेताओं के नाम पर अवैध वसूली भी की थी। आरोपियों के खिलाफ तत्कालीन इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी ने 25 जुलाई 2022 को गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी भाइयों की सम्पत्ति का ब्योरा जुटाया जा रहा था। संपत्तियों का ब्योरा इकट्ठा होने के बाद जेसीपी अपराध ने कोई वैध स्रोत न होने के कारण इसे कुर्क करने का आदेश दिया।

कुर्क की जाने वाली संपत्ति

- विजय कुमार बघेल की 45,70,50,000 की संपत्ति कुर्क की जायेगी।
- अजय कुमार बघेल की 24,21,27,500 की संपत्ति कुर्क की जायेगी।

हत्या और लूट के मामले दर्ज

आरोपियों के खिलाफ लखनऊ और बाराबंकी में कई मामले दर्ज हैं। इसमें बाराबंकी के देवा में 2009 में हत्या व साजिश रचने, हजरतगंज थाने में लूट, गाजीपुर में बलवा, चिनहट में धोखाधड़ी व मारपीट के 2 मुकदमे, विभूतिखंड में ठगी व बलवा के दो मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा कोर्ट में एनआई एक्ट के पांच मुकदमे भी दर्ज हैं।

ध्वस्त होगा सरकारी भूमि पर बना 4 सीजन होटल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नगर निगम की 100 करोड़ से अधिक की भूमि पर किया निर्माण, चेतावनी

अमृत विचार : अयोध्या रोड स्थित ग्राम सेमरा में नगर निगम की जमीन पर बना 4 सीजन होटल ध्वस्त किया जाएगा। जांच में सरकारी जमीन निकलने पर मैनेजर को नोटिस जारी किया गया है। यदि अभिलेख नहीं दिखाए तो नगर निगम कार्रवाई करेगा।

ग्राम-सेमरा में नगर निगम की .513 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर 4 सीजन होटल लॉन बनाया गया है और व्यावसायिक प्रतिष्ठान के रूप में भूमि का उपयोग किया जा रहा है। नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की तो निर्माण अवैध पाया। होटल की तरफ से अभिलेख एवं अनापत्ति प्रस्तुत नहीं किए। नगर निगम ने लखनऊ विकास प्राधिकरण से जानकारी की तो वहां से भी कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र देना नहीं पाया। मैनेजर ने स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख तीन दिन के अंदर प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए गए।

इस पर मैनेजर को 13 फरवरी को प्रभारी अधिकारी संपत्ति ने नोटिस जारी किया है। इसमें 15 दिन के अंदर साक्ष्य उपलब्ध न कराने पर 4 सीजन होटल लॉन ध्वस्तीकरण करने की चेतावनी दी है।

चार उड़ानें रद, एक दर्जन से अधिक विलंब से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौसम के बदले मिजाज के कारण चार उड़ानें रद रहीं, जबकि एक दर्जन से अधिक विमान एक से दो घंटे विलंब से रहे।

गुरुवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया था। उसका असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7127, वाराणसी से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7739 आने वाली उड़ान को रद कर दिया गया। लखनऊ से इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7935 और लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया। दूसरी ओर पुणे से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 338, दमाम से लखनऊ आने वाली फ्लाईनास एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 896, अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6244, गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या 9आई 809 विलंब से पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6282, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738, लखनऊ से इलाहाबाद आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7936 विलंब से पहुंची।

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 142, लखनऊ से दम्माम जाने वाली फ्लाईनास एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 897, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2026, लखनऊ से कोलकाता जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 505, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2238, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6281, लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या 9आई 810, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2243 और लखनऊ से पुणे जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 विलंब से रवाना हुई।

इंतजार | निर्माण के चार वर्ष बीतने के बाद भी आढ़त तक नहीं पहुंचे व्यापारी, अधिकारियों का दावा, इस बार होगी शुरू

प्रदेश की पहली एसी मंडी तैयार, व्यापारी कब शुरू करेंगे कारोबार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की पहली एसी मंडी बने हुए चार साल बीत चुके हैं। मलिहाबाद में बनाई गई इस मंडी पर तकरीबन 85.70 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। 10 एकड़ में इसे तैयार किया गया है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से इसे अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। 76 में 46 आढ़तों का ही अभी तक आवंटन किया गया है। 30 दुकानें अभी आवंटन का इंतजार कर रही हैं। व्यापारियों के इंतजार में 'सफेद हाथी' बनी यह वातानुकूलित मंडी मौजूदा वक्त में धूल खा रही है।

10 एकड़ में बनी वातानुकूलित मंडी। अमृत विचार

▸▸ 10 एकड़ में बनी वातानुकूलित मंडी पर खर्च किए गए 85.70 करोड़ रुपये

हर साल की तरह एक बार फिर अफसरों ने दावा किया है कि इस बार आम का कारोबार नवीन मंडी से ही होगा पर अफसरों की शिथिल तैयारी देख लगता नहीं है कि उनके दावे इस बार भी जमीन पर उतर पाएंगे। आम की फसल को अब ज्यादा वक्त नहीं है। बता दें कि अत्याधुनिक मंडी सेंट्रलाइज्ड एसी युक्त है। सिर्फ आढ़तें ही नहीं मंडी का अधिकांश परिसर वातानुकूलित है। न केवल खरीदार बल्कि व्यापारी और बाहर से आने वाले आम और फल के कारोबारियों के लिए इस मंडी में तमाम सुविधाएं हैं।

इन खूबियों से युक्त है मंडी

- सेंट्रलाइलज्ड एसी।
- 5,000 मीट्रिक टन फल भंडारण की क्षमता।
- अभी तक आम मंडी में भंडारण की विशेष सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं।
- आम की गुणवत्ता बनाने के लिए या तो उसे मैंगो पैक हाउस भेजा जाता था या फिर स्टोरेज।
- फलों की आयु बढ़ाने के लिए अब यहां पर रैपनिंग चैंबर है।
- आम की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मंडी में रैपनिंग चैंबर बनवाए गए हैं, जो नियत तापक्रम को बनाए रखते हैं।
- 76 वातानुकूलित आढ़तें हैं इस मंडी में।
- इससे लंबी अवधि तक माल को ताजा बनाए रखने में मदद मिलती है।
- आम की बिक्री तो होगी ही यहां से ऑफ सीजन में फलों का व्यापार भी किया जा सकेगा।
- इसमें साल भर आम और फलों का कारोबार किया जाना है।
- किसानों के लिए गेस्ट हाउस और कैफेटेरिया भी।
- बाहर से आने वाले किसानों और व्यापारियों को रुकने के लिए गेस्ट हाउस भी बनाया गया है।

मलिहाबाद में अत्याधुनिक सेवाओं से लैस वातानुकूलित आम मंडी (विशिष्ट नवीन उप मंडी स्थल) तैयार हैं। इस बार आम के सीजन में कारोबार शुरू कराएंगे। दुकानें आवंटित की जा रही हैं। 46 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। शेष का आवंटन जल्द कर दिया जाएगा।

–रेनू वर्मा, सचिव, नवीन मंडी सीतापुर रोड

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

निजी स्कूलों की मान्यता में नक्शा बना सिरदर्द

अमृत विचार लखनऊ : राजधानी में निजी स्कूलों की मान्यता होने में अब संकट है। इसकी मुख्य वजह ये है विद्यालय खोलने के लिए इच्छुक आवेदकों का बिल्डिंग नक्शा ही नहीं पास हो रहा है। आवेदक लगातार शिक्षा विभाग में इसकी शिकायत कर रहे हैं। लेकिन बिना नक्शे के आवेदन निरस्त हो जाते हैं। आवेदकों की ओर से बीएसए को भेजी गई शिकायत में कहा गया कि एलडीए का नक्शा तो पास हो जाता है लेकिन जो क्षेत्र नगर निगम में आता है वहां नगर निगम की ओर से नक्शा नहीं जारी किया जा रहा है ऐसे में बिना नक्शे के मान्यता के आवेदन स्वीकार किए जाये। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश कहते हैं कि सरकार के जियो में जो नियम है उसी का पालन किया जा रहा है।

व्यापारियों ने पदाधिकारियों पर लगाया आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज स्थित अंसल सिटी सेंटर काम्पलेक्स को अंसल सिटी सेंटर वेलफेयर एसोसिएशन नामक संस्था देख रही है। यहां के व्यापारियों ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहाकि पिछले पांच साल के कार्यकाल में लगभग 1 करोड़ 17 लाख रूपये की आय एसोसिएशन को हुई पर धरातल पर इसका कोई भी हिसाब-किताब अभी तक नहीं आया, जबकि नियम के अनुसार हर वर्ष एक एजीएम का आयोजन संस्था को कराना होता है जिसमें पूरे वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करना पड़ता है। इसके विरोध में शुक्रवार को एक आपातकालीन बैठक काम्पलेक्स के प्रांगण में आहूत की गई।

आरटीई प्रवेशः पहले चरण में अभी 48 घंटे तक का मौका

राजधानी में अभी तक 10,700 से अधिक आवेदन

कार्यालय संवाददाता

▸▸ पहले चरण के तहत अधिक से अधिक गरीब बच्चों को स्कूल भेजने का है लक्ष्य

लखनऊः शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अधिक से अधिक गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। लखनऊ में इस बार पहले चरण में पिछले साल की अपेक्षा अधिक 10,700 से अधिक आवेदन आये हैं। अभी अभिभावकों के पास 48 घंटे तक आवेदन करने का मौका बचा है। सत्र 2024-25 के क्रम में 1 अप्रैल से लक्ष्य है है कि आवेदन करने वाले 100 प्रतिशत बच्चों को एडमिशन दिलाया जाये। जिला समन्वयक आरटीई अखिलेश अवस्थी के मुताबिक 18 फरवरी तक आवेदन लिए जायेंगे। उसके बाद पहले चरण में आये सभी आवेदन पत्रों को सत्यापन 19 फरवरी से शुरू हो जायेगा और 25 फरवरी तक चलेगा। इस बार राजधानी में 25 हजार से अधिक बच्चों को एडमिशन दिलाने का लक्ष्य है। अभिभावकों से भी आवेदन में त्रुटि न करने की अपील की गई है। आरटीई 2024-25 सत्र में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए चार चरण निर्धारित किए किए गये हैं। पहले चरण में आवेदन के बाद 28 फरवरी को लॉटरी निकाली जायेगी। विद्यालय में प्रवेश करने की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित की गई है लेकिन पूरे मार्च में सभी एडमिशन हर हाल में पूरे किए जायेंगे।

पहले चरण पर अधिक फोकस

समग्र शिक्षा अभियान के वरिष्ठ विशेषज्ञ व उप शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में इस बात को ध्यान में रखते हुए आरटीई के तहत आवेदन लिए जा रहे हैं कि पहले चरण में वह अधिक से अधिक बच्चों को निजी स्कूलो में निशुल्क एडमिशन करवा सकें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक की ओर से भी सभी बीएसए को आदेश जारी किए गये हैं। ताकि एक अप्रैल नये सत्र से बच्चो की पढ़ाई जब शुरू हो तो वह अन्य बच्चों की तरह पढ़ाई में पीछे न रहने पाये।

दूसरे चरण में 1 मार्च से 30 मार्च तक आवेदन

- एक अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल तक सत्यापन
- 8 अप्रैल को लॉटरी
- 17 अप्रैल तक एडमिशन

तीसरे चरण में 15 अप्रैल से 8 मई तक आवेदन

- 9 मई से 15 मई तक सत्यापन
- 16 मई को लॉटरी
- प्रवेश प्रक्रिया 23 मई तक

चौथा व अंतिम चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन

- 21 से 27 जून सत्यापन
- 28 जून को लॉटरी
- 7 जुलाई तक प्रवेश

“पहले चरण में जितने बच्चों को एडमिशन हो जायेंगी उनको एक अप्रैल से स्कूलों में पढ़ाई का मौका मिल जायेगा। ऐसे में पूरा प्रयास है कि अधिकांश बच्चों को एडमिशन मिल जाये। अभिभावकों को आवेदन करने में त्रुटियां नहीं करनी हैं। पात्रता पूरी करने वाले बच्चे का एडमिशन हर हाल में होगा।

-राम प्रवेश, बीएसए लखनऊ

एप दिखाएगा नई शिक्षा की तस्वीर

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रो. एम. जगदीश कुमार

डॉ. अनिल

▸▸ यूजीसी चेयरमैन ने अमृत विचार से नई शिक्षा व्यवस्था को लेकर की बातचीत

अमृत विचार : यूजीसी चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने कहा है कि यूजीसी का तैयार एप छात्रों को नई दिशा देने का काम करेगा। इसमें अंकों के गुणांक को भी शामिल किया गया है। इसके सहारे घर बैठे ही नई शिक्षा व्यवस्था और शोध के साथ चर्चाएं भी छात्रों का ज्ञान बढ़ाएंगी।

लखनऊ विश्चविद्यालय और विद्या भारती के संयुक्त संस्थागत नेतृत्व समागम में आयोजित संवाद के बाद यूजीसी ने अमृत विचार से नई शिक्षा व्यवस्थाएं साझा कीं। कहा कि नई व्यवस्था के लिए जरूरी नहीं है कि छात्र को अधिक अंक प्राप्त हों, जरूरी है कि उसकी प्रतिभा को निखारा जाए, ताकि पढ़ाई पूरी होने पर वो अपने लिये मजबूत प्लेटफार्म तैयार कर सके। इसके लिए यूजीसी ने एप तैयार किया है। जिसमें छात्रों को कक्षा छह से कक्षा 12 के बीच विशेष अध्ययन के गुर सिखाते हुए 160 क्रेडिट अंक प्राप्त करने होंगे। एबीसी पोर्टल के सहारे उन्हें स्नातक और तकनीकी डिग्रियों में सहूलियत मिलेगी। बताते हैं कि एप के माध्यम छात्र और शिक्षक जुड़कर नए शोध और नवाचार बढ़ाएंगे।

सीयूईटी और एनईपी पर फोकस

यूजीसी चेयरमैन प्रो. कुमार कहते हैं कि सीयूईटी और एनईपी पर फोकस रहेगा। विवि के अलावा कॉलेजों में जागरूकता बढ़ाई जाएंगी। ताकि 2047 के विजन को पूरा किया जा सके।

डाटा का होगा समानांतर वितरण

राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ) के अध्यक्ष डॉ. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे का मानना है कि शिक्षण व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां लगभग समानांतर होती है। कई बार अलग अलग व्यवस्थाओं से इसको लेकर सवाल किये जाते हैं। ऐसे में समस्याएं बढ़ती है। ऐसे में व्यापारिक क्षेत्र की तरह शिक्षा क्षेत्र में भी ऐसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि एक प्लेटफार्म पर उसका वितरण किया जा सकते हैं। इससे नई शिक्षा नीति और भी पारदर्शी हो जाएगी।

बच्चों की संख्या गलत फीड की तो होगी कार्रवाई

अमृत विचार लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों मध्यान्ह भोजन खाने वाले बच्चों की संख्या गलत फीड की तो अब सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में सख्त दिशा निर्देश जारी प्रधानाध्यापकों को जारी किए गये हैं। इसके साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को भी चेतावनी दी गई है। समग्र शिक्षा अभियान की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक स्कूलों में बच्चों की नियमित संख्या को अपडेट करना होगा साथ ही बच्चे कम आ रहे हैं तो उनकी विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए शिक्षा मित्रों की भी जवाबदेही तय की कई है।

नहीं हो रही कार्रवाई : चिनहट के कमता क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं, नगर निगम से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-आक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के बस्ती एवं थॉम्पसन गंज गुड्स शेड्स पर SMU (Special Minor Unit) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-आक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 29-02-2024 समय 13:00 बजे एवं बन्द होने की तिथि दिनांक 29-02-2024 समय (BST Goods Shed) 13:30 एवं (Thompsonganj Goods Shed) 13:40 सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगें। ई-ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ध्यान दें कि ई-ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जायेगा जोकि www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ई-आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

ई-आक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं.): CATG-BST-STP-24: **स्टेशनः** बस्ती गुड्स शेड (दिव्यागों के लिये आरक्षित), लोकेशनः लॉट के मुताबिक, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनांक 29-02-2024 समय 13:30, **स्टेशनः** थॉम्पसन गंज गुड्स शेड (ओबीसी महिलाओं के लिये आरक्षित), लोकेशनः लॉट के मुताबिक, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनांक 29-02-2024 समय 13:40

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
मुजाधि/वाणिज्य-270 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कहीं छात्रों की बाधा तो कहीं वित्तीय चिंताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ संस्थागत नेतृत्व समागम में विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्राचार्यों ने रखा पक्ष

अमृत विचार : अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम में विभिन्न प्रदेशों से आए विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्राचार्यों ने शैक्षणिक व्यवस्था और उससे संबंधित बिन्दुओं को व्यक्त किया। ऐसे में विषयवार उत्तर और हल यूजीसी अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ) अध्यक्ष और पद्मश्री द्वारा दिये गए।

राजस्थान के दीन दयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि के कुलपति प्रो. अनिल के राय ने कक्षा में छात्रों की कम उपस्थिति पर चिंता जताई। एनआईपीईआर, रायबरेली की निदेशक प्रोफेसर शुभिनी सर्राफ ने फार्मास्युटिकल संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग की कमी को इंगित किया। असम के एक विवि के कुलपति ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता की कमी के बारे में वित्तीय चिंताएं उठाईं, जो एनएएसी मान्यता और मूल्यांकन के दौरान क्रेडिट का एक आधार बनता है। ऐसे में यूजीसी अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ) अध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे और पद्मश्री चामू कृष्ण शास्त्री ने समस्याओं के हल साझा किये।

कुछ अलग कार्य भी हुए साझा : राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि भोपाल के कुलपति ने बताया कि उन्होंने शिक्षा के स्तर को विस्तार देने के लिए अंतिम वर्ष की 50 छात्राओं को एनआईआईटी भोपाल भेजा है।

डिकोडिंग विषयों पर वार्ता

डिकोडिंग मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन विषय पर चर्चा हुई। जिसमें प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा, प्रो. मुरली मनोहर, प्रो. अविनाश चंद्र पांडे ने विचार व्यक्त किये। आधारों और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के बीच संबंधों पर सुझाव दिये गए। क्षेत्रीय भाषाओं को भी विस्तार देने पर बल मिला।

एक राष्ट्र- एक डाटा और नई प्रणाली पर बल

प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे ने संस्थानों के लिए एकीकृत डेटा सबमिशन पोर्टल का प्रस्ताव करते हुए एक राष्ट्र, एक डाटा की अवधारणा पर जोर दिया। नैक ग्रेडिंग को बढ़ाकर फाइबर ऑप्टिक कनेक्टिविटी पर प्रकाश डाला। एआईसीटीई द्वारा अनुवादिनी की शुरूआत पर चर्चा हुई।

प्रतियोगिताओं में मेधाओं ने भरी उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन हुआ। चार दिवसीय प्रतियोगिता में 20 विश्वविद्यालय के 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। विवि में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट में विविध रुचियों और क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए खेल आयोजनों की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की गई है। क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे पारंपरिक खेलों से लेकर शतरंज, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसी अधिक विशिष्ट गतिविधियों तक के आयोजन हो रहे हैं। शुक्रवार को भी विभिन्न क्षेत्रों की प्रतियोगिताओं के आयोजन हुए। जिसमें 20 विवि के 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। तनाव मुक्त वातावरण के बीच कुल डॉ. संजय सिंह ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। पूर्व हॉकी खिलाड़ी इमरान-उल-हक ने खेल संबंधी तमाम टिप्स भी छात्रों के बीच साझा किये। इस अवसर पर संयुक्त रजिस्ट्रार संजय दिवाकर, खेल समिति के संकाय सलाहकार डॉ. मनीष सिंह सहित अन्य संकायों के अध्यक्ष व विवि के छात्र उपस्थित रहे।

फिजिकल साइंस देती है शाखाओं को बढ़ावाः प्रो.सुनीता

मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देते प्रो. बालचंद्र यादव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय कांफ्रेंस की मुख्य अतिथि व मोहनलाल सुखाड़िया विवि की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि फिजिकल साइंस का उपयोग न केवल भौतिक विज्ञान में बल्कि विज्ञान की सभी शाखाओं में किया जाता है। इसके सहारे छात्रों को शोध एवं अनुसंधान से जुड़े मूलमंत्र प्राप्त होने में सुविधा मिलती हैं। आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. रामचंद्र ने कहा कि विज्ञान ने हमारे समाज के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। यही कारण है कि विज्ञान की वजह से ही हम आज सरल तथा सुगम जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रो. बालचंद्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में जिज्ञासा पैदा करना होता है।

जिससे विद्यार्थी अपने संज्ञान के स्तर पर विज्ञान के तथ्यों एवं नियमों को बेहतर तरीके से समझ कर उपयोग कर सकें। समापन समारोह के दौरान सर्वश्रेष्ठ पोस्टर एवं पेपर प्रस्तुतिकरण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. देवेश कुमार, डॉ. रमेश चन्द्र, डॉ. एके यादव, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. तरूणा, सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी, शोधार्थी एवं विवि के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India
BOI
वित्तीय समावेशन विभाग, हरदोई आंचलिक कार्यालय 849, प्रथम तल, अवस्थी कॉम्प्लेक्स, शाहजहाँपुर रोड, डीएम चौराहा हरदोई, उ0प्र0-241001

वित्तीय साक्षरता सलाहकार फर्रुखाबाद एवं कन्नौज
अनुबंध के आधार पर स्टाफ सदस्यों की आवश्यकता

बैंक ऑफ इंडिया, हरदोई अंचल अनुबंध के आधार पर फर्रुखाबाद एवं कन्नौज में विभिन्न पदों के लिये योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता हैः-

पद का नाम	जगह	रिक्त पद	मासिक मानदेय
वित्तीय साक्षरता सलाहकार	फर्रुखाबाद	1	₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू)
वित्तीय साक्षरता सलाहकार	कन्नौज	1	₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू)

कृपया नोट करेः केवल सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी ही पात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

कृपया नोट करें कि उपरोक्त पद पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर भराजाएगा एवं नियुक्त व्यक्ति का कार्य विस्तार उनके कार्य की समीक्षा के आधार पर निश्चित अंतराल पर किया जाएगा। नियुक्ति बैंक के नियम एवं शर्तों के आधार पर की जाएगी। उपरोक्त पद के लिए आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट **www.bankofindia.co.in** के करियर सेक्शन से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे गये एवं समस्त दस्तावेज़ के साथ आवेदन पत्र हमारे आंचलिक कार्यालय, हरदोई के उपरोक्त पते पर दिनांक **04.03.2024** की शाम **5.00 बजे** तक भेजे जा सकते हैं। कृपया नोट करें कि बैंक ऑफ इंडिया, बिना किसी पूर्व सूचना के इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (उम्मीदवार अधिमांतः स्थानीय क्षेत्र के होने चहिए) आवेदन पत्र का डाक संक्रमण में प्राप्त न होना, या नुकसान होना, या आवेदन पत्र प्राप्त होने में किसी भी देरी के लिए बैंक किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार नही होगा। आंशिक रूप से भरे या अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा। यदि आवेदक चुना जाता है तो प्रस्ताव पत्र स्वीकार करने की तिथि पर आवेदक किसी भी सरकारी या निजी संगठन के साथ पूरा या अंशकालिक आधार या अनुबंध के आधार पर जुड़ा नही होना चाहिए।

**उपरोक्त चयन के लिए बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल के पास अंतिम निर्णय सुरक्षित रहेगा।

दिनांकः 17.02.2024, स्थानः हरदोई आंचलिक प्रबन्धक, हरदोई अंचल

उद्योग जगत में प्रदेश दूसरे स्थान परः प्रो. केवी राजू

अमृत विचार , लखनऊः ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एंटरप्रेनियर ओरियनटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योगों को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के आर्थिक मामलों के सलाहकार प्रो. केवी राजू ने कहा कि आज प्रदेश उद्योग जगत में दूसरे पायदान पर आ गया है। हम ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर अग्रसर हैं। प्रदेश ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स के माध्यम से पूंजी का संकलन किया है। कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि स्टार्टअप छात्रों को नए अवसर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में यूनानी सेवा के निदेशक प्रो.अब्दुल वहीद, आयुष विभाग के विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, प्रो. संजीव त्रिवेदी सहित कई अन्य मौजूद थे।

आरओ परीक्षा के पेपर लीक मामले की हो निष्पक्ष जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 को कराई गई थी प्रारंभिक परीक्षा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी(आरओ/एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले ने तूल पकड़ लिया है। आयोग व एसटीएफ की जांच प्रक्रिया पर अभ्यर्थी असहज हैं। उन्हें लगता है कि आयोग की आंतरिक जांच समिति व एसटीएफ मामले की लीपापोती कर सकती है। अपने भविष्य को लेकर अभ्यर्थी अपने-अपने तरीके से तर्क दे रहे हैं। उनका मानना है कि पेपर लीक मामले में उनके साथ न्याय होना चाहिए। सोशल मीडिया में जब पेपर लीक हो चुका है तो सिस्टम इतना उदासीन क्यों है? जांच यतशीघ्र हो,अन्यथा लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य पर ग्रहण लग जाएगा।

अभ्यर्थियों ने कहाः मोहसिन अफरोज कहते हैं कि समीक्षा अधिकारी परीक्षा के पेपर लीक होने की सूचना मिली थी। ऐसे में एसटीएफ सहित अन्य जांच एजेंसिया जांच में लगी है। इन जांचों को निष्पक्ष रूप से किया जाना चाहिए।

शोधार्थी आशुतोष कहते हैं कि व्यवस्थाएं ऐसी तैयार की जाएं, जिससे परीक्षा पारदर्शी हो सके। क्योंकि युवा वर्ग को किसी भी परीक्षा देने से पहले बड़ी तैयारी करनी पड़ती है।

पल्लवी कहती हैं कि आयोग किस स्तर तक जांच करेगा, ये भविष्य के गर्त में है। फिलहाल छात्रों के सामने एक बड़ी परेशानी आ खड़ी है।

प्रशांत वर्मा का कहना है कि परीक्षाएं बाधित होने से लोक सेवा आयोग की ईमानदारी/पारदर्शिता व व्यवस्था कठघरे में है। अभ्यर्थियों को यतशीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

चयनितों को मिलेंगे ऑनलाइन प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2023-24 के घोषित किये गए परिणाम में जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए सभी छात्र छात्राओं के प्रमाण पत्र आनलाइन मिलेंगे। सभी प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्रों को आनलाइन प्रमाण पत्र डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन नंबर भरना होगा। इसके बाद प्रमाण पत्र खुल जायेगा। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि लखनऊ मंडल के 6 जनपदों सीतापुर,लखीमपुर खीरी, उन्नाव,रायबरेली, हरदोई, लखनऊ से चयनित हुए सभी 350 बाल वैज्ञानिकों के सम्बन्धित विद्यालय के प्रिन्सिपल और इंस्पायर अवार्ड प्रभारी शिक्षकों को निर्देश दिए गये हैं कि अपने अपने स्कूल से चयनित छात्र छात्रा को उनके प्रमाण पत्र,इंस्पायर अवार्ड मॉनक पोर्टल पर बनी हुई अपने स्कूल की आईडी को लॉगिन कर प्रमाण पत्र को डाऊनलोड कर अच्छे पेपर पर उसकी रंगीन प्रिन्ट आउट निकलवाकर चयनित छात्र छात्रा मुहैया करायें।

आयोजन के दौरान वृन्दावन समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : वृन्दावन समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन द्वारा शहीद पथ रोड सेक्टर सात चिरैयाबाग वृन्दावन समाचार पत्र वितरक कार्यालय में क्षेत्रीय वृन्दावन सोसायटी अवास अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं अखबार पाठक के बीच खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। खिचड़ी भोज मे लायंस क्लब के सदस्य भी शामिल हुऐ। मुकेश जैन, राजीव जैन, बीएन चौधरी, सत्तीश अग्रवाल, मोहित बन्सल, बद्री अग्रवाल, पवन अग्रवाल आदि लोग शामिल हुए। लायंस क्लब की टीम ने वितरको को हर संभव मदद देने की बात रखी। वितरक पलायन न हो इसके लिए क्षेत्र का पंजीकरण के द्वारा समाचार पत्र वितरण करे।

सी प्रमाण पत्र देता है सेना को अग्निवीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के एनसीसी कैडेटों की परीक्षा का आयोजन पुलिस लाइन में हुआ। इसमें ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 19 कैडेट्स ने भाग लिया। वहीं 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के कुल 176 कैडेट प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल हुए। पुलिस लाइन में आयोजित सी सर्टिफिकेट प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन कर्नल पंकज चौहान की अध्यक्षता में हुआ। ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग कम्युनिकेशन, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट जैसे विषयों की शारीरिक एवं मौखिक परीक्षा आयोजित हुईं। 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के समादेशा अधिकारी कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने बताया कि लगभग दस शिक्षण संस्थाओं के कैडेट्स ने प्रयोगात्मक परीक्षा में हिस्सा लिया। इससे कैडेटों के लिए सी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर सेना में कमीशन एवं अग्निवीर के द्वार खुल जाएंगे। कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने बताया ए और बी ग्रेडिंग से उत्तीर्ण एनसीसी स्पेशल एंट्री द्वारा सीधे सर्विस सिलेक्शन बोर्ड में जा सकेंगे। परीक्षा के दौरान बटालियन के सूबेदार मेजर हॉनरेरी लेफ्टिनेंट दवपाल, जीसीआई संपूर्ण स्टाफ, कॉलेजों के एसोसिएट अफसर और सेनाओं के प्रशिक्षक उपस्थित थे।

अफसर बनने का सुनहरा मौका : कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी बताते हैं कि प्रत्येक सी सर्टिफिकेट के कैडेट को दस दिन के दौरान दो कैंप करना अनिवार्य है। कैंप के दौरान फायरिंग, हैंडलिंग, मानचित्र अध्ययन, फिजिकल और मानसिक ट्रेनिंग दी जाती है। सामूहिक ड्रिल, हथियारों से ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट आदि सैन्य विषय भी सिखाए जाते हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ

ई-निविदा सूचनाः- अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नलिखित निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ई-निविदा के प्रथम भाग के खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व 17:00 बजे तक अपलोड की जानी है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्ते, निविदा प्रपत्र में अंकित है, जो वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अवलोकित/अपलोड की जा सकती है, निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जा सकेगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र, भौतिक रूप से कार्यालय में स्वीकार नही किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार/ विभाजित/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित हैं। विस्तृत जानकारी, अन्य किसी प्रकार के संशोधन एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में निविदा अपलोड करने के दिनांक/समय तक कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें एवं निविदा से सम्बन्धित विवरण www.upptcl.org पर भी देखा जा सकता है। (1) **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या- वि0 पारे0मं0-द्वि0/ल0/88/2023-24 (निविदा खुलने की तिथि 05-03-2024):** विद्युत पारेषण खण्ड रायबरेली के विभिन्न 132 के0वी0 उपकेन्द्र पर स्थापित क्षतिग्रस्त 04 नग 36 के0वी0 वी0सी0बी0 को बदलने एवं 11 नग 36 के0वी0 वी0सी0बी0 की मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग का कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार : धरोहर धनराशि रू0 2000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। (2) **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या- वि0 पारे0मं0-द्वि0/ल0/89/2023-24 (निविदा खुलने की तिथि 05-03-2024) :** विद्युत 765 के0वी0 उपकेन्द्र के बहुमूल्य उपकरणों/सामग्रीयों का नवनिर्मित ओपेन स्टोर पर सुरक्षित स्थानान्तरण का कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार : धरोहर धनराशि रू0 2000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। (3) **ई-निविदा संख्या- वि0पारे0मं0-द्वि0/ल0/90/2023-24 (निविदा खुलने की तिथि 19-03-2024):** पारेषण मध्य क्षेत्र लखनऊ के अधीन विभिन्न उपकेन्द्रों के अनुरक्षण एवं परिचालन कार्य हेतु बैटरी चार्जर (110V-220AH एवं 110V-300AH बैटरी सेट हेतु) की आपूर्ति निविदा प्रपत्र अनुसारः धरोहर धनराशि रू0 75500/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1770/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। (4) **ई-निविदा संख्या-वि0 पारे0 मं0 द्वि0/ल0/91/ 2023-24 (निविदा खुलने की तिथि 19-03-2024):** विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र उन्नाव पर स्थापित उपकरणों की पेन्टिंग का कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार : धरोहर धनराशि रू0 2000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। (5) **ई-निविदा संख्या-वि0पारे0मं0-द्वि0/ल0/92/2023-24 (निविदा खुलने की तिथि 19-03-2024):** विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड सरोजनी नगर, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र सरोजनी पर विभिन्न 132 के0वी0 बे पर स्थापित 145 के0बी0 सर्किट ब्रेकर की ओवरहॉलिंग एवं परिक्षण का कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार : धरोहर धनराशि रू0 2000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। **''राष्ट्र हित में बिजली बचायें'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन, एस0एल0डी0सी0 कैम्पस, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ-226010, पत्रांकः 447/ETC-II/L/वि0पारे0मं0-द्वि0/ल0/निविदा सं0 88-92/2023-24** **Date/दिनांकः** 16.02.2024

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम SHAHZADE ALAM था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAHZADE ALAM KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MUNAWWAR KHAN,BAGH NO-3, AWADH VIHAR COLONY, MANAS NAGAR, LUCKNOW, U.P.-226023

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। **- शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

सार्वजनिक सूचना

जी.एस. कालेज ऑफ लॉ

खजुरहट (गन्डई), तहसील-बीकापुर, जिला-अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड-224 206

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13.12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर ध्प्त पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।

आज्ञा से
अनुरुद्ध कुमार तिवारी
प्रबंधक - जी. एस. कॉलेज आफ लॉ
सचिव - जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी-मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या-214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अतः मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

सूचना

मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

सूचना

पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

सूचना

मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI,Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)- 276127**

एक नजर

खाद विक्रेता का लाइसेंस निलंबित, बिक्री की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी में उर्वरकों की बिक्री में फर्जीवाड़े की आशंका है। एक विक्रेता ने दो किसानों को मानक से अधिक यूरिया बेची है। जिसके अभिलेख नहीं हैं। लाइसेंस निलंबित करने के साथ जांच अधिकारी नामित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने जनवरी में खाद बिक्री की ऑनलाइन पोर्टल पर समीक्षा की तो काकोरी में एक विक्रेता के यहां बिक्री संदिग्ध पाई। विक्रेता ने जनवरी में दो किसानों को 45-45 बोरी यूरिया बेची। लेकिन, न किसान का पता न ही उनके अभिलेख हैं। पीओएस पर भी बिक्री नहीं की गई। इससे फर्जीवाड़े की आशंका पर लाइसेंस निलंबित कर दिया। साथ ही, अपर जिला कृषि अधिकारी को मामले की जांच दी है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जांच में जिस किसान को खाद 45-45 बोरी बेची उनकी जानकारी कर मौके पर क्षेत्रफल देखेंगे कि संबंधित किसान के पास उतना रकबा है या नहीं।

नेत्र परीक्षण कर बांटे 580 को रीडिंग ग्लास

अमृत विचार, लखनऊ : समाजसेवी संस्था कल्याणम करोति लखनऊ एवं ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा चार दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शुक्रवार को अंतिम दिन मल्हौर रोड गोमती नगर व अमौसी कानपुर रोड फिलिंग स्टेशन पर मेडिकल कॉलेज नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत कौर के नेतृत्व में टीम ने 827 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया। 580 नेत्र रोगियों को पढ़ने वाले रीडिंग ग्लास निशुल्क दिए। आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराईं। मोतियाबिंद से ग्रसित 27 नेत्र रोगियों को मेडिकल कॉलेज में निशुल्क ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया। ग्रीन गैस के आशुतोष, सूर्य कुमार गुप्ता, प्रवीण पाल, चंचल लोहिया, हरिओम, शुभम वर्मा, पिंटू यादव व मुख्यालय के अधिकारियों ने इस कार्य में सहयोग किया। शिविर में कल्याणम करोति संस्था से महामंत्री राष्ट्रगौरव शर्मा, हरीश मलिक, पीएल यादव, चंद्र किशोर मिश्रा, सुरेंदर मिश्रा, राजेंद्र पाल, संजय यादव उपस्थित रहे।

सौर ऊर्जा से रोशन होंगे शहर के पांच उपकेंद्र

बिजली सरप्लस होने पर उपभोक्ताओं को की जाएगी वितरित, प्रयोग सफल होने के बाद अन्य उपकेंद्रों पर भी लगेंगे पैनल

नीरज अभिषेक, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के पांच उपकेंद्र सोलर एनर्जी से लैस होंगे। बड़ी फॉल्ट होने पर भी ये उपकेंद्र रोशन रहेंगे। इन उपकेंद्रों पर सोलर पैनल से तैयार होने वाली अतिरिक्त बिजली का वितरण भी उपभोक्ताओं को किया जाएगा। प्रयोग सफल होने के बाद अन्य उपकेंद्रों पर भी सोलर पैनल लगाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, तमाम उपकेंद्रों में जगह है। बढ़ती हुई बिजली की मांग और अन्य तकनीकी पहलुओं को देखते हुए पॉवर कारपोरेशन ने सोलर पैनल की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं।

कई बार बड़ी फाल्ट होने पर पूरे शहर में विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। ऐसे में उपकेंद्र भी अंधेरे में डूब जाता है। वहां की अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। गर्मी के दिनों में बढ़ती बिजली की खपत को देखते हुए राजधानी के उपकेंद्र पर पावर कारपोरेशन अब सोलर एनर्जी सिस्टम लगाने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पहले चरण में पांच उपकेंद्रों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। विभाग इससे होने वाले फायदे का आकलन करेगा।

पहले शहर के पांच उपकेंद्रों पर सोलर लगाने के लिए अवर अभियंताओं से उपकेंद्र की छत की नाप कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। लेसा में सोलर पैनल लगाने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी पैनल को लगाने का काम किया जायेगा।

-रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता सिस गोमती

इसके बाद पूरे शहर के अन्य उपकेंद्रों को सोलर सिस्टम से लैस किया जाएगा।

यूपीपीसीएल के एक अधिकारी के अनुसार, पायलट प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के उपकेंद्रों से इसकी शुरुआत की जायेगी। लेसा ट्रांस में 64 बिजली उपकेंद्र हैं। वहीं, सिस गोमती में 95 बिजलीघर हैं। उपकेंद्र पर सोलर सिस्टम लगाने के लिए बने मानकों के अनुसार से ही उपकेंद्र अधिकारियों को जगह के चुनाव के लिए कहा गया है। वितरण में बिजलीघर बनने के लिए 50 मीटर गुणे 50 मीटर की जगह नियमानुसार होनी चाहिए। वही ट्रांसमिशन में कार्यालय बनाने के लिए 100 मीटर गुण 200 मीटर की जगह निर्धारित की गई है। सोलर पैनल विक्रेता आशुतोष तिवारी ने बताया कि बड़े उपकेंद्रों पर सोलर पैनल लगाने में 5 से 8 लाख रुपये का खर्च आ सकता है। इसके बाद उपकेंद्रों में 24 घंटे बिजली रहेगी।

कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के रेजीडेंसी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत 11 केवी पोषक कैसरबाग पर स्मार्ट सिटी के तहत अंडर ग्राउंड केबल चार्ज करने का कार्य शनिवार को किया जाएगा। जिसके चलते इस फीडर से होने वाली सभी इलाकों की सप्लाई को बंद किया जायेगा। जिसमें जगत नारायण रोड, रेड क्रॉस हॉस्पिटल, बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, जिला पंचायत आफिस और कैसरबाग बस स्टेशन के आसपास की बिजली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक गुल रहेगी। वहीं हनुमान सेतु बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत 11 केवी चाइना बाजार फीडर पर सीएसएस और आरएमयू को चार्ज करने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते इस फीडर से होने वाली सप्लाई से जुड़े क्षेत्रों में दिनभर बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता रेजीडेंसी ने दी।

राजधानी के कई इलाकों में गुल रही बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन राजधानी में अनुरक्षण कार्य तेजी से करा रहा है। इसके लिए कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को बंद कर जर्जर तारों के साथ खंभे और फीडरों का मेंटीनेंस किया जा रहा है। जिसके चलते बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को शहर के ठाकुरगंज, महानगर और अलीगंज में आरडीएसएस योजना के तहत इलाकों के जर्जर तारों के बदलने के कारण छप्पर तल्ला, बड़ा चांदगंज बनारसी टोला, ततारपुर, चौधरी टोला में करीब 5 घंटे बिजली गुल रही। वहीं, निशातगंज के चौथी और पांचवीं गली में ट्रांसफॉर्मर में आई तकनीकी खामी के चलते कई घंटों तक बिजली नहीं आई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बिजली चले जाने के उपरांत बिजली घरों के कर्मचारी और अधिकारी फोन तक नहीं उठाते हैं। हम लोग बस दिनभर उपकेंद्र का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

धरे रह गए अरमान, बजट नहीं बढ़ाया सरकार..

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जम्मू-कश्मीर से 1990 में विस्थापित होकर आए थे 99 परिवार
- आठ परिवारों की स्थिति खराब
- परिवार के लोगों ने प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान, आरटीई के तहत अच्छे सरकारी स्कूल में दाखिला और पेंशन राशि बढ़ाने की मांग की थी
- पेंशन राशि के लिए नहीं बढ़ा बजट, 20 करोड़ ही जारी हुए

अमृत विचार : कश्मीर से विस्थापित हुए परिवार में से आठ परिवार 33 वर्षों बाद भी उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। आठ परिवारों के लोगों को पेंशन बढ़ने के साथ ही अन्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी थी, मगर बजट न बढ़ने से उनके अरमानों पर पानी फिर गया।

वर्ष 1990 में जम्मू-कश्मीर से 99 परिवार विस्थापित किए गए थे। इनमें से एक परिवार अयोध्या में बस गया और शेष परिवार नोएडा में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं। सभी को वर्ष 1992 से 750 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। इनको रहने के लिए जनता फ्लैट दिए गए हैं। नोएडा के आठ परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। ये सभी परिवार आर्थिक बदहाली का दंश झेल रहे हैं और एक ही कमरे के फ्लैट में गुजर बसर कर रहे हैं। वर्ष 1992 से इनकी पेंशन की धनराशि में आज तक बढ़ोतरी नहीं हुई है। यह परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी नहीं दिलवा पा रहे हैं। इनकी स्थिति को लेकर समाज कल्याण निदेशालय की ओर से सर्वे कराया था। सर्वे के बाद इनकी पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान देने, आरटीई के तहत अच्छे सरकारी स्कूल में शिक्षा दिलाने की मांग की थी। निदेशालय की ओर से पेंशन बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था मगर उसको हरी झंडी नहीं मिल सकी। पिछले वित्तीय वर्ष में भी इनके लिए 20 करोड़ का बजट जारी हुआ था और इस बार भी 20 करोड़ का ही बजट जारी किया गया। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि विस्थापितों को सुविधा दिलाने और पेंशन राशि बढ़वाने के लिए नए सिरे से प्रयास करेंगे।

बीपी संस्थान को मिले 2.50 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

- लैब में लगेगा डब्ल्यूएफआई प्लांट व दीवारों पर होगी कोडिंग
- औषधि महानियंत्रक के मानकों पर विकसित की जाएगी लैब

अमृत विचार : पशु जैविक औषधि संस्थान (बीपी) का संचालन करने के लिए 2.50 करोड़ रुपये पशुपालन विभाग को मिले हैं। इस धनराशि से नामित कंपनी औषधि महानियंत्रक के मानकों पर वैक्सीन बनाने के लिए लैब को विकसित करेगी। अमृत विचार ने यह मुद्दा उठाया था।

बीपी संस्थान में पशुओं की वैक्सीन का पुनः उत्पादन करने के लिए औषधि महानियंत्रक से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया और तेज हो गई है।

औषधि महानियंत्रक के मानकों पर पुरानी लैब को विकसित करने के लिए शासन ने 2.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। गुरुवार को पशुपालन विभाग को धनराशि भी मिल गई है। इससे लैब में शुद्ध पानी के लिए वाटर फॉर इंजेक्शन प्लांट लगेगा।

तापमान नियंत्रित करने के लिए एच वैक व धूल-मिट्टी रोकने के लिए दीवारों की ई पॉक्सी कोडिंग कराई जाएगी। अपर निदेशक जयकेश पांडेय ने बताया कि वैक्सीन बनाना शासन की प्राथमिकता में हैं। लैब विकसित करने के लिए कंपनी पहले ही नामित हो चुकी है। जो जल्द लैब तैयार करेगी। किसी तरह की समस्या नहीं है। जल्द लाइसेंस लेकर कई तरह की वैक्सीन का उत्पादन करेंगे। इससे काफी बचत होगी।

मलबा हटवा कर बनवाएं सड़क तो शुरू हो कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आलमबाग नटखेड़ा रोड व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जोन-5 के जोनल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि नटखेड़ा रोड के मार्गों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। खोदी गईं सड़कों से मलबा हटवाया जाए जिससे कारोबार गति पकड़ सके।

पूरा बाजार दिनभर धूल के गुबार के बीच रहता है। इससे लोग दुकानों में प्रवेश करने से गुरेज करते हैं। बहुत जरूरी हुआ तभी वह नटखेड़ा रोड की ओर का रुख करते हैं। सीवर के मेनहोल के ढक्कन टूट चुके हैं। सीवर ऊंचा-नीचा है। इसमें लोगों अपने दोपहिया वाहनों के साथ पलटते हैं। बाजार में प्रतिदिन सफाई तक नहीं होती है। ज्यादातर नटखेड़ा रोड से आजाद नगर पकरी के पुल तक सड़क उबड़-खाबड़ है।

जोनल अधिकारी बाजार की समस्याओं का ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

- व्यापारियों ने सौंपा जोनल अधिकारी को ज्ञापन

इसकी वजह से रोज हादसे होते हैं। इससे आवाजाही में परेशानी होती है। गोविन्द गली से गुरुनानक नगर तक रोड बहुत खराब है। जोनल अधिकारी नंद किशोर ने इन सभी मुद्दों पर व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया। ज्ञापन देने वालों में आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, महामंत्री उपकार सिंह, महामंत्री राजन सोनकर, उपाध्यक्ष रोहित पंजवानी, संगठन मंत्री रूबल सिंह आदि कई व्यापारी नेता रहे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर चल रही तैयारी का जायज़ा लेते जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, साथ में अन्य। अमृत विचार।

पीएचसी की समीक्षा बैठक में डॉक्टरों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (अर्बन) की सीएमओ कार्यालय में हो रही थी समीक्षा बैठक
- डॉक्टर मारपीट पर हो गए उतारू अधिकारियों ने कराया शांत

अमृत विचार : राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (अर्बन) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान संविदा डॉक्टरों ने जमकर हंगामा किया। अफसरों के सामने ही गाली गलौज शुरू हो गई। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। किसी तरह अफसरों ने मामले को शांत कराया। आरोप है कि संविदा डॉक्टर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के कियान्वयन में रुचि नहीं ले रहे थे। इसे लेकर अफसरों ने आपत्ति जताई थी। सीएमओ ने मामले की रिपोर्ट तलब की है।

राजधानी में सीएमओ के अधीन करीब 54 पीएचसी का संचालन हो रहा है। इसमें एनएचएम के तहत संविदा पर डॉक्टर तैनात हैं। इन डॉक्टरों को मरीजों के इलाज के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराना है। आरोप है कि कई पीएचसी के डॉक्टर राष्ट्रीय कार्यक्रमों का निर्वाहन नहीं कर रहे थे। इसे लेकर बैठक में एनएचएम के अफसरों ने उनसे नाराजगी जताई। इससे पीएचसी के डॉक्टर भड़क उठे। डॉक्टरों ने ओपीडी में मरीजों का इलाज के अलावा कोई भी अन्य काम करने से मना किया। इसे लेकर अफसर-डॉक्टरों के बीच बैठक में जमकर तीखी झड़प हुई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, समीक्षा बैठक में जिन भी डॉक्टरों ने गाली गलौज की है। इसको लेकर संबंधित नोडल अफसर से रिपोर्ट तलब की गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

वर्ष 2019 में भी हुई थी मारपीट की घटना

समीक्षा बैठक में अर्बन पीएचसी के कई ऐसे डॉक्टर भी शामिल थे। जिनके द्वारा वर्ष 2019 में सीएमओ आफिस में मारपीट की गई थी। उस दिन भी समीक्षा बैठक में हंगामा हुआ था। जिसके बाद सीएमओ आफिस में मारपीट हुई। इसके बाद डॉक्टर कर्मचारियों से भिड़ गए थे।

कैंसर के जोखिम को कम करना है तो छोड़ें तम्बाकू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी विभाग का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया

अमृत विचार : बीडी-सिगरेट, तम्बाकू और सुपारी आदि के सेवन की वजह से मुंह के कैंसर के रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। तंबाकू उत्पादों को त्याग कर खुद को मुंह के कैंसर से बचाया जा सकता है। यह सलाह केजीएमयू दंत संकाय के डीन डॉ. रणजीत कुमार पाटिल ने दी।

वह शुक्रवार को दंत संकाय के सभागार में स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक धूम्रपान करने से मुंह के भीतर सफेद झिल्ली बन जाती है। छाले निकलने लगते हैं। हल्की मिर्च खाने पर मरीज को काफी तीखा लगता है। वह कुछ भी कडुवा नहीं खा पाते हैं। ऐसे लोगों को सतर्क हो जाना चाहिए। इलाज में लापरवाही बरतने से यह लक्षण कैंसर में तब्दील हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे करीब 13 प्रतिशत मामले आगे चलकर कैंसर में तब्दील होते हैं। इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी की अध्यक्षा डॉ. नीता मिश्रा ने कहा कि पान मसाला खाने वालों का मुंह धीरे-धीरे खुलना कम हो जाता है। यह भी गंभीर चिंता का विषय है। मुंह के कैंसर का एक लक्षण हो सकता है। उन्होंने कहा कि मुंह कम खुलने के साथ छाला पड़ना, लाल और सफेद दाग होना शामिल है। केजीएमयू के रेडियोलॉजी विभाग के डॉ.सुधीर कुमार ने कहा कि मुंह के कैंसर से बचने के लिए सुपारी, गुटखा आदि धूम्रपान से दूर रहें। नियमित मुंह की सफाई करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह लें। कार्यक्रम में केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, मुंबई के डॉ. हेंमत उमरजी समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

19 को 1090 और गोमती नगर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शहीद पथ व लोहिया पथ पर डायवर्जन लागू
- रोडवेज बसों की लोहिया और शहीद पथ से आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 फरवरी को लखनऊ आगमन हो रहा है। उनके कार्यक्रम के मद्देनजर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दिन 1090 व गोमतीनगर की तरफ जाने से बचें। एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान शहर के कई रास्तों पर वाहनों के आवागमन में बदलाव रहेगा।

एडीसीपी ने बताया कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित है। ऐसे में 19 फरवरी (सोमवार) को वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विजयीपुर शहीद पथ अंडरपास से आईजीपी चौराहे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस बीच, वाहन सवार इन रास्तों पर आवागमन करने से बचें। बताया कि रोडवेज व सिटी बसों की लोहिया पथ और शहीद पथ पर 19 फरवरी को आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

यह रहेगा बदलाव

- लामार्ट गोल्फ चौराहे से 1090 समता मूलक होकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से विजयीपुर की तरफ जाने से बचें।
- कामता और कठौता की तरफ जाने वाले वाहन चालक आईजीपी चौराहा से जाने के स्थान पर पालिटेक्निक की तरफ से आवाजाही करें।
- वीवीआईपी मूमेंट कारण शहीद पथ पर भारी वाहनों का संचालन बंद रहेगा। हल्के वाहन भी इस रास्ते जाने से बचें।

ई रिक्शा चालकों की मनमानी पड़ रही भारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यातायात और पुलिसकर्मी जानकर भी बने रहते हैं अनजान

अमृत विचार : सुबह से देर शाम तक शहर के अधिकतर चौक-चौराहे अवैध वाहन स्टैंड में तब्दील नजर आते हैं। इन स्थानों पर सैकड़ों की तादाद में ऑटो और ई-रिक्शा चालक जमे रहते हैं। इससे इन स्थानों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बाद भी यातायात पुलिस जानकर भी अनजान बनी रहती है। इसका खामियाजा शहर वासियों को जाम में फंसकर भुगतना पड़ता है।

कैसरबाग बस अड्डा चौराहे से लेकर आसपास की सभी सड़कों पर दिन भर सैकड़ों की तादाद में ऑटो व ई-रिक्शा चालक जमे रहते हैं। ऐसे में यहां पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार वाहन तो दूर पैदल निकलने तक के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। कुछ ऐसे ही हालात केजीएमयू चौराहा, चारबाग, आलमबाग, बर्लिंग्टन आदि चौराहों पर रहता है। इसके अलावा भी कई ऐसे प्रमुख स्थान हैं, जहां पर सवारियों को बिठाने के चक्कर में ऑटो व ई-रिक्शा चालक जाम लगा देते हैं। एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार का कहना है कि मनमानी करने वाले ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

छत्रपति शिवाजी सेना 28 मार्च को निकालेगी हिन्दू राष्ट्र जन जागृति पद यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : छत्रपति शिवाजी सेना की महत्वपूर्ण बैठक महाराणा प्रताप चौराहा हुसैनगंज कार्यालय में संस्थापक जयदेव प्रभु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया गया कि 28 मार्च से हिन्दू राष्ट्र जन जाग्रति पद यात्रा की शुरुआत होगी। जिसमें प्रथम चरण महोली (सीतापुर) से लखनऊ 120 किलोमीटर पद यात्रा होगी। इस यात्रा में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई के हजारों कार्यकर्ता व समर्थक भाग लेंगे। जिसमें हिन्दुत्व का संगम होगा। बैठक में एडवोकेट केके शर्मा, ओपी द्विवेदी, संजय शुक्ला, किशन बहादुर सिंह थापा, अनुपम गुप्ता, आशीष सोनकर, शेर सिंह, भवानी शुक्ला पूर्व जिला प्रमुख शिव सेना लखीमपुर आदि ने भाग लिया।

सक्रियता आधुनिक थिएटर के जनक माने जाते हैं बिसारिया, अभिनय व निर्देशन के बेताज बादशाह राज थे यारों के यार

राज बिसारिया के न होने का मतलब है बहुतेरे सवालों का मर जाना

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर भारत में आधुनिक थियेटर के जनक कहे जाने वाले राज बिसारिया नहीं रहे। अभिनय और निर्देशन की दुनिया के बेताज बादशाह राज बिसारिया हमें हमेशा के लिए छोड़ गए। उनकी जिन्दगी का अभिनय भी अब समाप्त हो गया। बेहतर रहन-सहन, सीधी- सपाट बात कहने की आदत, रिश्तों को किसी भी हद तक निभाने की क्षमता और काम के दौरान कोई भी बात न सुनने का जज्बा अपनाने वाले राज बिसारिया ऊपर से जितने कड़क और गुस्सैल नजर आते थे, भीतर से उतने ही नरम और मोहब्बत करने वाले थे। लखीमपुर खीरी में 10 नवंबर 1935 को जन्मे राज बिसारिया एक निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और शिक्षाविद थे।

काल्विन कालेज और लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई के बाद वह लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर हो गए थे, लेकिन थियेटर तो जैसे उनकी रगों में दौड़ता था। सोते-जागते सिर्फ अभिनय और निर्देशन ही नजर आता था। भारतेन्दु नाट्य अकादमी जैसा शिक्षण संस्थान उन्हीं की देन है। नाट्य संस्था थियेटर आर्ट्स वर्कशाप (टॉ) के जरिये वह पूरी जिन्दगी रंगमंच को समृद्ध करने में लगे रहे।

फ़िल्मी दुनिया के सैकड़ों नामवर कलाकार उनके पांव छूकर स्वयं को धन्य मानते थे। मोहन राकेश, बादल सरकार, धर्मवीर भारती और शंकर शेष उनके पसंदीदा लेखक थे। जूलियस सीजर, मैकबेथ, अंधा युग, बाकी इतिहास और आधे अधूरे उनके वह नाटक हैं। जिन्हें रंगमंच की दुनिया में कोई भूल नहीं पायेगा। राज बिसारिया की खासियत यह थी कि वह पर्दे के पीछे हों या फिर सामने मंच पर लेकिन उनके काम में कभी कृत्रिमता नजर नहीं आती थी।

राज बिसारिया

करीब 30 साल पहले वह रवीन्द्रालय में एक नाटक का रिहर्सल कर रहे थे। दृश्य बहुत गंभीर था। यह गंभीर दृश्य काफी लम्बा था। अचानक से नाटक में अभिनय कर रहे वरिष्ठ रंगकर्मी ऋषि वैश्य ने पूछा कि साहब चाय लाऊं क्या...? इसके बाद तो राज बिसारिया बम की तरह से फूटे। ऋषि वैश्य पर खूब चिल्लाये। इतना ज्यादा नाराज हो गए कि एक घंटे तक रिहर्सल रुका रहा। वो सामान्य हुए तो दोबारा से रिहर्सल शुरू हुआ। फिर से वह गंभीर दृश्य आया। जैसे ही पहले वाले प्वाइंट पर पहुंचे ऋषि वैश्य ने अचानक से फिर वही सवाल किया, साहब चाय लाऊं क्या...? नाराज राज बिसारिया ने उस दिन रिहर्सल बंद कर दिया।

दूसरे दिन फिर से रिहर्सल शुरू हुआ और ऋषि वैश्य ने फिर वही सवाल पूछा। इस बार राज बिसारिया सिर पकड़कर बैठ गए। काफी देर वैसे ही बैठे रहे, फिर बोले, चल यह संवाद भी इस नाटक का हिस्सा बना। यह तो सोचा ही नहीं था कि इतने गंभीर दृश्य से हमारी एग्जिट कैसे होगी। ऋषि वैश्य नहीं रहे तो 20 साल पहले खुद यह बात राज बिसारिया ने बताई थी। रंगमंच से जुड़े वह शायद अकेले ऐसे शख्स थे जो हमेशा राजा की तरह नजर आते थे। रंगमंच में जो भी मेहनत करता दिखाई देता उसके कंधे पर राज बिसारिया का हाथ आ ही जाता था। दिग्गज अभिनेता हेमेन्द्र भाटिया का 2022 में मुम्बई में निधन हो गया तो राज बिसारिया को गहरा धक्का लगा। वह उन्हें बेटे की तरह प्यार करते थे। लखनऊ में उन्होंने अपने दफ्तर में हेमेन्द्र भाटिया के लिए हवन किया।

रंगमंच की साधना के लिए राज बिसारिया को पद्मश्री, यश भारती, संगीत नाटक अकादमी सम्मान, कालीदास सम्मान और यूपी रत्न जैसे तमाम अवार्ड मिले, लेकिन इन पुरस्कारों का रंग कभी उन पर हावी नहीं हो पाया। उनके सिखाए हुए कलाकार फ़िल्मी दुनिया में छा गए, लेकिन उन्होंने रंगमंच को ही कसकर पकड़कर रखा. उनके बारे में कहा जाता था कि उनकी इंट्री बहुत दिलचस्प होती है और उनकी एग्जिट चौंका जाती है। सचमुच आज अचानक से उनके न रहने की खबर आई तो हर सुनने वाला चौंक गया।

यूनिवर्सिटी में वह अंग्रेजी पढ़ाते थे। थियेटर में बहुत कुछ सिखाते थे। वह कहानियां चुनना भी जानते थे और कलाकार चुनना भी जानते थे। वह कहीं भी मिलें, कभी भी मिलें, हमेशा शिक्षक की भूमिका में ही नजर आते थे।

अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से होगी 9वीं की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से कक्षा 9 की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए 1 अप्रैल से दाखिले शुरू होंगे। 140 सीटों में आधी बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। आवेदन फार्म 23 फरवरी तक मिलेंगे और प्रवेश परीक्षा 13 मार्च को होगी। श्रमिकों एवं कोविड में अनाथ हुए बच्चों के दाखिले अटल आवासीय विद्यालय में होते हैं। विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण की सुविधा दी गई है। सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित अटल आवासीय विद्यालय में रहना, खाना और शिक्षा निशुल्क है। कक्षा 6 और 9 के दाखिले के लिए बच्चों की आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

सहायक श्रम आयुक्त शिव नारायण ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय बच्चों को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। किसी भी मजदूर और निराश्रित के लिए अपने बच्चों को कानवेंट व बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाना एक सपना होता है। ऐसे गरीब लोगों का सपना इस योजना के माध्यम से साकार हो सकेगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में खेल एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो शातिरों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, उन्नाव के मौरावा थानाक्षेत्र अंतर्गत गंगा बक्श खेड़ा निवासी रजनीश कुमार ने गत 7 फरवरी को वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार देर रात पुलिस ने अलकनन्दा चौराहे के पास कैंट के कटहरी बाग निवासी शकील खान और नीलमथा के आशीष सिंह चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

युवती को अश्लील फोटो भेजने का आरोप

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र के अर्जुन बिहार निवासी युवक ने आरोप लगाया कि पिछले छह माह से राम बिहार निवासी संदीप बहन को ब्लैकमेल कर रहा है। वह नए नए नम्बर से अश्लील फोटो भेजता है और रास्ते में रोकने की कोशिश करता है। वह बहन की शादी नहीं होने की धमकी भी दे रहा है। फोन पर मुझे और मेरी बहन को जान से मारने की धमकी देता है। भाई ने संदीप के खिलाफ पारा थाना में मामला दर्ज कराया है।

टॉनिक क्लब में मारपीट पर एफआईआर दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में टॉनिक क्लब में बीते मंगलवार हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित राजन सिंह निवासी सेक्टर एच अलीगंज में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने कुछ दोस्तों के साथ प्लासियो मॉल स्थित टॉनिक क्लब गया था। जहां पर गैंगस्टर राजू गाजी निवासी सकौली, उज्जवल वाजपेई निवासी हिम सिटी मडियांव तथा विशाल सिंह चौहान व सौरभ भी मौजूद थे। जो नशे की हालत में उससे वह उनके मित्र सक्षम सक्सेना से अभद्रता करने लगे। विरोध पर मारपीट करने लगे। जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

भाई से की मारपीट, समझाने पर मां को मार डाला

भूमि बिक्री के रुपये को लेकर हुआ था विवाद, तीसरे बेटे ने दर्ज कराई रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर गहदो गांव में गुरुवार रात जमीन बिक्री के रुपयों के लिए दो भाइयों में मारपीट हो गई। समझाने पर छोटे भाई ने ईंट से कूचकर मां की हत्या कर दी। तीसरे बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, कल्याणपुर गहदो गांव में जमील पत्नी मुमताज (65), तीन बेटों और एक बेटी के साथ रहते हैं।

मृतका मुमताज

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी खलील

जमील ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर शाम करीब 8.00 बजे बेटा खलील नशे में धुत होकर घर पहुंचा और रुपयों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। बड़े बेटे सुफियान ने खलील का विरोध किया। इस पर दोनों भाइयों में मारपीट होने लगी। मुमताज बीच-बचाव करने लगी। उसने सुफियान को वहां से भगाया दिया और खलील को समझाने लगी। इस बीच खलील ने घर पर रखी ईंट से मां के सिर कूच दिया और भाग गया। चीख सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। वहां मुमताज लहूलुहान पड़ी मिली।

परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने मुमताज को माल सीएचसी पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि महिला के तीसरे बेटे शानू ने भाई खलील पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रात भर बाग में छिपा रहा हत्यारोपी : अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वारदात को अन्जाम देने के बाद हत्यारोपी रात भर आम के पेड़ों की आड़ में बाग में छुपा रहा। सोमवार को तड़के पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोपहर पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव पहुंचा।

पिता ने बताया था जान का खतरा

जमील ने बताया कि खलील नशे आदी है। जिस वजह से पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। रहीमाबाद क्षेत्र में पैतृक जमीन है। नवम्बर में साढ़े तीन बिसवा जमीन जमील ने बेची थी। जिस पैसा उनके खाते में पड़ा है। इन्हीं रुपयों को लेकर खलील आए-दिन झगड़ा करता था। विरोध करने पर भाईयों की हत्या करने की धमकी देता था। जमील ने बताया कि दिसम्बर में बेटे से जान का खतरा बताते हुए रहीमाबाद थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बेटों का कहना है कि अगर पुलिस ने कार्रवाई की होती तब शायद मां मुमताज जिंदा होती।

महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उतारे आभूषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अमीनाबाद में खरीदारी करने आई महिला को बनाया निशाना

अमृत विचार : अमीनाबाद की सप्ताहिक बाजार में गुरुवार को खरीदारी करने आई एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर टप्पेबाज महिलाओं ने उसे बेसुध कर दिया। उसके बाद टप्पेबाज महिलाएं पीड़िता के आभूषण लेकर वहां से चंपत हो गई। हालांकि, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाजारखाला थानाक्षेत्र अंतर्गत ऐशबाग पीली कॉलोनी निवासी समित कौर अमीनाबाद की बाजार में खरीदारी करने पहुंची थी। आरोप है कि शाम करीब 7 बजे दो महिलाएं उनका पीछा करने लगी। इसके बाद महिलाओं ने एटीएम का पता पूछने के बहाने बातचीत कर पीड़िता को एक गली में लेकर गई। जहां उसे रूमाल में नशीला पदार्थ सुंघाकर बेसुध कर दिया। जिसके बाद महिलाओं ने उसकी उंगली से दो अंगूठियां, कान के टॉप्स और गले में पड़ी सोने की चेन उतरवा ली। कुछ देर बाद होश में आने पर पीड़िता को टप्पेबाजी का पता चला। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है।

पक्षी विहार का सपना संजो रही सौतल झील में हो रही खेती

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में 400 बीघे में फैली सौतल झील में फिर लोगों ने कब्जा कर लिया है।

सौतल झील अलदमपुर, जलालपुर, उसरना, परसहिया, उनई भडसर व किशुनपुर गांवों की 400 बीघा जमीन पर फैली है। कुछ लोगों ने झील की भूमि पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायतें सीएम और अधिकारियों से की थी। तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर झील को कब्ज मुक्त कराया कराकर झील के चारों तरफ जेसीबी से गड्ढे खुदवाये थे। चारों ओर पौधरोपण भी कराया था।

> मामला संज्ञान में आया है, जांच कराकर कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झील को विकसित करने के लिए शासन को पत्र लिखा जा चुका है। शासन से बजट की स्वीकृति मिलते ही काम कराया जाएगा।
>
> –सतीश चंद्र त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी, बीकेटी

प्रशासन की अपेक्षा के कारण झील में पानी नहीं है और पौधे भी सूख गए हैं। फिर से झील की जमीन पर कब्जे हो गए हैं। सैकड़ों बीघा जमीन पर गेहूं की खेती की जा रही है। ग्रामीणों ने शासन से झील को कब्जा मुक्त कराने और पक्षी विहार के रूप में विकसित कराने की मांग की है।

दोस्त को बचाने पहुंचे डेयरी संचालक पर चाकू से हमला

अमृत विचार, लखनऊ : बालागंज चौराहे पर खड़ी एंबुलेंस पर शराब की बोतल रखने का विरोध करने पर दबंगों ने चालक को पीटा। बीच-बचाव करने आए डेयरी संचालक दोस्त पर भी चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठाकुरगंज थाने के निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, प्रेमनगर राजा विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद मोबीन ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे वह दूध मंडी से घर लौट रहा था। बालागंज चौराहे के समीप अज्ञात युवक दोस्त अभिषेक की पिटाई कर रहे थे। मोबीन बीच-बचाव करने लगा। आरोप है कि युवकों ने मोबीन पर चाकू से वार कर दिया और भाग निकले। पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि वह एंबुलेंस चालक है। देर रात कुछ लोग उसकी एंबुलेंस पर गिलास रखकर शराब के पैग बना रहे थे। मना करने पर वह मारपीट करने लगे।

मदरसे की छत गिरने से मलबे में दबे चार मजदूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोलागंज जगत नारायण में शुक्रवार दोपहर एक मदरसे में स्लैब डालते वक्त बल्लियां टूटने से शटरिंग भरभरा कर गिर गईं। जिसमें काम कर रहे चार मजदूर मलबे में दब गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मजदूरों को मलबे से निकला बलरामपुर अस्पताल में पहुंचाया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र के गोलागंज जगत नारायण रोड पर तंजीमुल मकातिब मदरसा है। मैनेजर सगीरुल हसन रिजवी ने बताया मदरसे के पिछले हिस्से की पहली मंजिल पर किचन बना था, जहां टीन पड़ी थी। गर्मी की वजह से दूसरी मंजिल की शटरिंग बांधकर शुक्रवार को स्लैब डाली जा रही थी। इस दौरान मिस्त्री समीम, सुभाष, मजदूर रतन और नईम काम कर रहे थे। शाम करीब चार बजे अचानक धड़धड़ाते हुए शटरिंग गिर गई।

मदरसे की छत गिरने के बाद बिखरा पड़ा मलबा। अमृत विचार

घायल मजदूर

▸▸ स्लैब डालते समय बल्लियां टूटने से गिरी शटरिंग

चारों मिस्त्री और मजदूर मलबे के साथ नीचे गिर गए। शटरिंग गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुनकर इकट्ठा हुए इलाकाई लोगों ने पढ़ने वाले बच्चों की मदद से समीम, सुभाष, रतन और नईम को मलबे से निकाला और बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मजदूरों को अस्पताल से छुट्टी दे दी है।

किसान पथ पर कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत किसान पथ पर गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होने पर उस पर पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर गया। तभी पीछे से आ रही कार युवक को रौंदते हुए निकल गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार दो अन्य युवक बाल- बाल बच गए। मूलरूप से बाराबंकी के सतरिख निवासी मजदूर रंगीलाल (35) गुरुवार को रिश्तेदार के वहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पिता भगवानदीन के मुताबिक बेटा रंगीलाल बाइक से तिवारीगंज निवासी बुआ के लड़के दुर्गेश व उसके एक साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रंगीलाल बाइक पर पीछे बैठे था। रास्ते में बीबीडी स्थित किसान पथ पर बाइक पर बैठे रंगीलालाल का बैलेंस बिगड़ गया और वह उछलकर सड़क पर गिर गया। जब तक वह संभल पाता, तभी पीछे से आ रही कार उसे रौंदते हुए निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ भाई ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

अमृत विचार : माल क्षेत्र में गुरुवार देर रात विवाहिता का शव घर के पास स्थिति बाग में फंदे पर लटकता मिला। भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी जेठ फरार बताया जा रहा है।

मवई गांव निवासी मृतका के भाई विनोद ने तहरीर में बताया कि 21 फरवरी 2022 को बहन सुनीता (22) का विवाह काकराबाद निवासी छोटेलाल के साथ किया गया था। विवाह के कुछ महीने बाद पति और जेठ नवनीत दहेज में बुलेट, सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर सुनीता के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।

आरोप है कि गुरुवार रात पति और जेठ ने सुनीता को लात-घूसों, लाठी-डंडो से पीटा। इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को घर के पास स्थिति बाग में साड़ी का फंदा लगाकर लटका दिया। शव को लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस और मायकेवालों को सूचना दी।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मिली तहरीर के आधार पर पति छोटेलाल, जेठ नवनीत के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पति को शुक्रवार शाम हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चलेगा।

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

अमृत विचार, काकोरी : मंसूर नगर अम्रपाली योजना दुबग्गा निवासी सुमेर राजपूत (40) ने अपने घर में शुक्रवार सुबह पंखे के हुक में रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मृतक सुमेर कपड़े की पेंटिंग का काम कर करता था और पत्नी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। वर्तमान में इलाहाबाद में हुंडई कंपनी में कार्यरत है। फिलहाल फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विकास दुबे के नाम से युवती को धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : बिकरूकांड के दुर्दांत अपराधी विकास दुबे के नाम से एक युवती को दबंगों ने धमकाया। पीड़िता ने हजरतगंज कोतवाली में शिकायत देते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (29) ने दीप्ती द्विवेदी और गौतमपल्ली के जियामऊ निवासी समीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार शाम छोटी बहन के मोबाइल पर आरोपियों ने कॉल की। फोन रिसीव करते ही आरोपी बदसुलूकी करने लगे। विरोध पर आरोपी बिकरूकांड के दुर्दांत अपराधी विकास दुबे का नाम लेकर बहन को जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर चरित्रहीनता का आरोप लगाने लगे। आरोप है कि फोन पर दीप्ति ने कहाकि कानपुर वाले विकास दूबे की वह रिश्तेदार है। वह उनके परिवार को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकती है। वहीं, समीर ने पीड़िता के पति को भी धमकाया है।

शादी का झांसा देकर प्रेमिका का यौन शोषण

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▸▸ पांच वर्षों में पांच बार प्रेमिका का कराया गर्भपात

अमृत विचार : पारा थाने में एक युवती ने प्रेमी पर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पांच वर्षों से प्रेमी शादी करने का झांसा देकर उसका यौन शोषण करता रहा। इसी बीच उसने पांच बार उसका गर्भपात भी कराया। फिलहाल, पुलिस प्रेमी की तलाश में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, मूलरूप से हरदोई की अतरौली थानाक्षेत्र निवासी युवती (25) ने गांव निवासी अनुज सिंह पर यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में युवती ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व अनुज से उसकी दोस्ती हुई थी। नजदीकियां बढ़ने पर अनुज उससे शादी करने की बात कहर लखनऊ लेकर आया। फिर पारा क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर उसके साथ रहने लगा। आरोप है कि प्रेमी उसका शारीरिक शोषण करने लगा। हाल ही में अनुज गांव चल गया। इसके बाद उसने प्रेमिका से संपर्क करना बंद कर दिया। छानबीन किए जाने पर प्रेमिका को पता चला कि अनुज ने दूसरी लड़की से सगाई कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, बीकेटी : बख्शी का तालाब नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड 5 रामपुर देवरई के सभासद ने शुक्रवार को बीकेटी थाने में देवताओं पर वाट्सएप ग्रुप में अमर्यादित पोस्टर डालने के विरोध में तहरीर दी। रामपुर देवरई गांव निवासी सभासद भीम ने बताया कि उनका एक वाट्सएप ग्रुप है, इस ग्रुप में एक सदस्य हाजीपुर निवासी देशराज गौतम ने देवताओं को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्टर शेयर किया है। इससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : ससुराल से घर आ रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो गयी। परिजनों ने देर शाम शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है। ग्राम महमदखेड़ा गोसा लालपुर निवासी संतोष कुमार (30) गुरुवार देर रात करीब 10 बजे ससुराल कुन्ना से घर लौट रहे थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोइया में पुलिस चौकी के निकट बाइक अनियंत्रित होने से संतोष सड़क पर जा गिरा। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस, परिजन व रिश्तेदार आनन फानन उसे लखनऊ ले गये। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष माता पिता की इकलौती संतान था। मृतक के परिवार में पत्नी मालती व एक पुत्री अदिति है।

संतोष कुमार

महंत दिग्विजय नाथ को भारत रत्न देने की मांग

अमृत विचार, निगोहां : अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत दिग्विजय नाथ को भारत रत्न देने की मांग की है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आर पी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हुई बैठक के बाद पत्र भेजा गया। उन्होंने बताया कि दिग्विजय नाथ का जीवन एक आदर्श संत व लोकसभा सांसद के रूप में समाज एवं रामजन्म भूमि के लिए सराहनीय है। बैठक मे महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राघव मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्दन दुबे आदि मौजूद रहे।

शिक्षक के घर से लाखों के गहने और कागजात चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाना क्षेत्र में बेटी का मुंडन कराने गए शिक्षक के घर का ताला तोड़कर लाखों के गहने, लैपटाप और जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बंथरा सिकंदरपुर के अनन्या सिटी निवासी राजमोहन त्रिवेदी निजी स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को घर में ताला बंद कर परिवार के साथ बेटी का मुंडन कराने देवीपाटन जिले के तुलसीपुर, बलरामपुर गए थे। रात में चोर ताला तोड़कर घर में घुस गए और लॉकर से करीब 6 लाख रुपये कीमत के गहने, एक लैपटाप और पैन कार्ड, पासबुक, चेक बुक व आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात चोरी कर लिए। गुरुवार शाम घर लौटने पर चोरी की जानकारी हुई।

कपड़े की दुकान में चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक महिला की दुकान की दीवाल काट कर नकदी समेत सामान चुरा ले गये। समर बिहार कॉलोनी सिंगार नगर निवासी संदीप अठवानी ने बताया कि उनकी आलमबाग नटखेड़ा रोड पर महिला स्टोर के नाम से कपड़े की दुकान है। दुकान मालिक के मुताबिक, गुरुवार शाम दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। इस दौरान चोरों ने गल्ले में रखे 30 हजार की नकदी समेत कपड़े चोरी कर लिये। आलमबाग थाना प्रभारी शिवशंकर महादेवन ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश की जा रही है।

पति की मौत के दो माह बाद महिला को घर से निकाला

अमृत विचार, लखनऊ : पति की मौत के दो माह बाद ससुराल पक्ष ने एक महिला को घर से निकाल दिया। यह आरोप लगाते हुए महिला ने आशियाना थाने में शिकायत देते हुए सात परवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, माली टोला, बंगला बाजार भदरुख निवासी रानी की शादी कमलेश रावत से हुई थी। 29 नवंबर को पति की मौत हो गई। आरोप है कि इस घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। गत 11 फरवरी की दोपहर करीब तीन बजे वह घर पर अकेली थी। इसी बीच ससुराल पक्ष वाले उससे बदसुलूकी करने लगे। विरोध पर पिटाई कर दी। फिर मकान हड़पने की नियत से उसकी गृहस्थी भी सड़क पर फेंक दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अश्लील फोटो वायरल करने की दी धमकी, ब्लैकमेल

अमृत विचार, लखनऊ : अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। युवती के भाई ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित भाई ने बताया राजाजीपुरम निवासी संदीप छह माह से उसकी बहन को ब्लैकमेल कर रहा है। आरोपी नये नये नंबरों से बहन के पास अश्लील फोटो भेजता है। वहीं घर से बाहर निकलने पर बीच रास्ते में बहन को रोककर छेड़छाड़ करता है। भाई का कहना है कि आरोपी संदीप बहन की शादी करने से मना कर रहा है। बात नहीं मानने पर हम दोनों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने कहा बहन की अश्लील फोटो वायरल करने से समाज में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार ने कहा आरोपी संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

किसानों ने 7 घंटे बाद खत्म किया प्रदर्शन

संवाददाता, काकोरी

▸▸ भारी संख्या में पहुंची पुलिस और पीएसी ने किसानों को रोका

अमृत विचार : सरकारी विभागों की कार्यशैली और विभिन्न समस्याओं के निस्तारण न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन अवध के राजू गुप्ता गुट शुक्रवार को पारा के मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर फ्लाइओवर के नीचे प्रदर्शन शुरू कर किया।

किसान नेता संबंधित विभाग से सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। दोपहर तक किसी भी सक्षम अधिकारी के न पहुंचने पर नाराज सैकड़ो की संख्या में किसानों ने अवध चौराहे की तरफ पैदल कूच कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में पहुंची पुलिस और पीएसी ने किसानों को समझा बुझाकर रोक लिया। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार सव्या मिश्रा और एसीपी काकोरी शकील अहमद ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। घंटो बाद नायब तहसीलदार के आश्वासन पर करीब 7 घंटे बाद किसानों ने उच्च अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रदर्शन समाप्त कर किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम लोधी समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

पारा के मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर फ्लाईओवर के नीचे मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

सिगरेट न देने पर दुकानदार को कार सवार युवकों ने पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में कार सवार हमलावारों द्वारा दुकादार को पीट कर मरणासन्न करने का मामला सामने आया है। हजरजगंज कोतवाली के नरही निवासी हिमांशु नेगी ने बताया अहिमामऊ चौराहा के समीप वह पान की गुमटी रखे है। 13 फरवरी की रात वह गुमटी के सामने सो रहा था। रात करीब दो बजे कार सवार पहुंचे और सिगरेट व पान मसाला की मांगा। गुमटी बंद होने की बात कहते हुए उसने सामान देने से इनकार कर दिया। इस पर कार से उतर चार युवकों ने गाली गलौज कर डंडे व लातघूसों से पीट कर मरणासन्न कर दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने कहा कि कार नंबर के आधार पर चार अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

निजी अस्पताल की फार्मेसी से पांच लाख की दवाएं चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीसीटीवी में दवाएं चोरी करते दिखा सफाई कर्मी

▸▸ चोरी की दवाओं को अपने साथी को बेचता है आरोपी

अमृत विचार : सफाई कर्मी द्वारा अपोलो अस्पताल की फार्मेसी से लाखों की दवाएं चोरी होने का मामला सामने आया है। अस्पताल कर्मी की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृष्णानगर कोतवाली में अपोला अस्पताल के कर्मचारी संजय सिंह ने तहरीर दी। बताया अस्पताल के फार्मेसी मैनेजर आकाश चौधरी ने फार्मेसी से दवाएं गायब होने की शिकायत की थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर सर्विस कंपनी का सफाई कर्मी आकाश मौर्या निवासी थाना लालगंज, रायबरेली फार्मेसी और स्टोर से सफाई करते समय दवाएं चोरी करते दिखा। छानबीन में पता चला की चोरी की दवाएं आरोपी अपने साथी अमित मौर्य की दुकान पर बेचता है। उन्होंने फार्मेसी से करीब पांच लाख की दवाएं चोरी होने की आशंका जताई है।

इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया आकाश मौर्या और अमित मौर्या के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सिग्नल बॉक्स से साढ़े चार लाख के उपकरण चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत सर्वोदय बंधे के समीप लगे आईटीएमएक्स के सिग्नल बॉक्स का ताला तोड़ साढ़े चार लाख रुपये के इलेक्ट्रानिक उपकरण चोरों ने पार कर दिए है। सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वहीं, इंदिरानगर में चोरों ने घर में घुसकर इन्वर्टर समेत अन्य सामान पार कर दिया। उधर, पीजीआई पुलिस ने लोहे का गेट चोरी कर भाग रहे तीन शातिरों को पकड़ लिया है। गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, टेक्नोसिस सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप कुमार ने शिकायत में बताया कि ई-चालान के लिए सर्वोदयनगर बंधे पर आईटीएमएस का ओडीसी बॉक्स लगा है। कैमरों के संचालन के लिए बैटरी, यूपीएस के साथ कई उपकरण लगाए गए थे, जो 11 फरवरी को चोरी हो गए। बताया कि उपकरणों की कीमत करीब 4.5 लाख की आंकी गई है। वहीं, इंदिरानगर थानाक्षेत्र अंतर्गत तकरोही बाजार हनुमंत नगर निवासी विकास श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार रात चोरों ने उनके घर से इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में चोरी की करतूत कैद हो गई। पीड़ित ने इंदिरानगर थाने में तहरीर दी है। उधर, पीजरआई पुलिस ने बरौली गांव के समीप एक प्लाट से लोहे का गेट चोरी कर ई-रिक्शे से भाग रहे तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सूर्या, अनूप और मनीराम के रूप में हुई है।

महिला को बंधक बनाकर जान से मारने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस पर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

अमृत विचार : पारा निवासी एक महिला को बंधक बना कर मारने का प्रयास किया गया। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने महिला को मुक्त कराया, लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई तब थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

पारा थाना अंतर्गत मुजफ्फर खेड़ा निवासी इजलान ने बताया उसकी बहन तसबिया खातून को महराबर इजनान, अमाम इजनान आदि ससुरानीजनों ने जान से मारने की नीयत से तीन दिन भूखा रख कमरे में बंधक बनाये रखा। शिकायत पर 4 जनवरी को स्थानीय पुलिस ने बहन को बंधन मुक्त कराया था, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। आरोपी बहन को गाली गलौज कर पैतृक मकान पर कब्जा करने की नीयत से घर से निकालना चाहते हैं। महावर रिवाल्वर दिखा दोनों को जान से मारने की धमकी देता है।

मामले में आलाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने महराबर इजनान, अमाम इजनान समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

हिल्टन कप के लिए घुड़दौड़ कल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ रेस कोर्स में 18 फरवरी को घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस बार यह घुड़दौड़ हिल्टन कप के लिए होगी। लखनऊ रेस कोर्स के सदस्यों के अनुसार, पहली रेस इंडियन ब्रीड की होगी। उसके बाद थॉरोब्रीड की रेस आयोजित की जाएगी। इस रेस को देखते हुए शुक्रवार को घोड़े के मालिक भी रेस कोर्स पहुंचे। यहां उन्होंने तैयारी को लेकर जॉकी और घोड़ों की देखरेख करने वालों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : मांगों को लेकर मदरसा आधुनिक शिक्षक पिछले 62 दिनों से ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने कहा कि कई बार आश्वासन के बाद भी मुख्यमंत्री से हम लोगों की बातचीत नहीं कराई गई है।प्रदेश मीडिया प्रभारी अनन्त प्रताप सिंह ने कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ड्रीम योजना थी। इसके माध्यम से उन्होंने अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का सपना देखा था। कृष्ण कुमार कन्नौजिया, अजित प्रताप सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि शीघ्र ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो शिक्षक आमरण अनशन, आत्मदाह करने के साथ मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, विधानसभा, सचिवालय एवं निदेशालय का घेराव करने पर मजबूर होंगे | धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अली उर्फ सिकन्दर बाबा, प्रदेश सलाहकार इसरार अहमद इदरीसी, प्रदेश महासचिव सुनील सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी, अनन्त प्रताप सिंह देवता दीन अनंत प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार कनौजिया समेत हजारों मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक मौजूद रहे।

संजीत और अमन की पारी से छत्तीसगढ़ मजबूत

रणजी ट्रॉफी : पहले दिन बनाए 4 विकेट पर 238 रन, संजीत ने खेली शतकीय पारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 40 रनों पर 3 विकेट गंवाने के बाद लड़खड़ाई छत्तीसगढ़ की टीम के लिए संजीत देसाई और कप्तान अमनदीप संकट मोचक बने। इन दोनों के बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश के खिलाफ मेहमान टीम वापसी करने में सफल रही। शुक्रवार को पहले दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 4 विकेट खोकर 238 रन बना लिए थे। शतकवीर संजीत देसाई (नाबाद 113 रन) और कप्तान अमनदीप के अर्धशतक (नाबाद 70 रन) शुक्रवार को मैच खत्म होने तक विकेट पर मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने पहले सत्र में शानदार गेंदबाजी की, लेकिन बाद में वह गेंदबाजी लय से भटकी नजर आई।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के कप्तान अमनदीप ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। शुरुआती दौर में यह फैसला गलत महसूस हुआ। 18 रन के योग पर सलामी बल्लेबाज एकनाथ 8 रन के निजी योग पर तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर दूसरे स्लिप पर खड़े अक्शदीप नाथ को कैच दे बैठे।

चार रन ही स्कोर आगे बढ़ा था कि तभी दूसरे सलामी बल्लेबाज शशांक चंद्राकर 14 रन बनाकर आकिब खान की गेंद पर विकेटों के सामने पाए गए। 40 रन के योग पर छत्तीसगढ़ का तीसरा विकेट मिला। आशुतोष सिंह 14 रन के योग पर सौरभ कुमार की गेंद पर शिवम शर्मा को कैच थमा बैठे। इसके बाद जीवेश और संजीत ने पारी को संभाला। दोनों ने 40 रन जोड़े। लेकिन जीवेश 100 गेंदों पर 9 रन बना कर आकिब खान का दूसरा शिकार बने। लगातार गिरते विकेट को देखते हुए कप्तान अमनदीप सिंह और संजीत विकेट पर टिक गए। इसके बाद शुक्रवार को खेल खत्म होने तक एक भी विकेट नहीं गिरा। दोनों ने मिलकर 150 रन जोड़े। संजीत ने 113 रन की नाबाद शतकीय पारी के दौरान 212 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौके और तीन छक्के जड़े। दूसरे छोर पर 70 रन की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले अमनदीप सिंह ने 110 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्का जमाया। उत्तर प्रदेश की ओर से आकिब ने 55 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि यश दयाल और सौरभ कुमार ने एक-एक विकेट मिला।

दूसरा विकेट गिरने के बाद खुशी मनाते उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी, टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तान और अंपायर। अमृत विचार

कर्बला पर कब्जे को लेकर मौलाना कल्बे जवाद धरने पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास बाग़ की जमीन को लगातार भू माफिया द्वारा बेचे जाने के खिलाफ प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने शुक्रवार को धरना शुरू कर दिया। मौलाना कल्बे जवाद ने पहले भी इस सम्बन्ध में धरना देने का एलान किया था, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें धरना-प्रदर्शन न करने के लिए इस वादे के साथ मना लिया था कि कर्बला की जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

प्रशासन और पुलिस के आश्वासन के बावजूद भू माफिया के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने से नाराज मौलाना कल्बे जवाद ने शुक्रवार को कर्बला अब्बास बाग़ में जोहर की नमाज से लेकर मगरिब की नमाज तक धरना दिया। उनके साथ धरने पर बड़ी संख्या में लोग बैठे। मौलाना ने एलान किया कि कर्बला अब्बास बाग़ में रोजाना धरना दिया जायेगा। मौलाना का आरोप है कि कर्बला अब्बास बाग की जमीन पर ठाकुरगंज पुलिस के संरक्षण में लगातार निर्माण कार्य चल रहा है। शिकायतों के बावजूद भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई में ताल मटोल की जा रही है। धरने की खबर पाकर एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव और एसीपी चौक मौके पर पहुंचे, लेकिन इस बार वह मौलाना को मना नहीं पाये।

सूर्यांश ने हिंदुस्तान फायर क्लब को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अक्षत अग्रवाल (3 विकेट) और आर्यन कनौजिया (दो विकेट) की गेंदबाजी के बाद सूर्यांश कुमार राय (96) की उम्दा बल्लेबाजी से हिंदुस्तान फायर क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब को 3 विकेट से हराते हुए पूरे अंक हासिल किए।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट गंवाकर 169 रन का स्कोर बनाया। शीर्ष दो बल्लेबाज 17 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद अभय जायसवाल ने 79 गेंदों पर 10 चौके से 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेल टीम को मजबूती दी। उनका साथ देते हुए शिखर चतुर्वेदी ने 55 गेंदों पर 4 चौके व एक छक्के से 44 रन जोड़े। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब से अक्षत अग्रवाल ने 3 विकेट जबकि आर्यन कनौजिया ने 2 विकेट हासिल किए। जवाब में हिंदुस्तान फायर क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 38.3 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज रितिक सिन्हा (16) व नमन तिवारी (4) ने पारी की शुरुआत की। नमन 4 रन के कुल स्कोर पर पवैलियन लौट गए।

भारत की प्राचीनतम लिपियों में से एक है ब्राह्मी लिपि

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को डॉ. टीएस रवि शंकर, सेवानिवृत्त (पुरालेख), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर ने अपने व्याख्यान में ब्राह्मी लिपि के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्राह्मी लिपि भारत की प्राचीनतम लिपियों में से एक है, यह लिपि बाएं से दाएं लिखी जाती है। सम्राट अशोक के अभिलेख ब्राह्मी लिपि में हैं। इसका विकास मुख्यत: तीन चरणों में माना जाता है, प्रारम्भिक ब्राह्मी लिपि, मध्य ब्राह्मी लिपि एवं उत्तरी ब्राह्मी लिपि हैं। उक्त कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य संग्रहालय, लखनऊ की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन, सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह, कृष्ण मोहन दुबे और डॉ. अनीता चौरसिया की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

लखनऊ और प्रयागराज मंडल की लड़कियों ने किया दमदार प्रदर्शन

- दोनों टीमों की नाकआउट के लिए मजबूत दावेदारी
- प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मेजबान लखनऊ मंडल और प्रयागराज मंडल ने प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए लीग मुकाबलों में दो जीत के साथ नाकआउट के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन गोरखपुर, बरेली, अयोध्या व वाराणसी ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते।

मेजबान लखनऊ मंडल ने शुक्रवार को गोरखपुर के खिलाफ एकतरफा 14-3 गोल से जीत दर्ज की। लखनऊ की ओर से डाली ने सबसे अधिक 8 गोल दाग प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बनाया। इसके अलावा लखनऊ ने अपने दूसरे मैच में मेरठ को 4-2 गोल से हराया। एक अन्य मुकाबले में बरेली ने सहारनपुर को एकतरफा 21-0 से हराया। बरेली की ओर से रंजना और सविता ने आठ-आठ गोल प्रतिद्वंद्वी टीम के ऊपर दागने में सफलता हासिल की। अयोध्या ने आगरा को 22-3 गोल से हराया। अयोध्या की ओर से वैष्णवी व सरिता ने 6-6 गोल किए।

दूसरी ओर प्रयागराज ने अपने पहले मैच में झांसी को 12-7 से एवं दूसरे मैच में बरेली को 6-5 गोल से हराया। अन्य मुकाबलों में गोरखपुर ने बस्ती को 4-1 से एवं वाराणसी ने विध्यांचल मंडल को 23-5 गोल से पराजित किया। प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल व प्रयागराज मंडल ने अब तक 3-3 मैच खेले ओर तीनों में जीत अपने नाम की। इसके अलावा अयोध्या मंडल ने 2 मुकाबले जीते हैं।

जीत के लिए जोर आजमाइश करते लखनऊ और मेरठ के खिलाड़ी। अमृत विचार

फ़िल्म के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे अभिनेता रवि किशन और किरण राव। अमृत विचार

नारी सशक्तिकरण का सन्देश देती है फिल्म लापता लेडीज

- लापता लेडीज... महिला के खुद के पांव पर खड़े होने की कहानी है : किरण राव
- इस फिल्म ने मुझे हीरो के रूप में लांच किया : रवि किशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फिल्म लापता लेडीज.. महिला के खुद के पांव पर खड़े होने की कहानी है। मनोरंजन व रोमांच से भरी इस फिल्म की निर्देशक किरण राव ने बताया कि यह 2001 में ट्रेन में दो लड़कियों की अदला-बदली की घटना पर आधारित फिल्म है। किरण राव शुक्रवार को फिल्म अभिनेता रवि किशन के साथ राजधानी के होटल फार्च्यून में पत्रकारों से मुखातिब थीं। किरण राव ने बताया कि इस फिल्म के अधिकांश कलाकार नए हैं। रवि किशन फिल्म में नायक मनोहर की भूमिका में हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में घूंघट पर भी बात हुई है। हालांकि घूंघट सिर्फ एक रूपक है। फिल्म तो नारी सशक्तिकरण पर है। इस फिल्म के जरिये लड़कियों को उनका हक दिलाने की बात की गई है।

भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार रवि किशन ने कहा कि इस फिल्म के जरिये मुझे हिन्दी फिल्म में ब्रेक मिला है। यह फिल्म मेरे लिए लांचिंग पैड की तरह से है। उन्होंने बताया कि मैंने भोपाल में इस फिल्म का प्रीमियर देखा तो मैंने महसूस किया कि हिन्दी फिल्मों में मेरी हीरो के रूप में इंट्री हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं किरण राव और आमिर खान को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे हिन्दी फिल्म में लांच किया। रवि किशन ने बताया कि फिल्म के जरिये यह सन्देश देने की कोशिश की गई है कि भले ही लड़की घर में चौका- चूल्हा करे लेकिन उसके पास कोई न कोई हुनर जरूर होना चाहिए। इस फिल्म में बनारस की मस्ती भी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस इन्स्पेक्टर मनोहर की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने सिर्फ एक दिन में 180 पान खाए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में किरण राव ने एक जुलाहे की तरह से मेहनत की है, जुलाहा जो सूई धागा लेकर जुटा रहता है जब तक कि उसका काम सबसे अच्छा न हो जाए।

फाइनल के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल और स्पोर्ट्स कॉलेज में भिड़ंत आज

- प्रथम पं. राम औतार मिश्रा स्मारक प्रतियोगिता
- दूसरे सेमीफाइनल में साई लखनऊ के सामने होगी स्पोर्ट्स हॉस्टल सैफई की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रथम पंडित राम औतार मिश्रा स्मारक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले की तस्वीर शुक्रवार को साफ हो गई। शनिवार को साई लखनऊ के सामने स्पोर्ट्स हॉस्टल सैफई की चुनौती होगी, जबकि स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ का मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ से होगा। शुक्रवार को खेले गए अंतिम दो लीग मुकाबलों में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने जीत दर्ज की।

शुक्रवार को खेले गए दोनों मुकाबले एक तरफा ही दिखे। स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी पर 9-1 से आसान जीत दर्ज की। मैच के पहले क्वार्टर में लखनऊ के नितेश भारद्वाज ने 13वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। दूसरे क्वार्टर में लखनऊ के खिलाड़ियों ने चार गोल दागे। मुकाबले के दौरान रक्षात्मक खेल रही वाराणसी की टीम लखनऊ के खिलाड़ियों को गोल करने से नहीं रोक सकी। लखनऊ की ओर विजय ने ती, नितेश ने दो, आकाश यादव, अभिषेक यादव, फहद खान और राजन गुप्ता ने एक-एक गोल किया। वाराणसी की ओर से तीसरे क्वार्टर में एक मात्र गोल आकाश ने किया। एक अन्य लीग मुकाबले में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर को 7-0 से शिकस्त दी। विजयी टीम की ओर से सुनील पाल ने 9वें, 16वें और 29वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरी की। इसके अलावा कप्तान राजा अली ने दो, आकाश और नितीश ने एक-एक गोल किया।

बाल पर कब्जे के प्रयास में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और रामपुर के खिलाड़ी संघर्ष करते हुए। अमृत विचार

सिस गोमती के कई इलाकों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : पावर कारपोरेशन की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए फरवरी माह को अनुरक्षण कार्यों के लिए घोषित किया है। इसके चलते नादरगंज में नया गौरी फीडर, सरोजनीनगर फीडर पर पेड़ों की कटाई और ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते बिजनौर रोड की सप्लाई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं सरोजनी नगर फीडर से पोषित 250 केवीए के शराफत नगर ट्रांसफार्मर ,11 केवी गौरी फीडर से पोषित 250 केवीए से हाइडल ब्लॉक ट्रांसफार्मर से होने वाली सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। 11केवी फीडर हज हाउस,सरोजनीनगर पर नई लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते शांतिनगर की सप्लाई बन्द रहेगी। यह जानकारी एसडीओ नादरगंज ने दी।

ताइक्वांडो में जीत के लिए जोर आजमाइश करते खिलाड़ी, बास्केटबाल में हाथ आजमातीं बालिकाएं। अमृत विचार

आरिफ और मिथुन बने चैंपियन **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के आरिफ और मिथुन ने राज्य बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के एथलेटिक्स वर्ग में क्रमश : 100 मीटर और 200 मीटर में श्रेष्ठता साबित करते हुए स्वर्ण पदक जीता। साई सेंटर में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने मैदान पर जीत के लिए दमखम दिखाया। एथलेटिक्स में प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर बालक दौड़ में वाराणसी मंडल के शिवा सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। 200 मीटर बालक दौड़ में गोरखपुर मंडल के शिव चौहान अव्वल रहे। बालिका वर्ग में आजमगढ़ मंडल की रिया वर्मा ने बाजी मारी। 400 मीटर दौड़ में मेरठ के रेहान और बालिका वर्ग में गोरखपुर मंडल की अस्मिता ने पहला स्थान हासिल किया। चक्र क्षेपण बालिका वर्ग में चित्रकूट मंडल की काजल को पहला स्थान मिला। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रयागराज के शादान सबसे लंबी कूद लगाई और पहला स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में प्रयागराज मंडल की नंदिनी विजेता रही। 100 मीटर दौड़ बालिका दौड़ में मेरठ मंडल की वंशिका चैंपियन बनी। 200 मीटर बालिका वर्ग में वाराणसी मंडल की पलक यादव अव्वल रही। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मुरादाबाद मंडल के बसंत चैंपियन बने। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में हैंडबाल में गोरखपुर मंडल की टीम विजेता रही, जबकि लखनऊ मंडल को दूसरा स्थान मिला। हैंडबाल बालक वर्ग में प्रयागराज ने गोरखपुर को हराकर खिताब जीता, जबकि बालिका फाइनल में गोरखपुर मंडल ने लखनऊ को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

सार-संक्षेप

डीआरएम ने किया लखनऊ-कानपुर रेलखंड का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ-कानपुर रेलखंड पर तीसरे और चौथी रेल लाइन निर्माण काम भी शुरू हो चुका है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उन्नाव-कानपुर ब्रिज रेलखंड विंडो ट्रेलिंग करते रेलखंड संरक्षा को देखा। उन्होंने इस मार्ग पर पड़ने वाले रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज को भी देखा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 30 करोड़ 71 लाख की लागत से बन रहे कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक रेलवे स्टेशन का कार्य भी देखा। निरीक्षण के अगले क्रम में कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक स्टेशन पहुंचकर स्टेशन परिसर और कर्मचारियों की आवासीय कालोनी का निरीक्षण कर कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

जैन साहित्य का अवदान विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी आज से

अमृत विचार , लखनऊ : जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2550वें मोक्ष कल्याणक वर्ष के तहत उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय हिन्दी परिषद प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा में जैन साहित्य का अवदान विषय पर 17 व 18 फरवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह संगोष्ठी भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विद्यापीठ सभागार में प्रात : 10 .30 बजे से शुरू होगी। 17 फरवरी को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में वाराणसी से प्रो . फूलचन्द्र प्रेमी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो . अभय कुमार जैन करेंगे। मुख्य वक्तव्य लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो . सूर्य प्रसाद दीक्षित देंगे। संगोष्ठी के पहले दिन भारतीय हिन्दी परिषद के सभापति प्रो . पवन अग्रवाल, नई दिल्ली से पवन पुत्र बादल, बीबीएयू के प्रो . सर्वेश सिंह और रामपाल गंगवार संबोधित करेंगे। प्रो . अभय कुमार जैन ने बताया कि संगोष्ठी में 150 प्रतिभागी शामिल होंगे। दो दिनों में चार सत्र होंगे, जिनमें 24 शोध पत्र पढ़े जाएंगे। एलबीएस संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो . अनेकांत जैन, तीर्थ धाम मंगलायतन के डॉ . योगेश चन्द्र जैन और बीएचयू के डॉ . आनंद कुमार जैन अपने विचार व्यक्त करेंगे।

हरियाणा में सीखेंगे दुग्ध उत्पादन की बेहतरीह

अमृत विचार, लखनऊ : नंदनी योजना में चयनित जिले के छह पशुपालक बाहरी राज्यों से गाय खरीदकर डेयरी खोलेंगे। इन्हें डेयरी चलाने के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा में प्रशिक्षित किया जाएगा। पिछले वर्ष प्रदेश में पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने नंदनी योजना संचालित की थी। इससे पशुपालकों को स्वरोजगार देना है। इस क्रम में जिले में छह लाभार्थी भरत सिंह निवासी विनय खंड, अंकित सिंह ग्राम मसीडा हमीर, तृप्ति सिंह सेक्टर एच अलीगंज, अजय कुमार शुक्ला भौली बीकेटी, शिवपाल सिंह सलौली गोसाईंगंज व सुमित कुमार हरिदास खेड़ा बस्तौली घुसकर का ई-लॉटरी से चयन हुआ है। यह योजना के 60 लाख रुपये से 25 देशी गाय की डेयरी संचालित करेंगे। पंजाब, हरियाणा व राजस्थान से साहिवाल, गिर, थारपारकर नस्ल की गाय खरीदेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ . सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि इन पशुपालकों को इकाई संचालन के लिए 23 से 25 फरवरी तक राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

800 छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से जैक्सन ग्रुप ने शुक्रवार को मोहिबुल्लापुर स्थित बाल निकुंज इंटर कालेज में 800 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण लेने वाली छात्राओं ने कहा कि पंचिंग और किकिंग सीखने के बाद यह महसूस हो रहा है कि सड़क पर अकेले चलते हुए असुरक्षा का डर नहीं रहेगा। इस प्रशिक्षण ने आत्मविश्वास को बढ़ाया है। छात्राओं को प्रशिक्षण का उद्देश्य उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न जैसी घटनाओं में यह प्रशिक्षण लड़कियों के लिए बहुत काम का साबित होगा। मुख्य अतिथि पूर्व स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह ने इस मौके पर कहा कि बेटियों और समाज के कमजोर तबकों के साथ ही दिव्यांगों को ऐसा प्रशिक्षण देकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सम्बल प्रदान करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। जैकसन ग्रुप के सीनियर मैनेजर कुमार अविषेक ने कहा कि हम लेट्स गिव होप फाउंडेशन के साथ मिलकर इस मिशन को हम और आगे बढ़ाएंगे। प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल और प्रधानाचार्य भगवती भण्डारी का कहना था कि इस एक अच्छे अभियान में हमें जैकसन ग्रुप और लेट्स गिव होप का साथ मिला। हम चाहते हैं कि आगे भी हमारे महाविद्यालय को शामिल करें।

दर्शकों की आंखें नम कर गया नाटक आखिरी वसंत

अमृत विचार, लखनऊ : नाट्य संस्था दर्पण ने शुक्रवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक आखिरी वसंत का मंचन किया। लायंस क्लब लखनऊ ने लखनऊ के अस्पतालों में जरूरतमंदों के लिए कम्युनिटी किचेन स्थापित करने के लिए इस नाटक का मंचन कराया। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार, प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम, लायंस इंटरनेशनल के चेयरमैन अभिनव सिंह और अन्य पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। शुभदीप साहा द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक आखिरी वसंत एक बुजुर्ग दम्पत्ति सुधीर और गीता की कहानी है। यह दम्पत्ति कनाडा में बस गए अपने नाराज बेटे को मनाने की कोशिश में लगे हैं। उनके बेटे रणदीप ने कनाडा में वंदना से शादी कर ली। रणदीप पिता से सम्पत्ति को लेकर हुए विवाद के बाद पांच साल से कनाडा में हैं। इस नाटक में मां-बाप का दर्द और समाज के हालात को बहुत अच्छे अंदाज में उकेरा गया। सुधीर के रूप में डॉ . अनिल रस्तोगी और गीता की भूमिका को चित्रा मोहन ने बहुत अच्छे अंदाज में निभाया। बेटे के लिए तड़पते पिता की भूमिका में डॉ . अनिल रस्तोगी ने लोगों की आंखें नम कर दीं।

सजगता मंडलायुक्त ने पूरे रूट का टोपोग्राफी व हाइड्रोलॉजिकल सर्वे करने के दिए निर्देश

कुकरैल नदी का लौटेगा स्वरूप, जलस्रोत भी होंगे पुनर्जीवित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती की सहायक कुकरैल नदी का जल्द स्वरूप लौटेगा। साथ ही अस्ती गांव समेत आसपास के अन्य जल स्त्रोत पुनर्जीवित होंगे। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष/मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बैठक कर दो माह में पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पूरे कार्य का एकल डीपीआर बनेगा और उसी अनुसार, क्षेत्र में विभाग काम कराएं।

मंडलायुक्त ने कहा कि कुकरैल नदी व आसपास के अन्य जल स्त्रोतों को प्राकृतिक पद्धति से पुनर्जीवित करने के लिए पूरा कार्य लेकमैन ऑफ इंडिया आनंद मल्लिगवाड की देखरेख में कराया जाएगा। संबंधित अधिकारी पूरे रूट का टोपोग्राफी व हाइड्रोलॉजिकल सर्वे कराएं। इससे कैचमेंट एरिया के साथ नदी की तलहटी में जमा सिल्ट का भी पता लगाया जा सके। नदी में पानी के ठहराव के लिए निर्धारित स्थानों पर चेक डैम बनाने होंगे। इसका स्थान चिन्हित करते हुए डीपीआर में शामिल करें। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नदी में 26 नालों का लगभग 40 एमएलडी पानी आ रहा है। इसके ट्रीटमेंट की कार्ययोजना बनाने के को कहा। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभय जैन, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार मौजूद रहे।

एलडीए में बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में अन्य। अमृत विचार

नदी को रास्ता देने के लिए किसान पथ के नीचे बनेगा पैसेज

मंडलायुक्त ने विस्तार से चर्चा की। कहा नदी को रास्ता देने के लिए किसान पथ के नीचे से एक पैसेज बनाना होगा। जिन जगहों पर अतिक्रमण है वह हटाएं। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत अस्ती गांव में झील व आसपास के अन्य छोटे तालाबों को भी पुनर्जीवित करें। इसके लिए ग्राम्य विकास समेत अन्य सम्बंधित विभाग पहले से पूरी तैयारी कर लें।

जनेश्वर मिश्र पार्क में विकसित होगा स्पोर्ट जोन

लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में स्पोर्ट्स जोन बनाएगा। शुक्रवार को शासन में यह प्रस्ताव पास हो गया है। गेट नंबर-6 के पास जगह चिन्हित की है। जहां फुटबॉल, क्रिकेट, लॉन टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे। बताया गया कि स्पोर्ट जोन में सिंथेटिक स्कैटिंग रिंक भी बनेगा। साथ ही एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए चारों तरफ रनिंग जॉगिंग ट्रैक बनेगा। जल्द कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू होंगे।

दो छात्रों को इंस्पायर अवार्ड

अमृत विचार, लखनऊ: भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एसकेडी अकेडमी विक्रांत खंड के कक्षा 8 के छात्र कौस्तुभ वर्मा एवं छात्रा श्रेयांशी मिश्रा को विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए 10000 रुपए (प्रत्येक) की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। कौस्तुभ वर्मा ने किसान बर्स्टर और श्रेयांशी मिश्रा ने सेंसरी स्मार्ट वॉच पर अपना प्रोजेक्ट बनाया था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक मनीष सिंह छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इन्नोवेटिव कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एक नजर

ठेला खड़ा करने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम थानाक्षेत्र अंतर्गत बैजू तिराहे पर गुरुवार रात ठेला खड़ा करने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक का सिर तो दूसरे का पैर जख्मी हो गया। हालांकि, दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार के मुताबिक, लल्लनपुरवा निवासी उमाशंकर बैजू तिराहे पर फल का ठेला लगाते हैं। उस चौराहे पर ही कटरा निवासी दिनेश गाड़ियों का पंक्चर जोड़ते हैं। गुरुवार देर रात उमाशंकर ने चौराहे पर ठेला खड़ा कर दिया। इसी बीच शराब के नशे में दिनेश बेटे सचिन के संग उमाशंकर को गालियां देने लगा। विरोध करने पर पिता-पुत्र ने सरिया से वारकर उनका सिर फोड़ दिया। वहीं, दिनेश की पत्नी शांति ने बताया कि उमाशंकर और उनका एक साथी नशे में घर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपितों ने दिनेश की पिटाई कर दी, जिससे दिनेश का पैर टूट गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

परीक्षा केंद्रों का पुनः होगा निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- तीन दिनों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट
- 22 से शुरू होंगी परीक्षाएं तैयारी अंतिम चरण में

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की ओर से परीक्षा की तैयारियों के क्रम में एक बार फिर केन्द्रों का निरीक्षण करने के आदेश दिए गये हैं। परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है इससे पहले सभी जिला विद्यालया निरीक्षकों को सचिव परिषद की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि केन्द्रों की सुविधाओं को पुनः परख लिया जाये। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों के रखने के स्थान पर भी सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था को चेक कर लिया जाये। इसके बाद दो से तीन दिनों के भीतर केन्द्रों की तैयारियों की रिपोर्ट भेजी जाये।

सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि 22 फरवरी से परीक्षायें शुरू हो जायेंगी। इससे पहले पूरी तरह से केन्द्रों पर तैयारियों की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षकों की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए सीधे डीआईओएस जिम्मेदार होंगे। सचिव ने बताया कि कुछ जनपदों में सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था अभी भी खराब मिली है जिसके चलते सख्त चेतावनी जारी की गई है।

आईएससी की परीक्षा जारी : आईएससी 12वीं की परीक्षा में शुक्रवार को भूगोल विषय की परीक्षा आयोजित हुई। राजधानी में इस परीक्षा में करीब 11 हजार बच्चे शामिल हो रहे हैं। सीआईएससई सिटी कोआर्डिनेटर माल मेहरा के मुताबिक 88 सेंटरों पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कि शिकायत नहीं आई है।

571 बच्चों ने छोड़ी संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद परीक्षा में दूसरे दिन शुक्रवार को परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। परीक्षा में कुल 6,514 परीक्षार्थी शामिल होने थे। लेकिन इसमें अलग-अलग जनपदों से 571 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। वहीं सचल दल की टीमों के निरीक्षण केन्द्रों पर कोई खामी नहीं मिली है। संस्कृत शिक्षा सचिव शिवलाल ने बताया कि केन्द्रों प्रथमा में चित्र कला विषय की परीक्षा हुई जबकि उत्तर मध्यमा में संस्कृत इतिहास विषय की परीक्षा आयोजित हुई।

रचनाधर्मिता को जीवंत रखने के लिए साहित्य जरूरी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

सचिवालय साहित्यिकी- 2023 का विमोचन करते सचिवालय संघ के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोकभवन में सचिवालय साहित्यिकी-2023 का हुआ विमोचन

अमृत विचार: साहित्य हमारे अंदर रचनाधर्मिता और मनुष्यता को जीवंत रखता है, साथ ही उसे गरिमा और विस्तार देता है। यह बात उप्र सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने 'सचिवालय साहित्यिकी- 2023' का विमोचन अवसर पर समाज में साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कही।

लोक भवन में शुक्रवार को संपन्न विमोचन समारोह में सचिवालय के विशेष सचिव राम नगीना मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस साहित्यिक पत्रिका में प्रेरक कहानियां, कविताएं तथा साहित्य की अन्य विधाओं का ज्ञानवर्धक संकलन है, जोकि हमारी जानकारी बढ़ाने के साथ अतीत के अनुभवों का अहसास कराते हैं, पत्रिका के संपादक शिव शंकर द्विवेदी ने कहा कि श्रेष्ठ समाज निर्माण में रचनाओं की विशेष भूमिका होती है। सचिवालय संघ के उपाध्यक्ष अर्जुन देव भारती ने कहा कि नैतिक समाज के निर्माण में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भास्कर पांडेय, मुक्ति नाथ झा, सर्वेश कुमार मिश्र, अतुल कुमार मिश्र, मनोज कुमार सिंह, अजय ओझा, कमलेश कुमार निरंजन समेत राजपत्रित अधिकारी संघ की कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद रहे।

विज्ञापन से मुनाफा कमाने का झांसा देकर हड़पे पांच करोड़

अमृत विचार, लखनऊ : कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न राज्यों में विज्ञापन में मुनाफा कमाने के नाम पर जालसाजों ने कारोबारी के पांच करोड़ रुपये ठग लिए। कारोबारी ने जालसाजों पर मनी लांड्रिंग का भी आरोप लगाया है। हालांकि, कोर्ट आदेश पर बिजनौर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राना के मुताबिक, चंद्रावल इलाके में पिंक प्वाइंट इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक बृजभान सिंह की फर्म में सआदतगंज के लकडमंडी निवासी संजय श्रीवास्तव अकाउंटेंट हैं। संजय ने उनकी मुलाकात हरियाणा के कैथल निवासी साहिल मंगल, मदनलाल, दिल्ली की गीता कॉलोनी निवासी सनी साहनी, विशाल शर्मा, भरत सरदाना तथा नवीन कुमार से कराई थी, जो विभिन्न कंपनियों को निदेशक व कर्मचारी हैं। बृजभान का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें अपनी कंपनी में पांच करोड़ निवेश कर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के सभी विज्ञापनों से मुनाफा कमाने का झांसा दिया था। इस पर उन्होंने ने उनकी कंपनियों में रुपये निवेश किए थे। मगर उन्हें मुनाफा नहीं मिला।

भूखंडों की बड़े स्तर पर होगी नीलामी

- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 18215 से लेकर 38711 वर्ग मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉटों का रिजर्व प्राइस 83.78 करोड़ से लेकर 178.34 करोड़ रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉटों का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। साथ ही, जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी। फिलहाल, इस स्कीम के तहत ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन प्लॉटों की नीलामी होनी है उनकी ब्रोशर डाउनलोडिंग व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा 1 अप्रैल 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

सेक्टर 12 व सिग्मा-3 समेत कई सेक्टर के प्लॉट होंगे आवंटित

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है उनमें एमयू, ओमीक्रॉन-1ए, इटा-02, सिग्मा-3 सेक्टर 36 व सेक्टर 12 प्रमुख हैं। प्रक्रिया के अंतर्गत एमयू सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच-02ई (जिसका वर्ग क्षेत्र 18215 वर्ग मीटर निर्धारित है) का रिजर्व्ड प्राइस 87.78 करोड़ रुपये रखा गया है। इसी प्रकार ओमीक्रॉन-1ए सेक्टर में प्लॉट जीएच-01/जीएच01ए (जो कि 30470.52 स्क्वेयर मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 140.16 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, इटा-02 सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच01ए (जोकि 28265 वर्ग मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 143.02 करोड़ निर्धारित की गई है। वहीं, सिग्मा-3 सेक्टर के प्लॉट नंबर 151 (जो कि 30000 वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है) का रिजर्व प्राइस 138 करोड़ तथा प्लॉट नंबर 207 (जो कि 38771 मीटर वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है और स्कीम के तहत आवंटित होने वाला सबसे बड़े प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट है) का रिजर्व प्राइस 178.34 करोड़ रुपए रखा गई है जो कि सर्वाधिक है।

हाईकोर्ट ने याची पर लगाया 25 हजार रुपये का हर्जाना

विधि संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक ही अनुतोष प्राप्त करने के लिए पुरानी याचिका की वाद छिपाकर दोबारा याचिका दाखिल करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए, याची पर 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।

न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह मामला 'फोरम शॉपिंग' (अपनी पसंद का आदेश प्राप्त करने के लिए किसी विशेष बेंच में मामले की सुनवाई कराने का प्रयास) का एक उदाहरण है। न्यायालय ने लखनऊ बेंच के वरिष्ठ निबंधक को आदेश दिया कि यदि हर्जाने की उक्त रकम 30 दिनों में जमा नहीं की जाती तो आरसी जारी करते हुए, सम्बंधित कलेक्टर के द्वारा वसूली कार्रवाई की जाए।

एफआईआर को दी थी चुनौती

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने डॉ. फैसल खान व एक अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से उनके खिलाफ कोतवाली, बाराबंकी में धोखाधड़ी, कूटरचना व अन्य आरोपों को लेकर दर्ज एफआईआर को चुनौती दी गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिका की पोषणीयता के प्रश्न पर याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत चंद्रा ने दलील दी कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत एफआईआर को निरस्त किया जा सकता है। वहीं अपर शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार द्विवेदी व वादी के अधिवक्ता अविनाश चंद्रा ने न्यायालय को बताया कि वर्तमान याचिका के पूर्व याची की ओर से इसी एफआईआर को चुनौती देते हुए, एक रिट याचिका दाखिल की गई थी जिसे याचियों द्वारा वापस भी ले लिया गया। कहा गया कि वर्तमान याचिका इस तथ्य को छिपाते हुए दाखिल की गई है।

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

Sr. No.	Name of Project	Tender Fees Non-Refundable	Earnest Money Deposit	End Date for Bid Submission	Technical Bid Opening Date
1.	Renovation work of Meeting Hall at Third Floor in Kanpur Smart City Limited.	₹ 2,000.00 + ₹ 360.00 (18% GST)	₹ 26,154.00	22.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST)	22.02.2024 at 17:00 Hrs. (IST)

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

Municipal Commissioner/Chief Executive Officer
Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited

सार-संक्षेप

शोधार्थी छात्रा समेत तीन से धोखाधड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर ठगों ने शोधार्थी छात्रा समेत तीन लोगों से धोखाधड़ी कर उसके खाते से रुपये निकाल लिए है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर हसनगंज, अलीगंज और वजीरगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से मऊ जनपद के दोहरीघाट थानाक्षेत्र निवासी दीपिका राय लविवि से शोध कर रही हैं। गत 07 फरवरी को उनके मोबाइल पर अन्जान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने उसे लकी ड्रा देने का झांसा देते खाते से 24,350 निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं, अलीगंज के त्रिवेणीनगर निवासी प्रमोद कुमार के मोबाइल पर सात फरवरी को बैंक खाते को पैन कार्ड से अपडेट कराने का मैसेज आया था। मैसेज में दिए लिंक को खोलते ही उन्हें एक ओटीपी आया। ओटीपी भरने के बाद उनके खाते से 50 हजार रुपये निकल गए। उधर, वजीरगंज के रिवर बैंक कॉलोनी निवासी जैनिस धुलिया के मोबाइल पर अन्जान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने एआई का इस्तेमाल कर उनकी बहन के आवाज में बात उनसे अपने खाते में 18 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

शिवरी कूड़ा प्लांट में लगी आग

अमृत विचार, काकोरी : पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत मोहान रोड स्थित घुरघुरी खेड़ा गांव के पास शिवरी कूड़ा प्लांट में शुक्रवार शाम पांच बजे आग लग गई। कूड़े के ढेर से निकलतीं आग की लपटों व धुएं के गुबार देख वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आनन-फानन घटना की जानकारी दमकल को दी। कुछ देर में पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने दो गाड़ियों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र के मुताबिक कूड़ा प्लांट में आग कैसे लगी इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

डिलीवरी ब्वाय से फोन छीनने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : ऑनलाइन आर्डर पर खाना व अन्य सामान मंगा कर डिलीवरी ब्वाय से मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश ने तीन वारदात का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज दिया। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने दावा किया कि ठाकुरगंज के लालाबाग निवासी अर्शलान अंसारी और आलमबाग के नटखेड़ा निवासी प्रिंस भारती को भूहर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने गुरुवार को चौक स्थित डोमिनोज से पिज्जा बुक कराया था। डिलवरी करने रोशन कुमार ठाकुरगंज पहुंचा था। अर्शलान ने अपने नाम से आर्डर दिया था। डीसीपी के मुताबिक रोशन ने पिज्जा देने के बाद आर्डर कंफर्म करने के लिए मोबाइल निकाला था। इसी दौरान अर्शलान और प्रिंस डिलवरी ब्वाय के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन लूट कर भाग गए थे। रोशन की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। डीसीपी ने बताया आरोपियों ने इसी तरह की दो अन्य घटनाएं भी अंजाम दी थी। बताया कि आरोपियों के कब्जे से लूट के मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया गया।

पुरुष स्टाफ नर्स पर अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निदेशक ने वजीरगंज पुलिस से की शिकायत

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में तैनात एक पुरुष स्टाफ नर्स पर अभद्रता, मारपीट और अपशब्द कहने का आरोप लगा है। अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में वजीरगंज थाने में शिकायत की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बलरामपुर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के वार्ड मास्टर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने आरोप लगाया है कि इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स सुरजन सिंह बिना बताए ड्यूटी से गायब हो जाते हैं। कुछ भी कहने पर अभद्रता, मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि मरीजों के सामने अभद्र आचरण करते व इलाज प्रभावित करते हैं। राजेश के साथ ही वार्ड की कई नर्सों व स्टाफ ने भी लिखित शिकायत निदेशक से की है। अस्पताल प्रशासन से जुड़े अफसरों के समझाने पर भी आरोपी पुरुष स्टाफ नर्स अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शिकायत मिलने के बाद बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह ने वजीरगंज पुलिस को मामले से अवगत कराया है।

निदेशक का कहना है कि स्टाफ नर्स पुरुष सुरजन सिंह राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। आए दिन स्टाफ से मारपीट, कई तरह की धमकियां देता व अपशब्दों का प्रयोग करता है। निदेशक ने आरोपी पुरुष नर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है। बलरामपुर अस्पताल चौकी प्रभारी का कहना है कि शिकायत पत्र मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिघौरतारा विकासखंड सरेनी जनपद रायबरेली

पत्रांक/ मेमो/ ग्राम पं/ एस एल डबल्यू एम/ 2023-24 दिनांक 15/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/टेंडर नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिघौरतारा विकासखंड सरेनी जनपद रायबरेली में संचालित गौशाला में चारा, भूसा एवं चूनी, चोकर तथा ग्रामपंचायत में निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईट, लोहा, मौरंग, गिट्टी, टाइल्स आदि का क्रय किया जाना है, जिसके लिये प्रकाशन तिथि से 8 दिन के अन्दर निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता कार्यालय ग्राम पंचायत में निविदा जमा कर सकते हैं। समस्त निविदाएं सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी। प्रतिबंध नियम व शर्तें व अन्य विवरण हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
कार्य का विवरण:- प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्रीवाल तथा गौशाला में शेड व पशु उपचार कक्ष तक नाली एवं खड़ंजा का निर्माण।

अजय सिंह, सचिव — शैलेंद्र बहादुर यादव, अध्यक्ष

कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धौर विकास खण्ड-जगतपुर, रायबरेली

पत्रांक: 02/ग्रा0पं0/2023-24 दिनांक: 16/02/2024

टेण्डर नोटिस

राज्यवित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करनें हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 23/02/24 को सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खाले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता / टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/-रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा	आपूर्ति हेतु अवधि	धरोहर धनराशि	आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम
1	80mm इण्टरलाकिंग जिग जैग ईट	24500.00	07	–	कृष्ण कुमार के घर से राम सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।
2	ईटा प्रथम श्रेणी M 150	16000.00	07	–	''

प्रतिबंध / निर्देश- 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे। 2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

बन्दना सिंह- प्रधान, ग्रा0पं0 सिद्धौर, जगतपुर, रायबरेली। — अनूप कुमार यादव- ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा0पं0 सिद्धौर, जगतपुर, रायबरेली।

दलितों, अल्पसंख्यकों को एक मंच पर लाएगी सपा

संवाददाता, निगोहां

- करोरा में आयोजित की गई सभा में बोले पूर्व मंत्री,विधायक

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को पीडीए पखवाड़ा के तहत नगराम क्षेत्र के करोरा में सभा का आयोजन किया। सभा को पूर्व विधायक पुष्कर और पूर्व मंत्री चौधरी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने पीडीए के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सभा का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर ने कहा कि सपा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को एक मंच पर लायेगी। पार्टी पीडीए के साथ शोषित, पीड़ित व वंचित समाज के हक के लिए संघर्ष करेगी। पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने कहा कि सपा हमेशा पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों के अलावा किसानों, छात्रों, नौजवानों व महिलाओं की आवाज बुलंद करने में आगे रही है। सपा सरकार में इन सभी के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गईं। जिनका लाभ इन सभी को मिला। सभा में पूर्व मंत्री और कई पूर्व विधायकों ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। संतोष कुमार रावत अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव, देवकली प्रसाद पूर्व विधायक बीकेटी, गोमती यादव पूर्व विधायक बीकेटी, सीएल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त, महताब सिंह प्रदेश सचिव, राजू रावत अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष, जोन प्रभारी विनोद वर्मा, सेक्टर प्रभारी हनीफ, अकरम उर्फ बब्लू, शब्बीर खान, नरेंद्र कुमार, सनी यादव, प्रमोद, बरजोर सिंह यादव, सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भियांव-अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 281/आंकिक पटल/राज्य वि0/15 वां वि0/2023-24 दिनांक - 15/02/2024

निविदा सूचना आमंत्रण (अल्पकालीन)

15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-भियांव, अम्बेडकरनगर द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार निम्नांकित परियोजनायों पर कार्य कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नवत है :-

क्र0	स्थान का नाम	मद	ल0 (मी0में)	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा का मूल्य (रू0 में)	जमानत की धनराशि (प्रतिशत में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
15 वां वित्त (टाइड) आयोग 2023-24							
1	जगदीशपुर कपिलेश्वर में झील विकास सौंदर्यीकरण कार्य	15 वां वि0	2400 मी0	14.99	800	उपरोक्तानुसार	उपरोक्तानुसार

उपरोक्त कार्य के लिए इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 16.02.2024 से 23.02.2024 तक कार्यालय अवधि में अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा फार्म प्राप्त कर सकेंगे। और दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा आनलाईन http//etender.up.nic.in पर प्राप्त की जायेगी। एवं उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदायें खोली जायेगीं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी कार्यालय खण्ड आंकिक से प्राप्त की जा सकेंगी। इस निविदा के स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को होगा।

नियम व शर्तें :-

1. निविदा की स्वीकृति / अनुबंध धनराशि के उपलब्धता के आधार पर की जायेगी।
2. निर्माण कार्यो की विलो से जी0एस0टी0/ लेबर सेस / आयकर एंव अन्य कटौतियां समय-समय पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुसार की जायेगी, जो निविदा दाता को मान्य होगी।
3. निविदा ई टेण्डर प्रणाली के माध्यम से http//etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा प्रपत्र वेवसाइट http//etender.up.nic.in पर दिनांक 16.02.2024 से 23.02.2024 को समय 2 बजे दिन तक आनलाइन अपलोड / डाउनलोड किए जा सकते है। ऑनलाइन प्राप्त निविदायें दिनांक 23.02.2024 को समय 2:30 अपरान्ह से कार्य समाप्ति तक निविदा समिति द्वारा आनलाइन खोली जायेंगीं
4. खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय भियांव में पंजीकृत फर्मो द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा डाली जाएगी। एंव पंजीकरण की रसीद अपलोड की जाएगी।
5. ई टेंडर के साथ ठेकेदारो को हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 रजि0, आधार एंव पैन की बैध प्रतियां व 100 रु के स्टैम्प पेपर पर टी 6 शपथ पत्र निर्धारित प्रारुप पर बना स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा खण्ड विकास अधिकारी के आंकिक कार्यालय से निविदा फार्म खरीदना होगा एंव उसकी रसीद आनलाईन टेण्डर मे अपलोड करनी होगी।
7. निविदादाता को 100.00 रु के स्टैम्प पर यह शपथ देना होगा कि मेरे द्वारा अपलोड किए गए सभी अभिलेख सही व सत्य है यदि कार्य के दौरान या कार्य होने के बाद भी कोई अभिलेख गलत पाया जाता है तो मेरा अनुबन्ध निरस्त कर दिया जाए तथा मुझे ठेकेदारी से प्रतिबंधित कर दिया जाए।

खण्ड विकास अधिकारी
भियाँव- अम्बेडकर नगर

एक नजर

फिर धर्म परिवर्तन का किया गया प्रयास

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले में एक बार फिर धर्म परिवर्तन का प्रयास किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री वीरेंद्र कुमार ने जहांगीराबाद थाने में इसकी शिकायत की है। तहरीर में कहा गया है कि मडवा मजरे अजगना निवासी लाल बहादुर के बंगले में योगेश व सुजीत को प्रलोभन देकर प्रार्थना सभा के नाम पर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस का कहना है जांच की जा रही है।

जेल भेजे गए दो वारंटी और 25 वांछित

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस के अभियान में शुक्रवार को दो वारंटी और 25 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 16 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की।

तस्कर गिरफ्तार

जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर पुलिस ने शुक्रवार को सौ ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जसीम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

मां पर बांके से हमला होते देख चीख पड़े बच्चे

अनिल के एक हाथ में कटा सिर और दूसरे में रक्तरंजित बांका देख सिहर उठे ग्रामीण, अचेत हुई बच्चों की दादी

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की इसरौली चौकी के बसारा गांव में शुक्रवार की सुबह अनिल सुढियामऊ अपने काम पर गया था। मगर, दो घंटे के बाद वह बाइक से घर पहुंचा। इसके बाद पत्नी पर बांके से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

यह देख बच्चे चीखते हुए दादी रामकली के पास पहुंचे और मां को बचाने की गुहार लगाई। इस पर दादी पहुंचती तब तक एक हाथ में सिर दूसरे में रक्तरंजित बांका लेकर अनिल घर से पुलिस चौकी जाने के लिए निकला। यह दृश्य देखकर ग्रामीण सिहर उठे। बच्चों की दादी रामकली तो यह दृश्य देखकर मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। बाद में महिलाओं ने उन्हें संभाला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना जांच-पड़ताल की।

घटनास्थल की जांच करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

आठ वर्ष पहले हुआ था अनिल का विवाह

बसारा निवासी अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना के साथ हुआ था। उसके दो बेटे अमन (5), श्याम (1) हैं। अनिल राजगीर का काम करता है। बीते कुछ महीनों से वंदना का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर आये दिन वाद-विवाद होता था। चार दिन पहले 12 फरवरी को मृतका वंदना अपने नन्दोई के यहां वैवाहिक समारोह में भगौली गई थी। जहां देवर संदीप कुमार ने उसे किसी युवक से अकेले में बातचीत करते देखा था। यह बात उसने भाई अनिल को बताई। इसको लेकर दोनों में विवाद हुआ। विवाद भगौली चौकी पर सुलह समझौता के बाद निपटा दिया गया था। मगर वंदना का उस युवक से बातचीत करना अनिल को हमेशा अखरा करता था।

जिले में 7 माह में दूसरी बार हुई ऐसी घटना

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

रिश्ते का खून

- आधा दर्जन घटनाओं में अपने ही कटा सिर लेकर पहुंचे थाने
- अवैध संबंध के शक में अपने ही कलम कर रहे सिर

अमृत विचार: मान-सम्मान को ठेस पहुंची तो लोगों के हाथ अपनों का सिर कलम करने में नहीं कांपे। फतेहपुर की इसरौली चौकी के बसारा गांव में पत्नी के अवैध संबंधों के चलते अनिल ने शुक्रवार को बांके से गला काटकर पत्नी वंदना की हत्या कर दी। जिले के लिए यह कोई नया मामला नहीं है। करीब सात माह पूर्व 21 जुलाई 2023 को फतेहपुर के मिठवारा में रियाज ने बहन की अवैध संबंधों के चलते हत्या कर उसका कटा सिर लेकर कोतवाली पहुंचा था। एक फरवरी 2020 को जहांगीराबाद के बहादुर गांव में पत्नी रंजनी के अवैध संबंधों के चलते पति अखिलेश ने उसकी हत्या कर दी और कटा सिर लेकर थाने पहुंचा। इसी क्षेत्र में जून 2010 में ओमप्रकाश पत्नी का सिर कलम कर उसे लेकर थाने पहुंचा था। 17 जनवरी 2010 को मैगलपुर निवासी रामसरन ने अवैध संबंधों के चलते पत्नी की हत्या कर दी। उसका कटा सिर लेकर थाने पहुंचा था। 14 सितंबर 2009 को कुर्सी के महमूदपुर बनौगा में राजेश ने पत्नी की हत्या कर दी थी। इसी प्रकार 24 नवंबर 2009 को फतेहपुर के गागियापुर में अवैध संबंध से नाराज पिता ने बेटी की बांके से हत्या कर दी थी।

किसान आंदोलन के समर्थन में कृषकों ने दिया धरना

गन्ना दफ्तर में धरना देते किसान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : दिल्ली सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन के समर्थन में जिले के एक किसान संगठन ने शहर के गन्ना कार्यालय परिसर में धरना दिया। किसानों द्वारा किए गए भारत बंद का कोई असर जिले भर में नहीं दिखा। वहीं किसानों के धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन जरूर चौकन्ना रहा। इस दौरान धरना स्थल पर पीएसी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया और दिल्ली सीमा पर आंदोलित किसान साथियों के समर्थन और बुलाए गए भारत बंद की बात कहते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए एमएसपी को तुरंत कार्यान्वित किया जाए। किसानों के विकास के लिए किसानों को बेहतर पेंशन व कृषि की अन्य सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों का कर्जा माफ हो, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू हो तथा मुफ्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए।

गैंगस्टर और धोखाधड़ी के आरोपी बंदी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : धोखाधड़ी और गैंगस्टर के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की गुरुवार की रात तबियत बिगड़ने पर मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत का कारण बताया है। बंदी राज्यस्तरीय माफिया अतुल वर्मा का पिता था।

जहांगीराबाद थाना के कादिरपुर निवासी ओम प्रकाश वर्मा (72) जिला कारागार में जून 2021 से निरुद्ध था। उस पर गैंगेस्टर व लोगों की जमीन हड़पने के मामले दर्ज थे। गुरुवार की रात अचानक उसकी तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्रथमिक उपचार देने के बाद रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश के पुत्र अतुल वर्मा ने संकल्प ट्रेडिंग कंपनी बना कर कई लोगों से करोड़ों का गबन किया था। अतुल ने अपने पिता ओम प्रकाश को भी शामिल किया था।

राम मंदिर व हनुमानगढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

बैठक

- नवनियुक्त एडीजी जोन ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर प्रशासन के सहयोग से पहले ही कार्ययोजना बना ली गई थी। समय-समय पर इसमें और बेहतरी के लिए सुझाव आते रहे हैं और उन सुझावों को समयानुसार समाहित किया जाता है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। इसमें सरकार व पुलिस विभाग सफल रहा है। पुलिस विभाग इसके लिए कार्यरत है और आगे भी कार्यवाही होगी।

ये बातें शुक्रवार को लखनऊ जोन के नवनियुक्त अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमरेन्द्र सेंगर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी परिसर की सुरक्षा संबंधित जानकारी लेने के लिए आया हूँ। कहा कि जो भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बदलाव किए जाने हैं, उसका रोड मैप पहले से ही बना हुआ है। इनमें से कई क्रियान्वित हो गए हैं और कई व्यवस्थाओं को आने वाले समय में क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को जन्मभूमि पथ व भक्ति पथ के साथ राम पथ पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहत अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, रुट डाइवर्जन तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

रामनगरी में सुरक्षा व्यवस्था का पैदल जायजा लेते एडीजी जोन।

सार-संक्षेप

अवध महोत्सव में कलाकारों ने बिखेरी गीतों की बयार

अवध महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : संस्कृति विभाग के सहयोग से शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में अवध महोत्सव का आयोजन किया गया। अवधी और भोजपुरी गीतों की मोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के स्वागत में एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और उसके बाद कजरी, देवी गीत, मुंडन संस्कार गीत, विवाह गीत इत्यादि प्रस्तुतियां दी गईं। तनुज भोजपुरिया द्वारा सुंदर प्रस्तुतियों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। उसके बाद सुरभि श्रीवास्तव, मेघना मिश्रा, और अदिति वर्मा ने अवधी गीतों की प्रस्तुति दी। दीपक वर्मा और अंकुर त्रिवेदी के भजनों को दर्शकों ने खूब सराहा। गार्गी द्विवेदी लखनऊ एवं कनिका वर्मा बाराबंकी की नृत्य प्रस्तुति लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रश्मि सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अरुणिमा सिंह त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बार एसोसिएशन : अध्यक्ष समेत तीन पदों पर होगा चुनाव

नामांकन पत्र दाखिल करता एक प्रत्याशी। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए एक से अधिक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। शेष अन्य पदों पर एकल पर्चा दाखिल किए जाने पर निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर परमहंस मिश्र व शिव प्रकाश अवस्थी तथा मान सिंह एडवोकेट ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 17 फरवरी को प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए गए पर्चों की जांच व वापसी होगी।

बड़े बाबा के जन्मोत्सव पर उमड़े सतनामी भक्त

कोटवा धाम के अभरन में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : सतनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा का 354वां जन्मोत्सव कोटवाधाम स्थित मन्दिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान मेले में हजारों श्रद्धालु कोटवाधाम पहुंचे और पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर स्वामीजी की समाधि पर चादर व प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

सतनामी श्रद्धालु अधिकांश बाबा साहेब के जन्म पर व्रत रखकर पूजा अर्चना कर मनवांछित फलों की प्राप्ति और विश्वमानव कल्याण की कामना करते हैं। जन्मोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न साधनों से गुरुवार की रात ही कोटवाधाम पहुंच गए थे।

प्रशासन ने रुकवाया तालाब की भूमि पर किया जा रहा निर्माण

इसी तालाब की भूमि पर किया जा रहा था निर्माण कार्य।

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा कोतवाली क्षेत्र में तालाब की जमीन पर दबंगों द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की। एसडीएम ने राजस्व टीम भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। सिसवारा की एक भूमि राजस्व अभिलेखों में बतौर तालाब दर्ज है। गांव के ही रहने वाले राम प्रकाश, रामानंद, अमन व भोलानाथ तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि यह निर्माण कार्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की शह पर किया जा रहा था। ग्रामीण सिद्धकरण मिश्रा ने जब निर्माण कार्य से मना किया तो विपक्षियों ने उनसे गाली गलौज कर धमकी दी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से की। एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। नायब तहसीलदार मनोज सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : करीब आठ वर्ष पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने शुक्रवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। छह मई 2016 को पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को थाना क्षेत्र के भगीरथपुरवा मजरे सिरौलीकला निवासी बृजेश कुमार बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर अभियुक्त को जेल भेजा। किशोरी के चिकित्सीय परीक्षण, बयान व वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने अभियुक्त बृजेश कुमार को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

दहेज हत्या के दोषी पति को आठ वर्ष का कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : दहेज हत्या के आरोपी पति को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने नौ साल बाद शुक्रवार को आठ वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। सात जनवरी 2015 को सीतापुर के रामपुर कला थाना क्षेत्र के महमूदाबाद निवासी साबिर खां ने मोहम्मदपुर खाला थाने में दी तहरीर में बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने के कारण रालभारी निवासी उसके पति फुरकान और सास फातिमा ने हत्या कर दी।

सांड़ के हमले से किसान की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार: फसल की रखवाली कर रहे किसान की सांड़ के हमले से मौत हो गई। मामला रामनगर थाना क्षेत्र के चैन पुरवा का है। प्रद्युम्न (21) खेती-किसानी करता था। रोज की तरह वह गुरुवार शाम गेहूं की फसल की रखवाली करने खत गया था। फसल चर रहे सांड़ को भगाने लगा। सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। यह देखकर आस-पास खेत में मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाया। सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मेलार्थियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, 10 घायल

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : बहराइच से कोटवा धाम जा रहे मेलार्थियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को करनैलगंज के जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे खड़े एक दूसरे ट्रक में जा घुसी। सिपाहियों ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया है। हादसा बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे का हुआ। बहराइचले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र से 40 मेलार्थियों का जत्था ट्रैक्टर ट्रॉली से कोटवाधाम राम नगर बाराबंकी जा रहा था। गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग के समीप पीछे से गन्ना लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

हमले में दो युवकों को चार साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : घर पहुंचाने के लिए दिए गए 2000 रुपये वापस मांगने पर हमला करने के मामले में दो युवकों पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी शैलेंद्र व सद्दन को चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक पर 2000 का जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला अपर जिला जज अमित कुमार पांडेय की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश कुमार तिवारी व सुधाकर मिश्रा ने बताया कि पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी सुशील हरियाणा प्रांत के प्लाईवुड फैक्ट्री में साथ काम करता था। उसने हरियाणा में अपने ही गांव के शैलेंद्र को 2000 रुपये घर पहुंचा देने के लिए दिए थे। शैलेंद्र ने रुपये सुशील के घर नहीं दिए। जानकारी होने पर सुशील ने पैसे वापस मांगे तो शैलेंद्र व सद्दन ने उस पर लाठी से हमला कर दिया था। इसकी रिपोर्ट सुशील के पिता ने दोनों के खिलाफ अपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

विपक्षियों ने दी धमकी सदमे से किशोर की मौत

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार: भाई के हत्यारोपियों की धमकी से सदमे में आए किशोर की शुक्रवार को मौत हो गई। इससे परिवारवालों में कोहराम मच गया।

मामला घुंघटेर थाना क्षेत्र के जजियामऊ गांव का है। यहां पर चार वर्ष पहले यहां के निवासी पप्पू की हत्या कर दी गई थी। इसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विपक्षी रामराज, रघुराज, सुरेश व राकेश कुछ दिन पहले रामकिशोर के भाई किशोर लाल को रास्ते में मिल गए और उसे गालियां देते हुए मारने की धमकी दी थी। इससे सदमे में आकर उसकी मौत हो गई।

रघुवंश समाज का संकल्प श्री राम महायज्ञ पूर्ण होने की ओर : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रघुवंशी समाज की संकल्प शक्ति, अभूतपूर्व साहस एवं उत्साह से यज्ञ पूर्णता की ओर है। यह बातें शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कही। वे शुक्रवार को बड़ी छावनी में आयोजित हो रहे 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के कथा मंच से धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे।

यज्ञ समिति की ओर से जगतद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी कामदगिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट रामस्वरूपाचार्य ने ट्रस्ट महासचिव चंपतराय को शाल ओढ़ाकर से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर एक व्यक्ति का नहीं बल्कि आप सबका है। अयोध्या में तीन हजार से अधिक मंदिर हैं लेकिन प्रभु राम ने जहां जन्म लिया है वह सिर्फ रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर है। जिसे संवैधानिक तरीके से प्राप्त किया गया है। कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि संतान को मरते समय संपत्ति नहीं, बल्कि संस्कार देना चाहिए। बाली ने मरते समय अपने पुत्र अंगद को राज्य न सौंपकर, बल्कि राम के हाथ में सौंप दिया। जिसके कारण आज रामायण में अंगद श्रद्धा के पात्र हैं। इस दौरान बड़ा भक्तमाल के वयोवृद्ध महंत कौशल किशोर दास, सोनकच्छ से ब्रह्मचारी मनोहर दास, महंत रामकिशोर किशोर, कथा वाचिका रमाकिशोरी, कनकधाम के महंत श्यामदास, लखनदास छोटे बाबा, लालदास बाबा, पटेल बाबा सहित साधु- संत मौजूद रहे।

श्रीराम महायज्ञ में मौजूद संत व ट्रस्ट के महासचिव। अमृत विचार

कवायद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए शुरू हुआ भूमि का अधिग्रहण

यूपीसीडा को सौंपी गई 265 एकड़ भूमि

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : औद्योगिक निवेश के वादे को धरातल पर उतरने के लिए जिला प्रशासन ने प्लेटफार्म तैयार करना शुरू कर दिया है। रामसनेहीघाट में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए 265 एकड़ जमीन जिला प्रशासन ने यूपीसीडा को सौंप दी है। हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक कॉरिडोर बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण प्रारंभ किया गया है।

कंधइपुर व सनौली गांवों में स्थित 265 एकड़ करीब 1060 बीघा भूमि पर औद्यौगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण सीडा को हस्तांतरित कर दी है। लगभग इतनी ही भूमि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को जब लखनऊ में औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास करेंगे तो बाराबंकी की इन दो परियोजनाओं का भी शिलान्यास हो जाएगा। इसके साथ ही जिले की 206 यूनिटों का भी शुभारंभ किया जाएगा।

रामसनेहीघाट क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के विकास को यूपीसीडा को सौंपी गई जमीन।

विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र

रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र में स्थित 265 एकड़ जमीन यूपीसीडा को सौंप दी गई है। वे इसे औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करेंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक आस्थान निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन दोनों औद्योगिक आस्थानों के विकसित होने के साथ औद्योगिक निवेश के द्वारा तो खुलेंगे ही कई बड़े उद्योगों की स्थापना का रास्ता साफ होगा।

–सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

अवसादग्रस्त थी खुदकुशी करने वाली महिला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी। पुलिस का कहना है कि महिला अवसादग्रस्त थी।

गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीया पुत्री शिव देवी का शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। करीब चार घंटे बाद परिजन लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिवदेवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी। हालांकि थानाध्यक्ष का कहना है कि महिला अवसादग्रस्त थी। जिला प्रशासन अब भी प्रश्न पत्र अथवा उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने की बात से इनकार कर रहा है।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

> अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

प्रसंगवश

चुनौतियां और किताबों से प्यार

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

महानता और अंधविश्वास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

सोशल फोरम

अनिवार्य मिलिट्री सेवा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> 1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

आपका पत्र

सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक नजर

आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में हंगामा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को कोअभयरथियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

एनडीपीएस का आरोपी न्यायालय से फरार

रायबरेली। दीवानी कचहरी से आरोपी के फरार होने से वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होना लाजिमी है। अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में थाना क्षेत्र के गुलाब शाह का पुरवा निवासी नदीम पुत्र शाकिर को जिला जेल से दीवानी न्यायलय लाया गया था। जहां से वह चकमा देकर फरार हो गया। कैदी एनडीपीएस के मामले में एक साल से जिला कारागार में बन्द है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। सीसी फुटेज देखा जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। जेल प्रशासन की ओर से तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

डेढ़ किलो चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। रुपईडीहा में भारत नेपाल सीमा पर दोनों देश से आने जाने वाले यात्रियों की एसएसबी टीम जांच कर रही थी। एसएसबी 42 वीं वाहिनी के उप कमांडेंट के निर्देशन में सीमा चौकी निविया के द्वारा प्राप्त आसूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त टीम रवाना हुई। गश्त के दौरान सीमा स्तम्ब संख्या 651/04 से 100 मीटर भारतीय क्षेत्र में नेपाल से एक युवक आते हुए दिखाई दिया। उसके कंधे पर एक छोटा बैग था। गश्ती दल को देखते ही व्यक्ति ने भागने की कोसिस किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से बैग में डेढ़ किलो चरस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम- भीम बहादुर रोका पुत्र पिता -मंजीत रोका, ग्राम चुनाड, वार्ड नंबर-9, जिला-रुकुम, राष्ट्र-नेपाल बताया। नेपाली तस्कर ने बताया कि उसे चरस की खेप रूपईडीहा बाजार में अंजान व्यक्ति को देना था।

2025 कुंभ से पहले गंगाजल हो जाएगा आचमन करने लायक

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करके किया दावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा को साफ व स्वच्छ बनाने में 30 हजार करोड़ से अधिक लागत से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराए गए हैं। यही वजह है कि गंगा पहले के मुकाबले काफी निर्मल हुई हैं, लेकिन कुछ टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है, जिनपर कार्रवाई की जाएगी और वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले कुंभ से पहले गंगा का पानी आचमन लायक बना लिया जाएगा। यह बात जाजमऊ स्थित कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को कानपुर आए और उन्होंने जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि जाजमऊ का सीईटीपी व एसटीपी टेनरी सेक्टर में एशिया का सबसे बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी लागत सवा छह सौ करोड़ रुपये है। इसकी मदद से प्रतिदिन कई करोड़ लीटर दूषित पानी को स्वच्छ बनाया जा सकता है। 2014 में वाराणसी से चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री ने गंगा के सामने यह संकल्प लिया था कि गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित कराई जाएगी। तब नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य शुरू किए गए। पिछले नौ साल में अब तक लगभग 30 हजार करोड़ से ज्यादा से कार्य किया गया है। इस लागत से पानी का शोधन, इंफ्रास्ट्रक्चर, गंगा नदी की सहायक नदियों पर इसी तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर वेटलेंट का कंजरवेशन व गंगा नदी के पूरे ईको सिस्टम को सुधारने के लिए समन्वित प्रयास नमामि गंगे मिशन के तहत हुए हैं। कानपुर में गंगा की निर्मलता को देखकर यह कहना गलत नहीं कि होगा कि नमामि गंगे मिशन सफल हुआ है।

कानपुर में प्लांट के निरीक्षण के दौरान शोधित जल देखते केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

पहले गंगा में अंगुली डालने से काली हो जाती थी

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि मानक के तहत यहां से निकलने वाले पानी को खेतों में सिंचाई के लिए भेजा जा रहा है। पहले ट्रीटमेंट प्लांट न होने से जहरीला पानी गंगा में जाता था। कानपुर में ऐसा कहा जाता था कि यदि गंगा में हाथ की अंगुलियों को डालकर बाहर निकालो तो अंगुलियां काली पड़ जाती थीं।

एडब्लूईआईएल नौसेना को एंटी एयरक्राफ्ट गन की आपूर्ति करेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्लूईआईएल) भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशी तकनीक की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाली गन बनाने जा रही है। इसके लिए कंपनी का कोचीन शिपयार्ड के साथ समझौता हुआ है। 274.76 करोड़ रुपये का यह ऑर्डर चार साल में पूरा किया जाएगा।

स्वचालित 30 एमएम एके-630 सीआईडब्लूएस खास तरह की स्वचालित घूमने वाली गन है। यह दुश्मन के टारगेट की दिशा में घूमते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाती है। इसकी फायरिंग रेंज चार से पांच हजार राउंड्स प्रति मिनट है। टारगेट जैसे ही इसकी रेंज में आता है ये स्वतः फायरिंग शुरू कर देती है। यह विमान और हेलीकॉप्टरों के हमले से सुरक्षा करती है। नौसेना के जहाजों का यह प्रमुख वायुरोधी हथियार है। इसे युद्धक पोतों, छोटे जहाजों, तटीय लक्ष्यों और तैरती हुई माइंस के खिलाफ भी प्रयोग किया जा सकता है। एडब्लूईआईएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों से मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसी दिशा में कंपनी की कोचीन शिपयार्ड के साथ नयी पीढ़ी की 12 मिसाइल वेस्सल गन निर्माण के लिए सहमति बनी है।

30 एमएम नेवल गन।

- 274.76 करोड़ रुपये की 30 एमएम एके 630 नेवल गन के ऑर्डर के लिए एमओयू

नाले में डूबकर दिव्यांग की मौत

: हरदोई। बिलग्राम कोतवाली के झंडी पुरवा निवासी वीरेंद्र (45) खेती-किसानी करता था। वह अपने चार भाइयों मे सबसे बड़ा था। शुक्रवार की सुबह वह गांव के बाहर से निकले नाले के किनारे शौच करने के लिए गया, जहां उसका पैर फिसल गया और वह पानी से भरे नाले में जा गिरा। लोगों ने तुरंत बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन बचाया नहीं जा सका।

बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले रेल बाजार निवासी युवक को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा व 55 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

रेलबाजार थानाक्षेत्र निवासी आठ वर्षीय बच्ची एक जनवरी 2019 की दोपहर घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान इलाके में रहने वाला शमशाद बच्ची को बहला फुसला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और घटना के बारे में जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में रक्तस्त्राव होने पर परिजनों ने पूछताछ की बच्ची ने आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने शमशाद के खिलाफ रेलबाजार थाने में दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय योगेश कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था। सहायक शासकीय अधिवक्ता भावना गुप्ता ने बताया कि पीड़ित बच्ची समेत सात गवाहों ने शमशाद के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी। इनके आधार पर कोर्ट ने शमशाद को दोषी पाते हुए 20 साल कैद की सजा व 55 हजार जुर्माना लगाया है।

पति ने कुदाल से प्रहार कर पत्नी और बच्चे को मौत के घाट उतारा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय मासूम बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष उम्र 3 वर्ष पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और मासूम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन वहां पहुंच गए और आनन-फानन में घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। दोनों की हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। परिजनों के साथ एंबुलेंस में गए आरोपी पति को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

वारदात के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ व जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

- आपसी झगड़े के बाद पति ने उठाया खौफनाक कदम

> मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> -चक्रेश मिश्रा, एसपी

घायल पत्नी को लखनऊ लेकर गया आरोपी पति

मृतका के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी पति हमले के बाद घायल पत्नी और मासूम को एम्बुलेंस बुलाकर स्वयं ही लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर इलाज के लिए गया था। पिता के आरोपों के बाद लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया। पिता ने बताया कि मृतका के तीन बेटियां है और एक पुत्र था। मां और मासूम भाई की मौत के बाद तीन बेटियों के सिर से मां का साया उठ गया।

रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई छापा

हरदोई, अमृत विचार। बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा. तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है।

शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्जे में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार और सीज़ किए गए अभिलेखों के साथ लैपटॉप आदि को अपने साथ लेकर लखनऊ रवाना हो गई। वहां पहुंचें सीबीआई के अफसरों ने फिलहाल ऐसा कहते हुए कुछ भी बताने से मना कर दिया कि वे इस बारे में कुछ नहीं बता सकते।

गोरखपुर-वाराणसी से चलेंगी विशेष ट्रेनें

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए गोरखपुर और वाराणसी सिटी से विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 05129/05130 गोरखपुर-वाराणसी सिटी-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी गोरखपुर और वाराणसी सिटी से 17 व 18 को चलेंगी। 05129 गोरखपुर-वाराणसी सिटी परीक्षा विशेष गाड़ी 17 एवं 18 फरवरी को गोरखपुर से 13 .50 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर कैंट से 14 .07 बजे, कुसम्ही से 14 .20 बजे, सरदार नगर से 14 .30 बजे, चौरी चौरा से 14 .40 बजे, गौरी बाजार से 14 .52 बजे, बैतालपुर से 15 .02 बजे, देवरिया सदर से 15 .13 बजे, नूनखार से 15 .30 बजे, भटनी से 15 .40 बजे, पिवकोल से 15 .50 बजे, सलेमपुर से 15 .57 बजे, लार रोड से 16 .10 बजे, बेल्थरा रोड से 16 .27 बजे, किड़िहारापुर से 16 .47 बजे पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री बोले -

सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी।

हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। हम सरकार तक पहुंची समस्या को समाधान तक जरुर पहुंचाएंगे। यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। यहीं नहीं भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि जब देश का संविधान तैयार हो रहा था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बनें हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

रीजेंसी अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सर्वोदय नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलेगी, इसके लिए अमेरिका से द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी पर आधारित रोबो मशीन खरीदी गई है। इसकी मदद से कैंसर, ट्यूमर, पेट, हार्निया के गुणवत्तापूर्ण ऑपरेशन जल्द हो सकेंगे। मरीजों को भी अधिक दिनों तक अस्पताल में रुकना नहीं पड़ेगा।

दि विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी की लांचिंग पर रीजेंसी हास्पिटल के टावर-टू में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि बीते पांच से सात वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी बदलाव आया है। रीजेंसी अस्पताल में विश्व स्तर के डॉक्टर हैं, जिनकी वजह से हजारों मरीजों स्वस्थ होकर घर जाते हैं। अब यहां रोबोटिक सर्जरी की सुविधा नए युग की शुरुआत है। रीजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.अतुल कपूर ने बताया कि द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी मशीन से बीते 15 दिनों में 50 सर्जरी की जा चुकी हैं। यह अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफार्म सर्जिकल प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इसकी मदद से जटिल सर्जरी करना आसान होगा। अमेरिका से आयी इस मशीन की कीमत 15 करोड़ रुपये है। रीजेंसी के सीईओ अभिषेक कपूर ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक के साथ रीजेंसी सर्जिकल उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करने और हेल्थ केयर प्रदान करने के तरीके में बदलाव लाने को तैयार है। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि रोबोट से खाने की नली के कैंसर, पेट से जुड़े सभी प्रकार के कैंसर और महिलाओं में होने वाले कैंसर का ऑपरेशन किया जा सकता है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जाने की जरूरत नहीं होगी। रीजेंसी में अन्य निजी अस्पतालों की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी कम कीमत पर होगी। कार्यक्रम में डॉ.जितिन यादव, डॉ.संजीव मेहरोत्रा, डॉ.पीयूष त्रिपाठी, डॉ.यूथिका बाजपेयी, डॉ.अर्चना त्रिवेदी, डॉ.रश्मि कपूर मौजूद रहीं।

सहूलियत

- अमेरिका से अस्पताल में आई 15 करोड़ की मशीन से गुणवत्तापूर्ण अचूक आपरेशन होंगे

कानपुर व गोरखपुर में उद्घाटन करेंगे पीएम

रीजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.अतुल कपूर ने बताया कि वह प्रदेश सरकार के सहयोग से रोबोटिक सर्जरी की उपलब्धि हासिल करने में कामयाब हुए हैं। रीजेंसी की ओर से इन्वेस्टर समिट में एक हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कानपुर व गोरखपुर में तीन सौ बेड के रीजेंसी अस्पताल का उद्घाटन जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वाराणसी, आगरा, प्रयागराज व बरेली में भी अस्पताल खोलने की तैयारी की जा रही है।

लखनऊ, बहराइच ने जीते अपने-अपने मुकाबले

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार दो मुकाबले खेले गए। जिसमें बहराइच और लखनऊ की टीम ने अपने अपने मैच जीत लिया।

पहला मुकाबला बहराइच रेड और डीसीए जालौन के बीच केडीसी के मैदान पर खेला गया जिसमे टॉस जीतकर जालौन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बहराइच की घातक गेंदबाजी से जालौन की पूरी टीम 19 ओवर में मात्र 38 रनों पर ऑल आउट हो गई बहराइच की तरफ से त्रिपुरेश मिश्रा ने तीन तुषार एवं दिव्यांशु ने दो-दो एवं अक्षत सिंह ने एक विकेट लिया । 39 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए डीसीए बहराइच रेड ने चार ओवर में 42 रन बनाकर 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। जालौन की तरफ से सक्षम त्रिपाठी ने दो विकेट लिए । मैन ऑफ द त्रिपुरेश मिश्रा को चुना गया। वही दूसरा मुकाबला लखनऊ एवं डीसीए रायबरेली के मध्य इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 226 रनों का स्कोर खड़ा किया । क्रतुराज सिंह ने 109 रन बनाए। रायबरेली की तरफ से आदित्य सिंह ने दो एवं सम्मान और अभिषेक ने एक-एक विकेट लिए। 226 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए रायबरेली की टीम 120 रनों पर ऑल आउट हो गई। लखनऊ की तरफ से मुबाशिर ने चार पवन ने तीन आसिफ अली ने दो एवं हाशिम ने एक सफलता अपने नाम की। मैच में मैन ऑफ द मैच कीर्तुराज राज सिंह को चुना गया। इस अवसर पर डीसीए सचिव इशरत महमूद खान, आकाश पांडे , चाँद क्रिकेटर , हरेंद्र वेदवान , अभिषेक शुक्ला , कुसमेन्द्र सिंह राणा , अटल सिंह, आयुष चित्रांश, कैराती , रवि यादव , टीटी , निखिल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। शनिवार का पहला मुकाबला लखनऊ और जालौन और दूसरा मुकाबला बहराइच रेड एवं रायबरेली के बीच में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता में शाट मारता खिलाड़ी।

कानून की शिक्षा सुदूर ग्रामीण भारत में ले जाने की जरूरत : सीजेआई

प्रयागराज। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, "प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है। विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है।" उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते।" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं। उन्होंने कहा, "यहां तक कि मूट कोर्ट, इंटर्नशिप और प्रतियोगिता जैसे अवसर भी पारंपरिक ढंग से सभ्रांत परिवार से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए। विधि कालेज और विश्वविद्यालयों को विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर इसे डिजाइन करना चाहिए।" प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि उत्तर प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें। इनमें से कई इलाहाबाद उच्च न्यायालय और कई जनपद न्यायालयों में वकालत करेंगे। चंद्रचूड़ ने कहा कि जब सभी को शिक्षा में समान अवसर प्रदान किया जाता है तभी रोजगार और समाज में योगदान के अवसर प्राप्त होते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और विश्वविद्यालय की कुलपति ऊषा टंडन ने भी संबोधित किया।

विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार | 68वें रेल सप्ताह समारोह का हुआ आयोजन, महाप्रबंधक ने किया पुरस्कृत

सम्मानित किए गए पूर्वोत्तर रेलवे के 57 कर्मचारी

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के 68वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में आयोजित समारोह में वर्ष-2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 रेलकर्मियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा 39 अधिकारियों व कर्मचारियों को स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क विभाग द्वारा संपादित ई-कॉफी टेबल बुक 'छोटी लाइनः ए जर्नी ऑफ ट्रान्सफारमेशन-पूर्वोत्तर रेलवे (1875-2024)' का विमोचन भी किया। इस ई-कॉफी टेबुल बुक में पूर्वोत्तर रेलवे की स्थापना से लेकर अब तक के विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। इसके पूर्व इस बुक के संबंध में पंकज कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रकाश डाला और इसके लेखन के दौरान प्राप्त रोचक तथ्यों के बारे में भी विशेष रूप से बताया। समारोह में बुक के को-ऑथर प्रेम शर्मा को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम अपने समर्पित एवं निष्ठावान रेलकर्मियों को प्रत्येक वर्ष पुरस्कृत कर सम्मानित करते हैं जिनके प्रयासों व उत्कृष्ट कार्यों से रेलवे की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उत्पादकता बढ़ी है और रेल संरक्षा के नये मानदंड स्थापित हुए हैं। इसके पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन हेमलता सिंह, संगठन की सदस्याएं, अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी मंडल रेल प्रबंधक आदि रहे। मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआर अवधेष कुमार ने महाप्रबंधक सहित सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने समारोह का सफल संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष रेलवे भर्ती सेल राजेश कुमार गुप्ता ने किया।

पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मचारी को सम्मानित करतीं महाप्रबंधक सौम्या माथुर।

तेजस्वी समेत राजद मंत्रियों के कार्य की होगी समीक्षा

पटना, एजेंसी

बिहार की नीतीश सरकार ने महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने का आज आदेश दिया।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि 01 अप्रैल 2023 से स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पूर्व मंत्री के स्तर पर किए गए कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाए। यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बाद उनमें संशोधन किया जाए। इस संबंध में तत्कालीन विभागीय मंत्रियों से संबंधित आदेश की जानकारी दी जाएगी। साथ ही संबंधित मंत्री से आवश्यक निर्देश भी प्राप्त किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व की महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव के पास स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और ग्रामीण कार्य

▸▸ तेजस्वी यादव के पास थे कई अहम मंत्रालय

विभाग था। इनके अलावा राजद विधायक रामानंद यादव खान एवं भू-तत्व विभाग और ललित यादव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री थे। बिहार में महागठबंधन को छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता जोड़े अभी श्री नीतीश कुमार को एक माह भी नहीं हुआ है कि राजद कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं निर्णयों की समीक्षा का आदेश जारी हुआ है। महागठबंधन सरकार से अलग होने के बाद विधानसभा में श्री नीतीश कुमार ने सरकार के शक्ति परीक्षण के दौरान कहा था कि उन्हें जानकारी मिल रही थी कि कई विभागों के कामकाज में गड़बड़ की जा रही थी। उन्होंने विधानसभा में एलान किया था कि यदि आवश्यकता पड़ी तो संबंधित विभागों के काम की जांच पड़ताल कराई जाएगी।

नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: लालू

पटना : राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। राजद के अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। दोनों नेताओं को गुरुवार को बिहार विधानसभा परिसर के अंदर गर्मजोशी से हाथ मिलाते देखा गया था, जहां लालू राज्यसभा चुनाव को लेकर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों मनोज झा और संजय यादव के नामांकन दाखिल करने के समय उनका मनोबल बढ़ाने गए थे। जब प्रसाद से कुमार के फिर से साथ आने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अब आएंगे तो देखेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या जदयू प्रमुख के लिए उनका दरवाजा खुला हुआ है, राजद प्रमुख ने कहा कि दरवाजा खुला ही रहता है।

नीतीश को लेकर भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी : ओवैसी

किशनगंज (बिहार) : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले जाएंगे। राज्य के किशनगंज जिले में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कुमार और उनके पूर्व सहयोगी राजद पर मुसलमानों को सत्ता में हिस्सेदारी देने के खिलाफ होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को याद होगा कि जब मैं पिछले साल यहां आया था तो मैंने चेतावनी दी थी कि नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

दंगे के मास्टर माइंड के घर की कुर्की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर पुलिस कुर्की करने पहुंची तो हैरान रह गई। मलिक के घर इतना माल मिला कि दोपहर शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही। मलिक के घर से क्या-क्या मिला, इसका खुलासा होना अभी बाकी है, लेकिन पुलिस माल ट्रकों में भर कर ले गई है। कई विदेशी वस्तुएं भी मिली हैं।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक 8 फरवरी के बाद से फरार है। उसका बेटा अब्दुल मोईद भी फरार है। पुलिस उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा समेत कई राज्यों में उसकी तलाश कर रही है।

गृह मंत्रालय ने इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया, लेकिन इससे पहले ही न्यायालय से कुर्की के आदेश आ चुके थे। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भारी पुलिस, पीएसी और पैरी मिलिट्री बल के साथ अब्दुल मलिक के घर पहुंचे। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई

▸▸ बनभूलपुरा में दोपहर 2 बजे शुरू हुई कुर्की देर रात तक जारी रही

▸▸ ट्रकों से माल ले गई पुलिस, भारी सुरक्षा के बीच की गई कार्रवाई

कुर्की की कार्रवाई रात 12 बजे तक जारी रही। सूत्रों का कहना है कि मलिक के घर से विदेशी घड़ियां, जेवरात, भारी मात्रा में कैश और बेहद कीमती सामान बरामद हुए हैं। मलिक के घर से इतना माल निकला, जिसका अंदाजा पुलिस को भी नहीं था। पुलिस मान रही थी कि दो-तीन घंटे में कुर्की हो जाएगी, लेकिन आधी रात हो गई। एसएसएपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई की गई है। कुर्की में क्या-क्या मिला है, आंकलन होना अभी बाकी है।

वंदे भारत ट्रेन कवच के पहले परीक्षण में पास

नई दिल्ली, एजेंसी

आगरा रेलवे डिवीजन ने शुक्रवार को स्वदेशी रूप से विकसित टक्कर रोधी उपकरण कवच के तहत आठ डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन में स्थापित स्वचालित ब्रेकिंग सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आगरा रेलवे डिवीजन की जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि पहले परीक्षण में लोको पायलट ने ब्रेक नहीं लगाया, फिर भी 160 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही ट्रेन रेड सिग्नल से 10 मीटर पहले स्वचालित रूप से थम गई। यह मानक अब देश में आठ डिब्बों वाली सभी वंदे भारत ट्रेन में आजमाया जाएगा। सभी वंदे भारत ट्रेन में कवच प्रणाली लगी हुई है जो किसी भी कारण से लोको पायलट के कार्य नहीं कर पाने की स्थिति में खुद ब्रेक लगा सकती है। चूंकि इस प्रणाली को एक साथ काम करने के लिए कई अन्य घटक जैसे स्टेशन कवच, ट्रैक की पूरी लंबाई में आरएफआईडी टैग और पटरी के साथ कवच टावर की आवश्यकता होती है, इसलिए भारतीय रेलवे परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपने नेटवर्क में इन घटक को लागू

▸▸ रेड सिग्नल से 10 मीटर पहले ही स्वत: रुक गई ट्रेन

करने की प्रक्रिया में है।

उत्तर मध्य रेलवे जोन के उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर कुश गुप्ता की देखरेख में मथुरा और पलवल के बीच सुबह साढ़े नौ बजे परीक्षण शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक पूरा अभ्यास अप और डाउन दोनों दिशाओं में दोहराया गया। श्रीवास्तव ने कहा कि अब 16 डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन के लिए कवायद की जाएगी। इस परीक्षण से पहले, गुप्ता की देखरेख में आगरा डिवीजन ने अन्य मेल और एक्सप्रेस ट्रेन के लिए 140 किमी प्रति घंटे और 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दो और कवच परीक्षण सफलतापूर्वक किए। आगरा मंडल ने मथुरा (स्टेशन को छोड़कर) और पलवल के बीच 80 किलोमीटर की दूरी पर एक संपूर्ण कवच नेटवर्क विकसित किया है। इसमें स्टेशन क्षेत्रों और अन्य स्थानों पर पटरी पर आरएफआईडी टैग लगाना, स्टेशन जैसे कई स्थानों पर कवच इकाइयों की स्थापना और पटरी के साथ टावर तथा एंटीना की स्थापना शामिल है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित कवच प्रणाली, आपातकालीन स्थिति में स्वचालित रूप से ब्रेक लगा सकती है जब ट्रेन चालक समय पर कार्य करने में विफल रहता है।

दंगाइयों के खनन वाहनों के पंजीयन होंगे निरस्त

हल्द्वानी, अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में खनन समिति की बैठक की। डीएम वंदना ने तत्काल प्रभाव से बनभूलपूरा बलवे में पुलिस के नामजद अभियुक्तों एवं उनके परिजनों के नाम से गौला नदी में खनन वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के निर्देश दिए। यह तय हुआ कि गौला नदी में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों के लिए मुस्कान एवं आंगनबाड़ी केंद्र को मलिक के बगीचे में अतिक्रमण मुक्त भूमि पर बनाया जाएगा। कोसी नदी के सभी गेटों में तत्काल इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगाने के निर्देश दिए।

हर गली-नुक्कड़ पर दंगाइयों के पोस्टर चस्पा, तलाश हुई तेज

हल्द्वानी, अमृत विचार : मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत बनभूलपुरा दंगे के फरार सभी 9 आरोपियों के खिलाफ पोस्टर पुलिस ने जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को हर गली, नुक्कड़ पर पुलिस ने इनके पोस्टर चस्पा किए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पोस्टर लगाए और जनता से इनके बारे में जानकारी देने की अपील की। इन पोस्टर को पूरे प्रदेश में लगाया जाएगा। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम जब मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसे और धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंची तो स्थानीय लोगों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

झादी ताल में दिखी दुर्लभ प्रवासी पक्षी मरेका फाल्कटा

संवाददाता, पलिया कलां(खीरी)

अमृत विचार : दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की किशनपुर रेंज में गुरुवार को यूपी ग्रासलैंड प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए दि हैविटेट्स ट्रस्ट की टीम को झादी ताल में पहली बार दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा) दिखाई दी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में जब अन्य प्रवासी पक्षियों के साथ मरेका फाल्कटा को

दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक।

देखा तो वह खुशी से उछल पड़े। क्योंकि मंगोलिया और साइबेरिया जैसे ठंडे देशों में प्रजनन करने वाली इस प्रजाति के पक्षी को दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखा गया था। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी का संरक्षण आवश्यक है। संरक्षण न किए जाने पर यह

▸▸ दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखी गई दुर्लभ प्रवासी पक्षी

पक्षी यहां खतरे में पड़ सकती है। इसको वर्ल्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा नियर थ्रिएटेंड श्रेणी में रखा गया है। बताया कि डीटीआर प्रभाग के किशनपुर रेंज के झादी ताल में इस प्रजाति के पक्षी को पाए जाने से यह स्पष्ट हो गया है की झादी ताल प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित वासस्थल है। क्षेत्रवासियों से यह अपील भी की है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई विशेष प्रकार का पक्षी दिखाई दे तो उसकी सूचना वन विभाग को अवश्य दें।

मप्र : हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव पर लगाया जुर्माना

एजेंसी, जबलपुर

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक दुष्कर्म पीड़िता की स्कूल फीस का कथित तौर पर भुगतान न करने के संबंध में एक याचिका पर जवाब दाखिल नहीं करने पर राज्य के मुख्य सचिव और दो अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रत्येक पर 25,000-25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत ने इस माह की शुरुआत में एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया। इस खबर में दावा किया गया था कि सरकार ने नाबालिग पीड़िता और उसकी बहन की शिक्षा की जिम्मेदारी लेने के बावजूद उनकी स्कूल फीस

▸▸ दुष्कर्म पीड़िता की स्कूल फीस भुगतान में लापरवाही का मामला

का भुगतान करना बंद कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश आर मलिमथ और न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने गुरुवार को कहा कि पहले के आदेश और समय देने के बावजूद राज्य के अधिवक्ता ने एक बार फिर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने मुख्य सचिव, इंदौर जिलाधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को सुनवाई की अगली तारीख 19 फरवरी तक अपनी जेब से 25,000-25,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया।

किसान आंदोलन से उत्तरी राज्यों को रोजाना 500 करोड़ का नुकसान

एजेंसी, नयी दिल्ली

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन के लंबा चलने से उत्तरी राज्यों में व्यापार और उद्योग को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

उद्योग मंडल का कहना है कि किसान आंदोलन से रोजगार को भारी नुकसान होने की आशंका है और इससे प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होगा। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के

▸▸ पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जताई चिंता

अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले आंदोलन से प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होगा। ...और उत्तरी राज्यों मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के चौथी तिमाही के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उद्योग मंडल देश में सभी के कल्याण के लिए आम सहमति के साथ सरकार और किसानों दोनों से मुद्दों के शीघ्र समाधान की आशा करता है।

अग्रवाल ने कहा कि किसानों का आंदोलन पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के व्यवसायों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। उत्पादन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने और उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए ऐसी इकाइयों का कच्चा माल बड़े पैमाने पर अन्य राज्यों से खरीदा जाता है। सबसे बड़ी मार पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के एमएसएमई पर पड़ेगी।

जबलपुर में शुक्रवार को नर्मदा जयंती के अवसर पर भक्तों ने नर्मदा नदी के तट पर मिट्टी के दीपक जलाए। हिंदू धर्म में इस नदी की पूजा बहुत ही शुभ मानी जाती है। : एजेंसी

किसानों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देश के किसानों, मजदूरों के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समर्थन में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने गांधी पार्क में धरना देकर उनकी न्यायसंगत मांग को स्वीकार करने व उनके क्रूर दमन के प्रयासों के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि देश के अन्न दाताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए उन पर जो जुल्म किए गए हैं, उन्हें देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार उपपा कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में पोस्टर व बैनरों के साथ उत्तराखंड व देश में बढ़ रही तानाशाही व माफियाराज का विरोध किया। धरना

मांगों को लेकर अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक ओर अपने देश की जनता व युवा पीढ़ी महंगाई, बेरोजगारी व प्राकृतिक संसाधनों की लूट से परेशान है। वक्ताओं ने कहा कि सरकारें सुनिश्चित रूप से रोजगार के अवसर खत्म कर युवा पीढ़ी को संविदा व ठेके के रोजगार देकर उनका भविष्य चौपट कर रही हैञ जिसे किसी कीमत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। धरने में वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद लाल वर्मा, उपपा के केंद्रीय महासचिव एडवोकेट नारायण राम, मोहम्मद वसीम, उछास के भास्कर तिवारी, दीपांशु पांडे, राकेश बाराकोटी, सुमित, सक्षम पांडे, नीरज पंत आदि रहे।

न्यूनतम वेतन को लेकर एलआईसी कर्मियों का प्रदर्शन

हल्द्वानी, अमृत विचार: ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन (एआईआईईए) के आह्वान पर शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एलआईसी के मंडलीय कार्यालय में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई रोकने, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये करने की मांग की।

पत्नी की हत्या कर बेटी का गला रेता

एजेंसी, गाजियाबाद

जिले में एक व्यक्ति ने शुक्रवार को पत्नी का गला रेत दिया और फिर खुद तथा अपने बेटी के साथ भी ऐसा करने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी।

ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि जावेद (30) ने अपनी पत्नी साबरीन (27) का गला रेतने के बाद खुद के और अपनी बेटी हीबा (ढाई साल) के साथ ही ऐसा ही करने की कोशिश की। उन सभी को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सबरीन को मृत घोषित कर दिया। जावेद और शीबा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जावेद को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था और उनके बीच अक्सर अनबन रहती थी। यादव ने बताया कि पिछले एक साल से वे उत्तर पूर्व दिल्ली के नंद नगरी में विवाद को सुलझाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र में जा रहे थे। बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे जावेद ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और वारदात को अंजाम दिया। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने कमरे में झांककर देखा तो तीनों खून से लथपथ पड़े थे।

हालात | कैंची धाम में भी भक्तों की संख्या में काफी कमी आई

हल्द्वानी हिंसा, किसान आंदोलन का पर्यटन पर असर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हल्द्वानी हिंसा व दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद एनसीआर के सैलानी नैनीताल नहीं आ रहे हैं। शनिवार व रविवार को वीकेंड पर भी इसका असर दिखने लगा है।

इस बार बर्फबारी नहीं होने के चलते जनवरी फरवरी में सैलानी काफी कम संख्या में नैनीताल पहुंचे थे। अब बीते सप्ताह बनभूलपुरा घटना और दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद अब वीकेंड पर आने वाले सैलानियों ने भी नैनीताल से मुंह मोड़ लिया है। इसके चलते पर्यटन पर आधारित स्थानीय

नैनीझील में पर्यटकों की कमी के कारण पसरा सन्नाटा।

व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं पूरे सप्ताह भक्तों से भरा रहने वाला कैंची धाम में भी भक्तों की संख्या में काफी कमी आई है।

होटलों की बुकिंग हुई कैंसिल, **नगर में पसरा सन्नाटा:** किसान आंदोलन व बनभूलपुरा घटना के बाद से सरोवर नगरी में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं आगे भी स्थिति सामान्य नहीं होने से अब होटलों की अग्रिम बुकिंग भी कैंसिल होने लगी है। इसके चलते होटल कारोबारियों सहित अन्य छोटे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बर्फबारी नहीं होना, बनभूलपुरा घटना व किसान आंदोलन का नैनीताल के पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। लोग नैनीताल आने से कतरा रहे हैं, जिसके चलते इस वीकेंड पर कई होटलों की बुकिंग भी कैंसिल हुई है। अगर जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले वीकेंड पर भी इसका असर पड़ सकता है। -**रमनजीत सिंह**, उपसचिव होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन।

राष्ट्रीय खेलों को राज्य में खेल संस्कृति से जोड़ेंगे

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में विश्व स्तरीय खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर व सुविधाएं निर्धारित समय सीमा में विकसित करने के निर्देश दिए। राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को एंटी ड्रग्स अभियान, ग्रीन नेशनल गेम्स व राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने के अभियान से जोड़ा जाएगा।

प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत सड़कों के सुधार व मजबूती के लिए इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ एक

▸▸ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिए निर्देश

बैठक तत्काल आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड को ग्रीन स्पोर्ट्स व ग्रीन टूरिज्म के विश्व स्तरीय मेजबान के रूप में स्थापित करने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल सुविधाओं एवं खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास इस प्रकार किया जाना चाहिए ताकि राज्य के खिलाड़ी एवं युवा भविष्य में लम्बी अवधि तक इन सुविधाओं का लाभ उठा सके तथा राज्य में स्पोर्ट्स स्प्रिट एवं खेल संस्कृति का विकास हो।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहुंचे चंदौली, जनसभा में सत्ता पक्ष पर किया जोरदार प्रहार, बोले-

राम मंदिर उत्सव में राष्ट्रपति और गरीबों के लिए नहीं थी जगह

एजेंसी, चंदौली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के उत्सव में प्रधानमंत्री मोदी, अंबानी, अडाणी और अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था, लेकिन देश की आदिवासी राष्ट्रपति, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए जगह नहीं थी। वे यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

बिहार से राहुल गांधी की न्याय यात्रा 34वें दिन शुक्रवार को दोपहर बाद उत्तर प्रदेश के चंदौली पहुंची। जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने न्याय यात्रा का ध्वज उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को सौंपा। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। गांधी ने अपनी

▸▸ सरकार के अन्याय के खिलाफ लड़ रही है कांग्रेस पार्टी

यात्रा का मकसद स्पष्ट करते हुए कहा कि इस यात्रा में हमने शब्द न्याय इसलिए जोड़ा कि हम न्याय की बात करना चाहते हैं, देश को जोड़ने की बात करना चाहते हैं, एकता की बात करना चाहते हैं, यात्रा में हम लंबे भाषण नहीं देते।

आपके बीच छह-सात घंटे बातचीत होती, जो भी आप किसानों, मजदूरों के दिल में होता है, उसे हमें खुलकर बताइए। गांधी ने उमड़ी भीड़ से आत्मीयता दिखाते हुए कहा कि आपने जो बताया, जो हम सीखे, जो आपको दर्द है, आपके दिल में जो दुख है, उसे हम स्टेज से आपके सामने रखते हैं। लक्ष्य यह है कि जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन और देश की जनता एक साथ खड़ा हो जाए।

मीडिया पर कसा तंज, नहीं दिखाते जनता का दर्द

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि देश में अरबपतियों के लिए काम किया जा रहा है, किसानों की जमीन छीनी जा रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बारे में क्या कभी टीवी पर देखा? उन्होंने कहा कि ये 'मोदी मीडिया', ये आपको अमिताभ बच्चन को दिखा देंगे, ऐश्वर्या राय को दिखा देंगे, पाकिस्तान के व्याख्यान दिखा देंगे मगर बेरोजगारी और महंगाई के बारे में आपको मीडिया में नहीं दिखने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि राम मंदिर का उत्सव आपने देखा। गांधी ने कहा कि दो हिंदुस्तान बन रहे हैं, इसमें से एक हिंदुस्तान आपको टीवी पर दिखेगा जिसमें एक तरफ ऐश्वर्या राय नृत्य करती दिखेंगी, दूसरी तरफ बल्ले-बल्ले करते अमिताभ बच्चन दिखेंगे, शाहरुख खान और विराट कोहली के अलावा भारतीय क्रिकेट टीम दिखेगी। लेकिन इस हिंदुस्तान में आपको एक भी भूखा, एक भी बेरोजगार, एक भी अग्निवीर नहीं दिखेगा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि असल में हिंदुस्तान के गरीब लोगों के लिए मजदूरी का रास्ता खुला है, संविदा मजदूरी का रास्ता खुला है, बेरोजगारी का रास्ता खुला है, भूख का रास्ता खुला है।

डकैती के 40 दोषियों को 10 वर्ष का कारावास

एजेंसी, देवरिया

जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को डकैती के मामले में 40 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उनको 10-10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद 40 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष का कठोर कारावास सुनाने के साथ ही प्रत्येक आरोपी व्यक्ति पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। बताया कि 18 जनवरी 1995 को आरोपियों ने अजय कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र सुरेश लाल श्रीवास्तव के घर व दुकान में डकैती की। इस संबंध में दी गयी तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ खामपार पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी दिन अजय कुमार उर्फ मुन्ना ने डबल बैरल बंदूक से भीड़ पर फायरिंग कर दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी। सिंह ने कहा कि इसके बाद खामपार पुलिस थाना में उसके खिलाफ धारा 302 और 307 के तहत मामला दर्ज किया गया। सिंह ने बताया कि अदालत ने अजय कुमार उर्फ मुन्ना को भी दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

ट्रैक्टर ट्रॉली को डंपर ने मारी टक्कर, दो श्रद्धालुओं की मौत

सहारनपुर : जिले में शुक्रवार को दिल्ली यमुनोत्री राजमार्ग पर एक अनियंत्रित डंपर ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा डेढ़ दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया दिल्ली यमुनोत्री राजमार्ग पर तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने पिलखनी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। जैन ने बताया कि थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुन्ना के पास यह हादसा हुआ जिसके बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि हादसे में दो व्यक्तियों नकली सिंह (50) और राकेश (48) की मौत हो गई तथा एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही बेअसर दिखा भारतीय किसान यूनियन का भारत बंद

सिसौली पंचायत में आगे की रणनीति तय करेंगे : टिकैत

एजेंसी, मुजफ्फरनगर/बागपत/मेरठ

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा दिए गए भारत बंद के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर के सिसौली में शनिवार को आयोजित एक मासिक पंचायत में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

टिकैत ने वीडियो से बातचीत में कहा कि हम फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने, किसानों की कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर

▸▸ एमएसपी की गारंटी तक करते रहेंगे संघर्ष

विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी दिल्ली जाने की कोई योजना है, टिकैत ने कहा कि शनिवार को सिसौली (मुजफ्फरनगर) में एक मासिक पंचायत है, उसमें आगे की रणनीति तय करेंगे। टिकैत ने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोंवाली चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। जिले में 10 स्थानों पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के विभिन्न गुटों के समर्थकों ने धरना दिया। बिजनौर में, भाकियू ने विरोध प्रदर्शन के तहत कुछ गन्ना तौल केंद्रों पर काम बंद कर दिया। भाकियू के जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी ने कहा कि जिले में गन्ना तौल और खरीद केंद्र आज बंद रहे। व्यापारियों ने भी बंद के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं। बागपत में भाकियू कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

बागपत भाकियू जिला इकाई के अध्यक्ष प्रताप सिंह गुर्जर ने कहा कि वंदना चौक पर बंद के समर्थन में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों ने भी आह्वान का समर्थन किया और वे गन्ना खरीद केंद्रों पर नहीं गए। शाहजहांपुर जिले में बंद का कोई खास असर नहीं रहा। कुछ भाकियू कार्यकर्ताओं ने खुटार-पूरनपुर रोड पर एक टोल बूथ पर कुछ देर के लिए विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि प्रदर्शन के कारण कोई यातायात बाधित नहीं हुआ। जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। ऐसी ही प्रतिक्रिया बदायूं में भी देखने को मिली। भाकियू जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना ने कहा कि बंद का आह्वान किसान नेताओं ने किया था, लेकिन हमें शहरी क्षेत्र के व्यापारियों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। दूसरी ओर, ग्रामीण इलाकों में लोग बंद का समर्थन करते हैं। मेरठ जिले के शहरी क्षेत्र में बंद का असर न के बराबर रहा।

बीटीसी का पाठ्यक्रम सीटी की तुलना में व्यापक : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्राथमिक कक्षाओं में सहायक अध्यापक की योग्यता को स्पष्ट करते हुए कहा कि बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट (बीटीसी) की पाठ्य सामग्री कक्षा-5 तक पढ़ाने के उद्देश्य से प्रस्तावित है जबकि सीटी (शिशु शिक्षा) की पाठ्यसामग्री प्री-स्कूल यानी कक्षा 2 तक सीमित है। उपरोक्त के मद्देनजर सीटी की पाठ्य सामग्री सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता यानी बीटीसी की पाठ्य सामग्री के बराबर नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने श्रीमती माला यादव व 10 अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले

▸▸ कोर्ट ने सहायक अध्यापक की योग्यता को किया स्पष्ट

में याचियों ने परीक्षा नियामक प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नर्सरी प्रशिक्षण परीक्षा-2013 और उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2013 उत्तीर्ण की है। उसके बाद उन्होंने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए काउंसलिंग में भाग लिया, लेकिन उन्हें इस आधार पर नियुक्त नहीं किया गया कि उनके पास आवश्यक योग्यता यानी दो वर्षीय बीटीसी पाठ्यक्रम/2 वर्षीय उर्दू बीटीसी पाठ्यक्रम या विशेष बीटीसी पाठ्यक्रम नहीं है और उनकी योग्यता यानी नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र निर्धारित योग्यता के बराबर नहीं है। याचियों के अधिवक्ता का तर्क है कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा दिनांक 23.8.2010 को जारी अधिसूचना में नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा (बीटीसी) के बराबर माना गया था। अधिवक्ता ने आगे यह भी तर्क दिया कि याचियों के पास न्यूनतम शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद गलत तरीके से उनकी नियुक्ति से इनकार कर दिया गया। उनका परिणाम घोषित हुआ होता तो निश्चित रूप से वे मेरिट सूची में होते। अंत में कोर्ट ने कहा कि बेसिक टीचर सर्टिफिकेट (बीटीसी) पाठ्यक्रम सीटी की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है।

आक्रोशित किसानों ने किया अनोखा प्रदर्शन

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : आगरा में मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। यहां किसानों ने यमुना नदी में उतरकर कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी नाराज़गी जताई है। यमुना में उतरे किसानों के हाथ में मुआवजे की मांग लिखी तख्तियां थी। किसानों के साथ महिलाएं भी यमुना खड़ी होकर मुआवजे मांग करती दिखीं।

शुक्रवार को आगरा की एत्मादपुर तहसील के गांव रहनकला के किसान एकजुट होकर यमुना किनारे पहुंचे। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर

यमुना नदी में खड़े होकर प्रदर्शन करते नाराज किसान।

जलसमाधि का ऐलान कर दिया। किसानों की जलसमाधि की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस पर किसान हाथों में अपनी मांग की तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए यमुना के गहरे पानी में उतर गए। किसानों ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से साफ कह दिया है कि जब तक उनकी अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक

▸▸ अधिग्रहित भूमि के चार गुना मुआवजे की कर रहे मांग

प्रदर्शन चलता रहेगा। खबर मिलते ही एत्मादपुर एसीपी सुकन्या शर्मा के साथ ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। जिस पर किसानों ने कहा कि सन् 2009 में विकास कार्य कराने को लेकर तहसील एत्मादपुर के मौजा रायपुर, मौजा रहनकलां में किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी। मगर किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। जिसको लेकर लगातार किसान अपनी आवाज उठा रहे हैं। मगर, उन्हें चार गुना मुआवजा नहीं दिया गया। इसलिए, सभी किसान अपनी जमीन भी वापस लेना चाहते हैं।

देवरिया : दीवार गिरने से पति-पत्नी की मौत

देवरिया : जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर की दीवार गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गयी जबकि इसी दौरान शार्ट सर्किट के कारण करंट लगने से अन्य दंपति भी झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के पूर्वा मोहल्ले में दीवार गिरने से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र (25) और उनकी पत्नी बब्बी (22) को मृत घोषित कर दिया। शर्मा ने बताया कि इसी घटना के दौरान घर पर आए मृतका बब्बी के भाई चंदन और उनकी पत्नी चंद्रकला शॉर्ट सर्किट के कारण झुलस गए। उन्होंने बताया कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में दोनों का उपचार किया जा रहा है।

भरण-पोषण के मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

डीआईओएस के पास वेतन कटौती का अधिकार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवैध रूप से वेतन कटौती के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज अधिनियम, 1971 की धारा 3 के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक के पास वेतन कटौती की शक्ति नहीं है, जब तक कि सक्षम न्यायालय द्वारा वेतन से किसी भी प्रकार की वसूली या कटौती का निर्देश देने वाला आदेश न दिया गया हो।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने जितेंद्र कुमार चौधरी की याचिका को स्वीकार कर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी नोटिस को खारिज करते हुए पारित किया है, साथ ही विपक्षियों के लिए उचित फोरम के समक्ष आवेदन दाखिल

▸▸ न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने सुनाया फैसला

कर उपाय करने का रास्ता खुला छोड़ा है। इसके अलावा कोर्ट ने वसूल की गई राशि को समायोजित करने का निर्देश भी दिया है। दरअसल याची को जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नोटिस जारी की थी, जिसके तहत भरण-पोषण की राशि की कटौती याची के वेतन से की जाने की बात कही गई थी। इसी आदेश के खिलाफ याची द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि जिला विद्यालय निरीक्षक को अदालत के आदेश के निष्पादन अधिकारी के रूप में कार्य करने का कोई अधिकार नहीं है। एक शिक्षा प्राधिकारी होने के नाते जिला विद्यालय निरीक्षक याची को परिवार न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए आतंकित नहीं कर सकता है। इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 के प्रावधानों के अनुसार शैक्षणिक संस्थान से जुड़े किसी मुद्दे पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन मौजूदा मामले में कर्मचारी की सेवा या रोजगार से संबंधित कोई मामला नहीं था। अतः यहां अधिकारी की शक्ति का प्रयोग गैरकानूनी है।

वर्ग पहेली-345

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित 3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली - 344 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना	
	ण		3 धा	
	सा		4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	
	र		6 च	क	ई
		7 ब	ल		
8 पां	व		9 झूं	क	

सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			4					5
			9		3		1	
	8					6		9
		6			7			1
		3				7		
5			1				6	
6		1			8		3	
	2		3		9			6
4					5			7

सुडोकू - 61 का हल

1	2	8	9	5	4	3	6	7
6	5	3	2	1	7	9	8	4
4	7	9	3	6	8	2	5	1
9	4	2	5	7	3	8	1	6
8	6	5	1	4	2	7	9	3
3	1	7	8	9	6	5	4	2
2	9	1	6	3	5	4	7	8
5	3	4	7	8	1	6	2	9
7	8	6	4	2	9	1	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष — आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है।

मिथुन — आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

कर्क — आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह — आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्या — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

तुला — आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

वृश्चिक — आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर — आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

कुंभ — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

मीन — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत — सुबह : 10.19
सपूत — रात : 07.00
जर्सी — सुबह : 09.53
आंख मिचौली — रात : 10.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.54
बुलेट ट्रेन — रात : 09.00

SONY SMAX

ZEE CINEMA
एलोन — सुबह : 10.30
रईस — रात : 07.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना — दोपहर : 12.47
गोविंदा नाम तेरा — रात : 09.56

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी, गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है।

आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,

आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था।

अब ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

पेटीएम ने अपना मुख्य खाता एक्सिस बैंक से जोड़ा

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्त प्रौद्योगिकी फर्म वन97 कम्युनिकेशंस ने अपने मुख्य खाते को नियामकीय कार्रवाई में फंसे पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में स्थानांतरित कर दिया है। पेटीएम का नोडल खाता एक मास्टर खाते की तरह है जिसमें उसके सभी ग्राहकों, व्यापारियों के लेनदेन का निपटान किया जाता है। कंपनी ने शुक्रवार शाम को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों में जमा एवं लेनदेन 15 मार्च के बाद रोकने के आरबीआई के निर्देशों के बाद उठाया है। पेटीएम अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास अपने मुख्य खाते का संचालन करती रही है। लेकिन आरबीआई की सख्ती के बाद पेटीएम के सुचारू संचालन को लेकर भी संदेह उठने लगे थे।

सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय

लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,415
गिन्नी (प्रति नग)	47,250-47,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,600
सोना जेवरात गिन्नी	62,600
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,000।

कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा

और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

प्रधानमंत्री ने रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी

हरियाणा में रेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुएनरेंद्र मोदी ने 889.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 68.5 किलोमीटर लंबी रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन को आज रेवाडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया तथा रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रोहतक-महम-हांसी 68.5 किलोमीटर नई रेल परियोजना को हरियाणा राज्य सरकार के साथ 50:50 योगदान पर लागत साझेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी। रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्देश्य रेल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

मोदी ने 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है।

मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया'

गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

झारखंड में आईईडी धमाके में बुजुर्ग महिला की मौत

चाईबासा, एजेंसी

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में हुए विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मरादिरी गांव के पास एक जंगल में हुई, जहां माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाई थी। मरादिरी गांव के रहने वाले रंडई पूर्ति (56) जंगल में लकड़ी इकट्ठा करनी गई थी तभी वहां धमाका हो गया। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस का एक दल शुक्रवार को मौके पर पहुंचा और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया। एसपी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि माओवादी अब हताशा में निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि नक्सल विरोधी अभियान से उन पर अंकुश लग गया है।

झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

रांची। झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया

संदेशखालि हिंसा

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

कोलकाता। संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

खेल डायरी

मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

राजकोट, एजेंसी

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			445/10 (130.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट	112	225	9/2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9/1
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	04	24	0/0
ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान	46	104	2/3
रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान	37	89	6/0
जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड	26	28	3/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	03	21	0/0

अतिरिक्त: 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

इंग्लैंड (पहली पारी)			207/2 (35 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट नाबाद	133	118	21/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट नाबाद	09	13	1/0

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

बॉलीवुड हलचल

'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी। जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की

थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

संयुक्त राष्ट्र। तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देशीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देशीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर

डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देशीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन

को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

एक नजर

लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0 .2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

इजराइली छापेमारी के चलते बंद हुआ ऑक्सीजन, पांच की मौत

यरुशलम। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल में इजराइली सैनिकों द्वारा किए गए हमले में ऑक्सीजन बंद होने से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई। इजराइली सैनिक खान यूनिस में गुरुवार को नासिर अस्पताल को घेरकर छापेमारी कर रहे थे। इजराइली बल को आशंका है कि हमास द्वारा अगवा किए गए बंधकों या उनके शव यहां रखे हो सकते हैं। वहीं, शुक्रवार को दक्षिण इजराइल में एक हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने कहा, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि नासिर अस्पताल में छापा गुरुवार को तब मारा गया जब इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेर रखा था।

अमेरिका: हत्या के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

अलास्का। अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा को एफआईए ने किया तलब

इमरान खान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

सरकार गठन को लेकर पीएमएलएन-पीपीपी की बैठक टली

पाकिस्तान में सरकार गठन को अंतिम रूप देने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी समन्वय समितियों के बीच होने वाली बैठक टल कर दी गई है। इसके पीछे का कारण पीएमएल-एन ने अभी तक पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ इस मामले पर राय नहीं ली है, साथ ही कई मुद्दों पर असहमति बताई जा रही है। पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के गठन की जोर अजमाइश के लिए सत्ता का फॉर्मूला तय करने के लिए दोनों पार्टियों के बीच दूसरे दौर की बातचीत अब शनिवार को होगी। गौरतलब है कि पीपीपी ने सरकार के गठन के लिए पीएमएल-एन को समर्थन देने का वादा किया है। पीपीपी और पीएमएल-एन और समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच निर्धारित दूसरे दौर की बातचीत गुरुवार को नहीं हो सकी, क्योंकि दोनों पक्षों ने अपनी पहली बैठक में आए प्रस्तावों का आकलन करने के लिए और समय मांगा। नेशनल असेंबली में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटें जीतीं। पूर्व पीएम नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन को 75 सीटें मिलीं और पीपीपी ने 54, एमक्यूएम-पी ने 17 सीटें हासिल कीं। अन्य पार्टियों में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम ने चार सीटें। पीएमएल-कायद ने तीन और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी ने दो-दो सीटें जीतीं। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटें जीतनी होंगी।

इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं।

मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए, इंटरनेट सेवाएं ठप

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है।

अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

न्यूयॉर्क, एजेंसी। कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है।

सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था। हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

अमेरिकी और ब्रिटिश समकक्ष से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

म्यूनिख, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई।

जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई। समझा जाता है कि दोनों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

इससे पहले विदेश मंत्री ब्रिटिश समकक्ष कैमरन के साथ भी बैठक की। वह पेरू और बुल्गारिया के मंत्रियों से भी मिले। उन्होंने कहा कि कैमरन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखालि विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखालि विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखालि के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें। याचिका में संदेशखालि के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखालि मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। सीजेआई ने कहा कि हम इसे लिस्ट करेंगे फिर विचार करेंगे।

शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा

- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु में भारी परिवर्तन की आशंका

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

फैक्टरी में जिंदा जले 11 में से 8 की हुई पहचान, जांच जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

दिल्ली के अलीपुर में गुरुवार को फैक्टरी में लगी भीषण आग में जिंदा जले मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मृतकों में से आठ की पहचान संभव हो सकी है। अज्ञात शवों के लिए डीएनए जांच कराई जा सकती है।

पुलिस ने बताया कि, घटना किस कारण से हुई जांच शुरू कर दी गई। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मारे गए आठ लोगों की पहचान अशोक कुमार जैन (62), राम सूरत सिंह (44), विशाल गौंड (19), अनिल ठाकुर (46), पंकज कुमार (29), शुभम (19), मीरा (44) और बृजकिशोर (19) के तौर पर हुई।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला।